खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 15°C

हल्द्वानी, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 216 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper



## संक्षिप्त समाचार

### दादरी रैली के बाद बदली सरकार की भाषा : अखिलेश

**लखनऊ (ब्यूरो)।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि दादरी की रैली के बाद भाजपा सरकार की भाषा ही बदल गई है और भाजपा अब अपने कामों को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। यादव ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में आरोप लगाया कि भाजपा अब मेट्रो और रिवर फ्रंट जैसी परियोजनाओं का श्रेय लेने की कोशिश कर रही है, जबकि ये काम सपा सरकार के दौरान शुरू हुए थे। उन्होंने कहा कि जनता पूछ रही है कि भाजपा सच बोल रही है या 'असर' का 'असर' दिखाने की कोशिश कर रही है। भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में भ्रष्टाचार और अव्यवस्था बढ़ी है।

### कफ सिरप तस्करी मामले में छह पकड़े

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के चर्चित कफ सिरप तस्करी मामले में बुधवार को वाराणसी की कोतवाली पुलिस और विशेष जांच दल (एसआईटी) ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हवाला के 42 लाख रुपये, नोट गिनने की तीन मशीनें और दस मोबाइल फोन बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों में नई दिल्ली के मूल निवासी अशोक, राजस्थान के बीकानेर निवासी मोहित, राम अवतार, गिरधारी, गाजीपुर निवासी संतोष गिरी और बलिया निवासी ओम प्रकाश शामिल हैं। इन सभी के नाम सरगना शुभम जायसवाल के करीबी हवाला कारोबारी वैभव जायसवाल की गिरफ्तारी के बाद सामने आए। पूछताछ में पता चला कि ये सभी हवाला कारोबार और कफ सिरप तस्करी से अर्जित अवैध धन के हेर-फेर के नेटवर्क को संचा. लित करते थे। जैतपुरा थाना क्षेत्र के संजय गांधी नगर कॉलोनी में इन्होंने अपने काले कारोबार का पूरा अड्डा बना रखा था।

### सैनिकों को मिले सम्मान, जिसके हैं वे हकदार: राहुल गांधी

# पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही सरकार: कांग्रेस



- 72 लाख से भी अधिक पूर्व सैनिक और उनके परिवार स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इस योजना पर निर्भर हैं
- यदि कोई सैनिक सेवा में है, तो उसकी विकलांगता पेंशन पर टैक्स लगाया जाएगा

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार पूर्व सैनिकों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है जिसके कारण उनका संकट लगातार गहराता जा रहा है।

गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सरकार उन पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही है जिन्होंने देश की सेवा की है। सरकार को पूर्व सैनिकों को वह सारी सुविधाएं देनी चाहिएए जिसके वे हकदार हैं। कांग्रेस नेता ने पूर्व सैनिकों से हुई एक मुलाक. ात का हवाला देते हुए कहा कि जनसंसद में कुछ दिन पहले देश की रक्षा में घायल होने वाले पूर्व सैनिकों से मुलाकात हुई। उन्होंने एक्स सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम में प्रतिपूर्ति में देरी, दवाइयों की कमी, अस्पतालों का इलाज से इनकार या बकाया राशि का भुगतान नहीं होने के कारण योजना से बाहर हो जाने जैसी गंभीर कमियों के बारे में बताया। मैंने जब यह मुद्दा संसद में उठाया, तो मोदी सरकार ने मेरे सवालों को टालने की कोशिश की। कैग ने कहा है कि ईसीएचएस को पर्याप्त धनराशि नहीं मिल रही है, लेकिन सरकार ने यह जवाब देने से मना कर दिया। विकलांग पूर्व सैनिकों के लिए टैक्स छूट से जुड़े मेरे सवाल को भी नजरअंदाज कर दिया। इसी बीच वित्त विधेयक में यह प्रस्ताव रखा गया है कि यदि कोई सैनिक सेवा में बना रहता है, तो उसकी विकलांगता पेंशन पर टैक्स लगाया जाएगा।

### असम के सीएम हिमंता भ्रष्टाचारी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने असम विधानसभा चुनाव में अपने प्रचार अभियान में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार देते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने यह भी कि राज्य में नफरत और डर का माहौल बनाया जा रहा है, जबकि असम की पहचान आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता से रही है। उन्होंने महान हस्तियों की विरासत का उल्लेख करते हुए लोगों को जोड़ने और प्रेम का संदेश आगे बढ़ाने की बात कही।

### विपक्ष की सशस्त्र पुलिस बल विधेयक जेपीसी को भेजने की मांग

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष ने कहा है कि सशस्त्र पुलिस बल विधेयक सरकार जल्दबाजी में लाई है और इसमें गहनता से विचार करने की आवश्यकता है इसलिए विधेयक को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेजा जाना चाहिए। लोकसभा में कांग्रेस के हरीश चंद्र मीणा ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक 2026 पर चर्चा की शुरुआत करते हुए गुरुवार को कहा कि विधेयक को जिस तरह से पेश किया गया है वह जल्दबाजी में लाया गया प्रतीत होता है।

## जरूरतमंद को आवास, बीमार को इलाज प्राथमिकता: योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखपुर प्रवास के दौरान गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने जरूरतमंदों को आवास और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए हर संभव आर्थिक सहायता देने का भरोसा दिलाया।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने बैठे लोगों के बीच पहुंचकर एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक तरीके से किया जाए। पुलिस से जुड़े मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई, जिस पर मुख्यमंत्री ने उसे सरकारी आवास योजना के तहत घर दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं, गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद मांगने आए लोगों से उन्होंने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जरूरतमंद मरीजों के इलाज का इस्टीमेट जल्द तैयार कर उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें शीघ्र मदद मिल सके। उन्होंने आए बच्चों को चॉकलेट देकर उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार हर पात्र व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और जनता की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड-अल्मोड़ा।

पत्रांक: 04 / ग्रा0नि0वि0/निविदा/2025-26 दिनांक- 02/04/2026

**ई-निविदा शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के अल्पकालीन निविदा सूचना पत्रांक सं0 1947/ ग्रा0नि0वि0/ दो-लेखा/निविदा/2025-26 दिनांक 25.03.2026 के द्वारा आमंत्रित निविदा जो दिनांक 10.04.2026 को सांय 4.00 बजे तक विक्रय कर दिनांक 11.04.2026 को 2.00 बजे खोली जानी है, के क्रमांक 02 पर अंकित कार्य की श्रेणी ई0 एवं उच्चतर के स्थान पर श्रेणी डी0 एवं उच्चतर पढ़ा जाय। शेष शर्ते यथावत् रहेगी।

**अधिशासी अभियन्ता,**
ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड-अल्मोड़ा।

## BRIDCUL (ब्रिडकुल)

ब्रिज, रोपवे, टनल एण्ड अदर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड (उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास निगम लिमिटेड
इकाई कार्यालय: अवस्थापना भवन, राजकीय आई0टी0आई0 निरंजनपुर के सामने, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून- 248001
टैलीफैक्स- 0135-2522941, ई-मेल - pmbridcul.ddn@gmail.com CIN No. U45203UR2008SGCO32591

Ref No: - 12/BRIDCUL-233/26 **E-Tender** Dated: 02/04/2026

**NIT No. (BRIDCUL/PU/DDN/2025-26)**

On behalf of Hon'ble Governor of Uttarakhand, MD, BRIDCUL, invites E-Tender for the following work from Contractors Empanelled with BRIDCUL in Civil work Category-III (upto 2 Crore):-

| S. No. | Name of work | Estimated Cost with GST (In Lac) | Bid Security/ EMD (In Lac.) | Cost of Tender Document | Document Download Start Date | Bid Submission End Date | Date of Technical Bid Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation work at Registration Cum Transit Camp Rishikesh (Dehradun) Uttarakhand | 37.46 | 0.75 | ₹ 5000/- + 18% GST | 06.04.2026 | 20.04.2026 | 20.04.2026 |

The details of e-tender of above work can be obtained directly from website **https://www.uktenders.gov.in.** Changes if any will be intimated only through our website **https://www.uktenders.gov.in.**

**Project Manager BRIDCUL**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, बाजपुर

ई-मेल- twdbazpur@gmail.com

पत्रांक: 374/न0ख0बा0/निविदा/2026-27 दिनांक: बाजपुर 01/04/2026

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना सं0-01/अ0अ0/2026-2027, दिनांक 01.04.2026**

| जॉब सं0 | कार्य का विवरण | मात्रा | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य GST कर अतिरिक्त (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि/दिवस |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Supply of PVC Pipes 200 mm dia for water supplies in light gray colour 0.4 M.P.A working pressure with socket & solvent cement (in 6 meter length) I.S.I mark including proper stacking in central store at Bazpur as per IS 4985:2021. | 4000.00 MTR | 47500.00 | 1500+18% | 2 Month |
| 02 | Supply of PVC Pipes 160 mm dia for water supplies in light gray colour 0.4 M.P.A working pressure with socket & solvent cement (in 6 meter length) I.S.I mark including proper stacking in central store at Bazpur as per IS 4985:2021 . | 1500.00 MTR | 25500.00 | 1000+18% | 2 Month |

-: ई-निविदा से सम्बन्धित सारणी :-

| | |
|---|---|
| 1:-निविदा प्रपत्र की वेबसाईट पर उपलब्धता की तिथि व समय बजे के बाद | दिनॉक 04.04.2026 पूर्वान्ह 10:00 बजे के बाद |
| 2:-वेवसाईट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि व समय बजे के बाद | दिनॉक 04.04.2026 पूर्वान्ह 11:00 बजे के बाद |
| 3-वेबसाईट में निविदा जमा करने की प्रारम्भिक तिथि व समय | दिनॉक 04.04.2026 अपरान्ह 01:00 बजे के बाद |
| 4-वेबसाईट में निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनॉक 15.04.2026 अपरान्ह 05:00 बजे तक |
| 5-कार्यालय में निविदा प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनॉक 16.04.2026 अपरान्ह 01:00 बजे तक |
| 6:-वेबसाईट पर तकनीकी विड खोले जाने की तिथि व समय | दिनॉक 16.04.2026 अपरान्ह 02:00 बजे |
| 7:-निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी का नाम व पता | अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, बाजपुर। |

8:-निविदा से सम्बन्धित सूचना यदि कोई हो, जैसे शुद्वि-पत्र/परिशिष्ठ/निरस्तीकरण, वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।
9:-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनाऐं वेबसाईट http:\\www.uktenders.gov.in पर उपलब्ध होगी।

(राजेश कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप खण्ड बाजपुर

## कार्यालय नगर निगम, रूड़की, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड

पत्रांक:- 4 /सूचना/नामपरि0/कर-अनु0/न0नि0रूड़की /2025-26 दिनांक- 01.04.2026

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(1)ख के अन्तर्गत नगर निगम रूड़की के भवन कर अभिलेखो मे नाम परिवर्तन हेतु निम्न आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी व्यक्ति को इन नामान्तरण/नामान्तरणो पर आपत्ति हो तो वह मय साक्ष्यों के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। और नामान्तरण पर अन्तिम निर्णय उपलब्ध अभिलेखो के अनुसार कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 व मौहल्ले का नाम | आवेदक /क्रेता का नाम | भवन कर अभिलेखो में दर्ज नाम जो निरस्त होना है। | स्वामित्व/अधिकार प्राप्ति का अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 324/1, सि0 ला0 | श्री दिनेश कुमार पुत्र स्व0 तारेराम व श्रीमति सविता पत्नि स्व0 मनोज कुमार | श्री तारेराम पुत्र श्री सुखे | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 2 | 15,15(1), पुरानी ता0 | श्री अनमोल गुप्ता पुत्र संजीव गुप्ता | डा0 जितेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र कर्मचन्द | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 3 | 16, पुरानी ता0 | श्री अनमोल गुप्ता पुत्र संजीव गुप्ता | डा0 जितेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र कर्मचन्द | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 4 | 1670,सिविल लाईन | श्री ईशांक पुत्र स्व0 विजयपाल सिंह व श्रीमति सुजाता पत्नि स्व0 विजयपाल सिंह | श्री विजयपाल सिंह पुत्र स्व0 धन सिंह | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 5 | 144, रामनगर | श्री रोहित कालरा पुत्र झांगी राम | श्री राकेश भाटिया व अलका भाटिया पत्नि राकेश भाटिया | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 6 | 346/3, नेहरूनगर | श्री सुनील कुमार सिंगल पुत्र स्व0 साधूराम | श्री साधुराम पुत्र स्व0 उमराव सिंह | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 7 | 93, सिविल लाईन | श्री गजेन्द्र चौधरी पुत्र स्व0 बक्शे राम | श्रीमति चन्द्रा सैनी पत्नि सनी चार्ल्स | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 8 | 99, राजपुताना परि0 | श्री शाहिल पुत्र जाकिर हसन | श्रीमति दीपा बसंल पत्नि विकास बंसल व दीपक बंसल पुत्र नवल किशोर बंसल | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 9 | 1242, चावमण्डी | श्री नरेश प्रसाद उर्फ नरेश नोटियाल पुत्र मायाराम | श्री मायाराम नोटियाल पुत्र स्व0 गोरीदत्त नोटियाल | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 10 | 543/1, गणेशपुर | श्रीमति ज्योति पत्नि गौरव सिंह | श्रीमति विनीता देवी पत्नि सुनील दत्त | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 11 | 742/20, सत्ती | श्रीमति अतिया पत्नि शुऐब आलम | मौहम्मद अरशद हुसैन पुत्र मरहूम अब्दुल कय्यूम | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 12 | 623, सत्ती | श्री आसिफ पुत्र मौ0 युसुफ | मौ0 आबिल पुत्र मौ0 हनीफ | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 13 | 740, चावमण्डी | श्री अजय सैनी पुत्र स्व0 मलाचन्द सैनी | श्री मालचन्द सैनी पुत्र श्री चौहल सिंह | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 14 | 335/1, नेहरूनगर | श्री प्रमोद कुमार गुप्ता व राकेश कुमार गुप्ता पुत्रगण स्व0 श्री राम अवतार | श्री राम अवतार पुत्र स्व0 कुंन्दन लाल | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 15 | 278, बी0टी0 गंज | श्री सुधीर तायल व प्रभात तायल पुत्रगण स्व0 सुरेश चंद तायल | श्री सुरेश चन्द तायल पुत्र आत्माराम | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 16 | 270, मकतूलपुरी | रमेश चन्द सैनी पुत्र स्व0 केहर सिंह सैनी | श्री प्रभजीत सिंह पुत्र भगवान सिंह | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 17 | 137,मलकपुर | कर्नल जगदीप सिंह पुत्र स्व0 के0के0 सिंह | श्री के0 के0 सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 18 | 1009(1), रामनगर | तेजिन्द्रपाल सिंह पुत्र स्व0 अमर सिंह आनन्द | श्री गुरचरण सिंह पुत्र अमर सिंह | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 19 | 843, अ0 ता0 परि0 | श्रीमति फरजाना मलिक पत्नि इसरार मलिक | श्रीमति गुरमीत कौर पत्नि श्री योगेन्द्र सिंह | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 20 | 414, आदर्शनगर | श्री सचिन सिंह पुत्र विजय सिंह | श्री रवि प्रकाश सिंह पुत्र धन चरण सिंह | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 21 | 690/3, मलकपुर | श्रीमति बीना पत्नि श्री मुकेश कौशल | श्रीमति बशू देवी पत्नि श्री प्रताप सिंह | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 22 | 927/2डी-बी, आदर्शनगर | श्रीमति अंजली सैनी पत्नि अभिषेक धीमान | श्री राकेश कुमार पुत्र स्व0 ओम प्रकाश भूटानी | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 23 | 189, बी0टी0 गंज | इन्तजार व इस्तिखार अली पुत्रगण जलील अहमद व जमशैद अली पुत्र जान आलम | श्रीमति तहजीबा पत्नि हाकम अली | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 24 | 206, बी0टी गंज | इन्तजार व इस्तिखार अली पुत्रगण जलील अहमद व जमशैद अली पुत्र जान आलम | श्रीमति तहजीबा पत्नि हाकम अली | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 25 | 166, पूर्वीदीनदयाल | अनीस अहमद, शफीक अहमद, अतीक अहमद, नदीम अहमद, सलीम अहमद, नफीस अहमद, पुत्रगण स्व0 रफीक अहमद | श्री बुदधु उर्फ बदरूद्दीन पुत्र स्व0 जमालूद्दीन | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 26 | 152, पुरानी तहसील | राजेन्द्र पुत्र राजकुमार व नेहा पत्नि अशोक | श्री राजकुमार पुत्र किशन लाल | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 27 | 96, पठानपुरा | श्री अफरोज बानो पत्नि गुलजार हुसैन | श्री वजीह अख्तर शरफानी पुत्र स्व0 लतीफ अहमद शरफानी | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 28 | 302, पूर्वीदीनदयाल | श्रीमति ऐरन गौड पुत्री श्री रूपेश शर्मा पत्नि श्री सुमित शर्मा | श्री दिनेश कुमार, विनोद कुमार पुत्र वीर सिंह | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 29 | 390, शेखपुरी | श्री आदेश कुमार पुत्र स्व0 मान सिंह | श्री गेन्दाराम पुत्र रज्जन C/o मान सिंह | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 30 | 390/ए, शेखपुरी | श्री सुरजीत सिंह पुत्र स्व0 मामराज सिंह | श्री गेन्दाराम पुत्र रज्जन C/o मामराज | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 31 | 390/बी, शेखपुरी | श्री राजबीर सिंह पुत्र स्व0 रामदास | श्री गेन्दाराम पुत्र रज्जन C/o मामराज | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 32 | 870, अ0 ता0 पश्चि0 | श्रीमति पिंकी वर्मा पुत्री स्व0 ब्रजपाल सिंह | हनुमन्त गोयल पुत्र स्व0 रामेश्वर प्रसाद गोयल | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 33 | 850/1, रामनगर | श्रीमति रीतू मिगलानी पत्नि अमन अरोडा | नीरज कुकडेजा पुत्र जगदीश लाल कुकडेजा | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 34 | 252/1, राजपूताना पश्चिमी | श्रीमति रीना पत्नि राजेश | श्रीमति रेनू तायल पत्नि प्रवीण कुमार तायल व तनवी तायल पत्नि हर्षूल कुमार तायल | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 35 | 324/1, सिविल लाईन | श्री अमित सिंह पुत्र शीशपाल सिंह | श्री दिनेश कुमार पुत्र स्व0 तारेराम व सविता पत्नि स्व0 मनोज कुमार | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 36 | 588/2, गणेशपुर | श्रीमति मंजू सैनी पत्नि ब्रिजेश | विनोद कुमार व जितेन्द्र कुमार पुत्रगण भोपाल सिंह | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 37 | 291, रामनगर | श्रीमति उषा पत्नि सोहन लाल | श्रीमति पूर्णिमा बुग्गा पत्नि आर0के0 बुग्गा | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 38 | 166, पूर्वीदीनदयाल | श्री कमलेश कुमार अग्रवाल पुत्र शम्भू दयाल अग्रवाल | श्री अनीस अहमद, शफीक अहमद, नफीस अहमद, अतीक अहमद, नदीम अहमद, सलीम अहमद पुत्रगण स्व0 रफीक अहमद | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 39 | 390/ए, शेखपुरी | श्री जगदीश पुत्र श्री मामराज | श्री गेन्दाराम पुत्र रज्जन C/o मामराज | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 40 | 791, अ0 ता0 पश्चि0 | श्रीमति सुमन अग्रवाल पत्नि विनोद अग्रवाल | प्रियंका अग्रवाल पत्नि श्री संजय अग्रवाल | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 41 | 201/1, पुरानी ता0 | श्रीमति बबिता पत्नि श्री राजाराम | श्री नितिन त्यागी पुत्र अशोक त्यागी | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 42 | 336, रामनगर | श्री तजिन्द्र सिंह पुत्र स्व0 गुरमीत सिंह | श्री सुखविन्दर सिंह पुत्र गुरूमीत सिंह | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 43 | 139/4, माहिग्रान | श्रीमति बेबी पत्नि स्व0 सुभाष | श्री सुभाष उर्फ बसंत पुत्र त्रिलोक चन्द | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 44 | 989(1-6), रामनगर | श्री दिनेश माटा पुत्र कर्मचन्द माटा | श्री अरूण चान्दना व अनुराग चान्दना पुत्रगण दिलबाग राय व उषा चान्दना पत्नि स्व0 दिलबाग व वैशाली पत्नि पंकज मेहन्दीरत्ता | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 45 | 989/1, रामनगर | श्री दिनेश माटा पुत्र कर्मचन्द माटा | श्री अरूण चान्दना व अनुराग चान्दना पुत्रगण दिलबाग राय व उषा चान्दना पत्नि स्व0 दिलबाग व वैशाली पत्नि पंकज मेहन्दीरत्ता | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 46 | 1484/7, सि0ला0 | श्री पंकज चावला पुत्र स्व0 प्रेम सागर | श्री प्रेमसागर पुत्र स्व0 सरदारी लाल | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 47 | 367, अ0 ता0 पूर्वी | श्री संजय कुमार पुत्र श्री मदनलाल | श्री संजय सिंघल पुत्र स्व0 भूषण लाल सिंघल व मोना सिंघल पत्नि संजय सिंघल | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 48 | 390, शेखपुरी | श्री तिलक चन्द पुत्र स्व0 मामचन्द | श्री गेन्दाराम पुत्र रज्जन C/o मान सिंह | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 49 | 9, अ0 ता0 पश्चि0 | श्रीमति रिजवाना पत्नि गुल मौहम्मद | श्रीमति श्वेता अरोरा पत्नि नितिन अरोरा | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 50 | 729/4, सिविल लाईन | श्रीमति प्रतिभा पत्नि सुभाष चन्द | श्री मनोज जैन पुत्र सुभाष चन्द जैन व राखी जैन पत्नि मनोज जैन | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 51 | 1381/4ए, गणेशपुर | श्री कपिल देव पुत्र हरि सिंह | श्रीमति प्रतिभा पत्नि रजनीश कुमार | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 52 | 706/2, आदर्शनगर | श्रीमति मंजु पत्नि सुरेन्द्र कुमार शर्मा | श्री हर्ष गोस्वामी पुत्र अनिल कुमार गोस्वामी | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 53 | 658, पूर्वावल्ली | श्री अनुराग उर्फ अनुराग त्यागी पुत्र कृष्णा स्वरूप त्यागी | श्रीमति उर्मिला त्यागी पत्नि कृष्ण स्वरूप | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 54 | 1456, सिविल ला0 | श्री शरद गुप्ता पुत्र मामचन्द गुप्ता | मनोज कुमार गोयल पुत्र जयप्रकाश गोयल | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 55 | 209, चावमण्डी | श्री विवेक कुमार पुत्र स्व0 गिरधारी लाल | श्री प्रवेश पुत्र गिरधारी लाल व श्रीमति सुमित्रा देवी पत्नि गिरधारी लाल | शपथ-पत्र दान-पत्र |
| 56 | 1389, अ0 ता0 परि0 | श्री मनोज कुमार गोयल पुत्र स्व0 जय प्रकाश गोयल | श्रीमति वीना रानी मित्तल पत्नि जितेन्द्र कुमार मित्तल | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 57 | 512, चावमण्डी | श्रीमति अंजलि पत्नि स्व0 अजय कुमार | श्री अजय कुमार पुत्र लक्ष्मीकांत | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 58 | 1704/1, सिविल ला0 के जुज भाग में | श्री कमल जैन पुत्र वीरेन्द्र कुमार जैन व मीता अग्रवाल पत्नि कमल जैन | श्री सौरभ गोयल पुत्र स्व0 अतुल कुमार गोयल | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 59 | 145, गणेशपुर | श्री प्रवेश कुमार पुत्र स्व0 बाबूराम माता का नाम स्व0 श्रीमति हेमलता व प्रवीण कुमार पुत्र स्व0 बाबूराम माता का नाम स्व0 श्रीमति हेमलता | श्रीमति हेमलता पत्नि स्व0 बाबू राम | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 60 | 33, आवास विकास | श्रीमति नेहा सिंघल पत्नि गौरव सिंघल व सुरभि सिंघल पत्नि विनित सिंघल | श्री संजीव गुलाटी पुत्र कृष्ण लाल गुलाटी | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 61 | 469, आवास विकास | श्रीमति प्रीति गुप्ता पत्नि अभय कुमार गुप्ता | श्रीमति दीप्ती श्रीवास्तव पत्नि मनजीत कुमार श्रीवास्तव | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 62 | 180/ए, सत्ती | श्री उस्मान पुत्र सईद अहमद | श्री रामस्वरूप पुत्र श्री सुन्दर सिंह व सरस्वती पत्नि रामस्वरूप | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 63 | 208(8), बी.टी.गंज | श्री मुकेश वर्मा पुत्र अशोक कुमार | श्री सुरभि भल्ला पत्नि श्री गगन भल्ला | शपथ-पत्र,विक्रय-पत्र |
| 64 | 86, पूर्वीदीनदयाल | श्री नवीन कुमार शर्मा पुत्र धर्मवीर शर्मा | श्री धर्मवीर पुत्र लशकरी लाल | शपथ-पत्र,मृत्युप्रमाण-पत्र |
| 65 | 933, रामनगर | श्रीमति सरोज चांदना पत्नि विजय चांदना | श्री विजय चांदना पुत्र स्व0 लक्ष्मण दास चांदना | शपथ-पत्र दान-पत्र |

कर-लिपिक
नगर निगम रूड़की

कर-अधीक्षक
नगर निगम रूड़की

CMYK

अधिकतम : 31° C
न्यूनतम : 18° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 216 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 14 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




सैनिकों को मिले सम्मान जिसके हैं वे हकदार: राहुल गांधी पेज 2



पंजाब किंग्स का हरफनमौला संतुलन रंग लाएगा खेल टाइम्स



सुधार या बोझ? आम आदमी की जेब पर लगातार पड़ता भार सम्पादकीय



अमेरिका ने जमीनी हमला किया, तो कोई जिंदा नहीं बचेगा : ईरान पेज 12

# मालदा मामले पर CJI सख्त

## एसआईआर प्रक्रिया में तैनात न्यायिक अधिकारियों के साथ हुई हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया

## पूछा: मालदा के डीएम-एसपी क्यों नहीं गए, ये अदालत को चुनौती देने जैसा, बंगाल सरकार को भी लगाई फटकार, वरिष्ठ अफसरों को नोटिस जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया में तैनात न्यायिक अधिकारियों के साथ हुई हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाओं पर गंभीर रुख अपनाया है। इसे ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के मनोबल को प्रभावित कर' और न्यायालय के अधिकार को चुनौती करार दिया।

इस मामले पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने स्वत: संज्ञान लेते हुए सख्त टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के डीएम और पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रवैये पर भी सख्त टिप्पणी की। न्यायालय ने राज्य में बुधवार को हुई घटनाओं के संबंध में कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मिले खत के आधार पर इस मामले को बेहद जरूरी बताते हुए संज्ञान में लिया।सीजेआई सूर्यकांत ने पूछा कि दोनों अधिकारी मौके पर क्यों नहीं पहुंचे। सात न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे तक बंधक बनाकर रखे जाने का ये मामला बेहद गंभीर है।



सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि वह न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती कराए। कोर्ट ने सभी स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू करने, आम लोगों की आवाजाही सीमित करने और अधिकारियों और उनके परिवारों को किसी भी खतरे का तत्काल आकलन करने का आदेश दिया है।

उन्होंने कहा कि ये मामला अदालत को चुनौती देने जैसा है। कोर्ट ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार को भी फटकार लगाई। सीजेआई ने कहा कि मालदा में हुई हिंसा की घटना न्यायपालिका पर दबाव बनाने के साथ-साथ कानून-व्यवस्था को भी चुनौती देने की तरह है। कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने के मामले में सरकार के रवैये को लचर बताया और कहा कि इस मामले में तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस घटना को न्याय प्रशासन में बाधा डालने की सुनियोजित और दुस्साहसी कोशिश करार दिया। कोर्ट ने कहा कि सात न्यायिक अधिकारियों, जिनमें तीन महिला अधिकारी भी शामिल हैं, को घंटों तक बिना सुरक्षा, भोजन और पानी के छोड़ दिया गया, जबकि राज्य प्रशासन को पहले से सूचना दी गई थी। अदालत ने इस मामले में राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों- मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उनके रवैये को बेहद निंदनीय बताते हुए पूछा है कि समय रहते प्रभावी कदम क्यों नहीं उठाए गए।

### कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा अपील किए जाने के बाद अफसरों को मुक्त कराया जा सका

**नई दिल्ली।** तीन महिला अधिकारियों सहित 7 न्यायिक अधिकारी मालदा जिले के एक गांव में एसआईआर न्यायिक- निर्णय संबंधी कार्यों को पूरा कर रहे थे, तभी ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। इन अधिकारियों को दोपहर 3:30 बजे से आधी रात तक बंधक बनाकर रखा गया और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा राज्य प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपील किए जाने के बाद ही उन्हें मुक्त कराया जा सका। पीठ ने इस घटना पर गहरी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का सभी पक्षों द्वारा स्वागत किया जाना चाहिए, क्योंकि वे तटस्थ एजेंट के रूप में कार्य करते हैं, लेकिन अब उन्हें भी हमलों से नहीं बख्शा जा रहा है।

# बंगाल में मतदाता सूची पर बवाल मालदा में विरोध प्रदर्शन जारी

## ईसी अफसरों पर आरोप, वैध कागज पर भी काट रहे नाम



कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** के मालदा में गुरुवार सुबह से एक नया विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। इस बार पुराने मालदा ब्लॉक के मंगलबाड़ी इलाके में। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वैध दस्तावेज होने के बावजूद उनके कई नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

गुरुवार को रात में कुछ घंटों के लिए खोले जाने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 को फिर से अवरुद्ध कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने टायरों में आग लगा दी और सड़क को बांस से अवरुद्ध कर दिया। स्थिति पर नजर रखने के लिए मालदा पुलिस स्टेशन की पुलिस टीमों और सीएपीएफ के जवानों को नाकाबंदी स्थल पर तैनात किया गया है। बुधवार को कालियाचक प्रदर्शन में उठाई गई मांगों को

- राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 को जाम कर प्रदर्शनकारियों ने टायरों में लगाई आग
- प्रदर्शन के मद्देनजर राज्य राजमार्ग पर भी कई स्थानों पर पुलिस की चौकियां स्थापित की गई

लेकर गुरुवार को पुराने मालदा ब्लॉक में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सभी वैध दस्तावेज होने के बावजूद मतदाता सूची से उनके नाम हटाए जाने के विरोध में वे प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार सुबह से ही मालदा के विभिन्न इलाकों में लोग अपने नाम हटाए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग काफी देर तक अवरुद्ध रहा और न्यायिक अधिकारियों को भी घेर लिया गया। बाद में देर रात उन्हें रिहा कर दिया गया। बुधवार रात को मालदा के कालियाचल में जमा हुई भीड़ सुबह से वहां नजर नहीं आई। लोग सुबह से सड़कों पर निकलने भी लगे हैं। हालांकि, दबा हुआ तनाव अभी भी बरकरार है। गुरुवार सुबह से ही उन इलाकों में पुलिस ने चौकियां लगा रखी हैं, जहां रात में विरोध प्रदर्शन हुए थे। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 और मालदा-मोथाबारी राज्य राजमार्ग पर भी कई स्थानों पर पुलिस की चौकियां स्थापित की गई हैं। इलाके में सुबह से ही पुलिस की मौजूदगी साफ तौर पर देखी जा सकती है। पुलिस के मुताबिक, खुफिया शाखा को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में 38424 करोड़ के सर्वोच्च स्तर पर

**नई दिल्ली।** देश का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक के सर्वोच्च स्तर 38,424 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार एक वक्तव्य में कहा कि यह राशि पिछले वित्त वर्ष के 23,622 करोड़ रुपये के आंकड़े से 14,802 करोड़ रुपये (62.66 प्रतिशत) अधिक है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों और निजी क्षेत्र का योगदान क्रमश: 54.84 प्रतिशत और 45.16 प्रतिशत रहा है। मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय रक्षा उद्योग की यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को विश्व के शीर्ष रक्षा निर्यातकों में स्थान दिलाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन विभाग, भारतीय रक्षा निर्यातकों और अन्य सभी हितधारकों के इस अनुकरणीय प्रदर्शन की सराहना की है।

### जग्गी हत्याकांड: अजीत जोगी का बेटा अमित दोषी करार

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को दोषी करार दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने उन्हें तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है। सीबीआई के साक्ष्य को स्वीकार करते हुए फैसला सुनाया गया है। वहीं फैसले पर अमित जोगी ने कहा कि हाईकोर्ट ने पूरी सुनवाई का मौका दिए बिना उन्हें दोषी ठहरा दिया, जो उनके लिए अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि उनके साथ अन्याय हुआ है। सुनवाई के दौरान सतीश जग्गी ने कोर्ट को बताया कि उनके पिता की हत्या एक राजनीतिक साजिश के तहत कराई गई थी। सीबीआई ने 11 हजार पन्नों की चार्जशीट पेश की थी, जिसमें हत्या से जुड़े पर्याप्त साक्ष्य शामिल हैं। इन तथ्यों के आधार पर हाईकोर्ट ने सीबीआई की अपील स्वीकार करते हुए अमित जोगी को सरेंडर करने का आदेश दिया।

### दिल्ली हाईकोर्ट में एएनआई- ओपन एआई केस का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एएनआई और ओपन एआई से जुड़े मामले में सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एएनआई ने ओपन एआई पर चैटजीपीटी को ट्रेन करने के लिए उसकी खबरों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। एएनआई का आरोप है कि ओपन एआई ने वेब टूल्स के माध्यम से उसका कंटेंट इकट्ठा किया और बिना परमिशन- भुगतान उसकी खबरों का इस्तेमाल कर चैटजीपीटी को ट्रेन किया। एएनआई के मुताबिक यह फेयर डीलिंग के नियमों में नहीं आता, क्योंकि इसका उपयोग कमाई और व्यवसाय के लिए किया जा रहा है। ओपन एआई ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि सिस्टम सिर्फ इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी से पैटर्न सीखता है। मॉडल पूरा आर्टिकल कॉपी नहीं करता। ओपन एआई ने कहा कि आगे की ट्रेनिंग के लिए एएनआई की वेबसाइट ब्लॉक कर दी गई है। इस मामले का सबसे बड़ा मुद्दा भारतीय कानून में फेयर डीलिंग की सही व्याख्या है।

# आई-पीएसी के दिल्ली बेंगलुरु व हैदराबाद के ठिकानों पर ईडी की रेड

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को पॉलिटिकल कंसल्टेंट कंपनी आई-पीएसी के तीन ठिकानों पर छापेमारी की। टीम दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद में कंपनी के दफ्तरों पर कार्रवाई कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, छापेमारी कोयला चोरी और घोटाले से जुड़े मामले में हो रही है।

कंपनी के को-फाउंडर और डायरेक्टर ऋषि राज सिंह के ठिकाने भी इस कार्रवाई के दायरे में हैं। आई-पीएसी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के लिए चुनाव मैनेजमेंट का काम देखती है। आई-पीएसी और उसके डायरेक्टर पर करोड़ों रुपये के

- कोयला घोटाले से जुड़ा मामला, कंपनी ममता की पार्टी टीएमसी का चुनाव मैनेजमेंट देख रही

कोयला चोरी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इस मामले में सीबीआई ने 27 नवम्बर 2020 को एफआईआर दर्ज की थी। पूरा मामला करीब 2,742 करोड़ रुपये से जुड़ा है। इससे पहले जनवरी में ईडी ने कोलकाता में आई-पीएसी के दफ्तर और डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी की थी। हाल ही में ईडी ने सिंह और जैन को बयान दर्ज कराने के लिए समन भेजा था।

### पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट का निर्णय

**नई दिल्ली।** सरकार ने ईरान की लड़ाई और उसके परिणामस्वरूप वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधानों को देखते हुए 30 जून, 2026 तक महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है। वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि घरेलू उद्योग के लिए महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल सामग्री की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और उनको कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल करने वाले क्षेत्रों पर लागत के दबाव को कम करने और देश में आपूर्ति स्थिरता को सुरक्षित रखने के लिए यह उपाय एक अस्थाई और लक्षित राहत के रूप में लागू किया जा रहा है। सरकार के अनुसार इस छूट से पेट्रो रासायनिक कच्चे माल और मध्यवर्ती पदार्थों पर निर्भर विभिन्न क्षेत्रों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

# 50 हजार का इनामी कुख्यात शूटर आशु पुलिस मुठभेड़ में ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** उप्र के मुरादाबाद में बुधवार देर रात पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में उधम सिंह गैंग का 50 हजार रुपये का इनामी शार्प शूटर आशू उर्फ मोंटी चड्डा मुठभेड़ में मार गिराया गया। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की फायरिंग में एक एसटीएफ कर्मी की बुलेटप्रूफ जैकेट भी छलनी हो गई। मौके से भारी मात्रा में अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं।

एसएसपी सतपाल अंतिल ने गुरुवार को बताया कि कुख्यात उधम सिंह गैंग के सक्रिय सदस्य आशू उर्फ मोंटी को सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में मार



आशु उर्फ मोंटी

- भारी मात्रा में अवैध हथियार और कारतूस बरामद

गिराया गया। उसके पास से ऑर्डिनेंस फैक्ट्री निर्मित -32 बोर की पिस्टल, रिवॉल्वर और बड़ी संख्या में जिंदा व खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, आशू उर्फ मोंटी चड्डा हापुड़ जिले के हाफिजपुर थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव का निवासी था और उसके खिलाफ हत्या, लूट, रंगदारी समेत 36 संगीन आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। हाल ही में 15 मार्च को उसने मुरादाबाद के एक प्रमुख निर्यातक से पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। रकम न देने पर दबाव बनाने के लिए बदमाशों ने निर्यातक की फैक्ट्री पर फायरिंग भी की थी। इस मामले में सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस और एसटीएफ उसकी तलाश में जुटी थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बुधवार रात सूचना मिली कि आशू अपने एक साथी के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।

### बीओआई के पूर्व प्रबंधक व सहयोगी को 7 साल की सजा

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के भोपाल में केंद्रीय जांच ब्यूरो की एक विशेष अदालत ने बैंक धोखाधड़ी के मामले में बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) के पूर्व वरिष्ठ शाखा प्रबंधक और उसके सहयोगी को सात साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने जेल की सजा सुनाते हुए दोनों आरोपियों-पीयूष चतुर्वेदी (जो उस समय बीओआई की मिसरोद शाखा, भोपाल के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक थे) और मोहन सिंह सोलंकी (एक निजी व्यक्ति) पर 60,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। सीबीआई ने 2016 में बीओआई के क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के तत्कालीन उप क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा दायर एक लिखित शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया था।

# युद्ध के चलते तेजस के इंजन की सप्लाई रुकी

## अमेरिकी कंपनी को डिलीवरी देनी है, अब साल के अंत में आएंगे इंजन

शा ह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मिडिल-ईस्ट में चल रहे युद्ध के कारण भारत के बहुप्रतीक्षित लड़ाकू विमान तेजस के इंजन की सप्लाई रुक गई है। इन विमानों के इंजन सप्लाई करने वाली अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को कह दिया है कि अभी सप्लाई नहीं दे पाएंगे। भरोसेमंद सूत्रों ने बताया कि अब साल के अंत तक ही इंजन मिलने की उम्मीद है।

एचएएल ने मार्च 2026 तक 24 तेजस विमान वायुसेना को देने का वादा किया था, लेकिन, एचएएल में खड़े 9 तेजस एमके 1ए विमान इंजन के अभाव में वायुसेना को नहीं मिल पा रहे हैं। जबकि 5 विमान पूरी तरह तैयार हैं। 19 विमानों के एयर फ्रेम भी तैयार हैं। यदि आपूर्ति बहाल होती है तो इस साल 24 और अगले साल तक 30 इंजन मिल जाएंगे। 9000 करोड़ की 113 इंजनों की डील पर कंपनी आगे बढ़ पाएगी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने करीब 5 महीने पहले अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ 1 अरब डॉलर (करीब 8,870 करोड़) की डील की थी। इससे पहले फरवरी 2021 में सरकार ने एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1। खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन एचएएल अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया है। उम्मीद है कि 2028 तक एचएएल सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। इसके लिए एचएएल को जीई की ओर से अभी तक 4 इंजन भी मिल चुके हैं।



एलसीए तेजस मार्क-1। लड़ाकू विमान को पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात करने की योजना है। रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि इस जेट में स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल एक्चुएटर होंगे। तेजस मार्क-1। के 65 फीसदी से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। मार्क 1।, सिंगल इंजन वाले तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। यह चौथी पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है, जो कम वजन के बावजूद बेहद फुर्तीला है। इसमें अपग्रेडेड एवियानिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। तेजस के पुराने वर्जन को भी एचएएल ने

- एचएएल ने मार्च 2026 तक 24 तेजस विमान वायुसेना को देने का किया था वादा
- 9 तेजस एमके 1ए विमान इंजन के अभाव में वायुसेना को नहीं मिल पा रहे

डेवलप किया है। इसे एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) और डीआरडीओ की मदद से बनाया गया है। इसे हवा, पानी और जमीन पर हमलों के लिए डिजाइन किया गया है। यह मुश्किल हालात में भी अपने टारगेट को निशाना बना सकता है। मार्क-1। एयरक्राफ्ट वायुसेना के मिग-21 के बेड़े का रिप्लेसमेंट है। मिग-21 26 सितम्बर को रिटायर हो चुका है। इसने 62 साल की सर्विस के दौरान 1971 युद्ध, कारगिल और कई बड़े मिशन में अहम भूमिका निभाई थी।

# शासन प्रणाली को निरंतर अद्यतन किए जाने की जरूरत: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य के साथ सार्वजनिक सेवाओं के तालमेल की आवश्यकता पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि भारत तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच तेजी से प्रगति कर रहा है और उसे अपनी शासन प्रणाली को निरंतर अद्यतन करते रहना होगा।

श्री मोदी ने गुरुवार को क्षमता निर्माण आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर कर्मयोगी साधना सप्ताह को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कर्मयोगी साधना सप्ताह, यह सुनिश्चित करने के प्रयास में एक महत्वपूर्ण कड़ी है कि हमारी सार्वजनिक सेवा 21वीं

- कहा: भारत तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच तेजी से प्रगति कर रहा

सदी में प्रासंगिक और उत्तरदाई बनी रहे। श्री मोदी ने मौजूदा शासन के मार्गदर्शक सिद्धांत पर विस्तार से बात करते हुए कहा कि प्रशासन का मूल मंत्र नागरिक देवो भव: है, जिसका अर्थ है नागरिक को सर्वोपरि मानना। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोक सेवा को अधिक सक्षम और नागरिकों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने के लिए पुनर्परिभाषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन को सही मायने में नागरिक-केंद्रित बनाकर उसे एक नई पहचान दी जा रही है।

# तंग गलियों में भी आसानी से उठेगा कूड़ा

## महापौर दीपक बाली के निरंतर प्रयासों से ई-रिक्शा टिपर का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** मुख्यमंत्री धामी के मार्गदर्शन एवं महापौर दीपक बाली के निरंतर प्रयासों के चलते आज काशीपुर देश का ऐसा नगर निकाय बन गया है जहां शहर की छोटी से छोटी गली में जाकर भी कूड़ा गाड़ी कूड़ा एकत्र कर पाएगी। इस गाड़ी का नाम रखा गया है 'गली यान' जिसका निर्माण खुद महापौर दीपक बाली ने अपने तीन माह के परिश्रम और मार्गदर्शन में विशेषज्ञों से बनवाया है। इस गाड़ी को मोड़ने की भी जरूरत नहीं है, इसमें चालक की सीट ही घुमाई जा सकती है। ई-ट्रॉली कार्ट नाम की इस गाड़ी से काशीपुर नगर निगम को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ काशीपुर बनाने में नई ताकत मिलेगी। नैनी पेपर्स लिमिटेड द्वारा सी एस आर फंड के तहत दिए गए 50 लाख रूपये की सहायता के चलते काशीपुर नगर निगम को आधुनिक वाहनों की यह




सौगात उपलब्ध हुई है जिसके लिए महापौर दीपक बाली नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट सभी पार्षद गणों एवं नगर निगम कर्मचारियों ने शहर की जनता की ओर से पूरे नैनी पेपर्स लिमिटेड के परिवार एवं प्रबंध निदेशक पवन अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है। नैनी पेपर्स द्वारा उपलब्ध कराई गई 10 ई-रिक्शा टिपर के लोकार्पण एवं हस्तांतरण के मौके पर महापौर दीपक बाली ने कहा कि पूरा काशीपुर मेरा घर है लिहाजा मैं उसे साफ स्वच्छ और सुंदर बना कर ही छोड़ूंगा। उन्होंने कहा कि जिस दिन सड़कों पर कूड़ा डालने वाले लोगों को रोकने वालों की संख्या ज्यादा हो जाएगी उसी दिन यह शहर साफ और स्वच्छ हो जाएगा। कार्यक्रम में पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा, मुक्ता सिंह, उद्यमी देवेंद्र कुमार जिंदल, अनुराग अग्रवाल, अनुज सेठ, अनिल डाबर, हरिओम अग्रवाल, विकास जिंदल, पंकज टंडन, अनिल शर्मा, संजय अग्रवाल, प्रकाश नेगी, विकास अग्रवाल, शक्ति प्रकाश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, विवेक सिंह, मयंक अग्रवाल, विजय कुमार जिंदल, मोहन बिष्ट, मंजू यादव, ईश्वर चंद्र गुप्ता, सुखविंदर सिंह, केवल कृष्ण छाबड़ा, मुकेश चावला, मनीष चावला, राजकुमार यादव, अमन बाली, राजीव घई, अभिषेक गोयल, जसपाल सिंह जस्सी, विजय बॉबी, कविता यादव सहित नगर व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, नगर निगम आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट, सहायक नगर आयुक्त विनोद कुमार, शालिनी नेगी, कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी, सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट सहित नगर निगम कर्मचारी तथा आमजन मौजूद रहे।

# हनुमान जयंती पर रामायण कथा



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** प्राचीन रौखड़िया हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में दो दिवसीय रामायण कथा का आयोजन किया गया। रौखड़िया हनुमान मंदिर क्षेत्र के प्राचीन और आस्था के प्रमुख केंद्रों में से एक माना जाता है। यहां की विशेषता यह है कि हनुमान जी विशालकाय पेड़ में विराजमान हैं, जो भक्तों के लिए विशेष आकर्षण और श्रद्धा का विषय है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, इस मंदिर में सच्चे मन से की गई प्रार्थनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं, जिसके चलते यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर मंदिर में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और रामायण कथा का आयोजन किया गया। कथा के दौरान भगवान राम और हनुमान जी के जीवन प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया गया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम के अंत में भक्तों के लिए भंडारा और प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।इस दौरान सभासद हरीश मेहरा, कैलाश बुधलाकोटी, चंद्र शेखर कांडपाल, पुष्कर खनायत सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## एक नजर

### स्मैक के साथ दो युवक गिरफ्तार


**अल्मोड़ा।** एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के के निर्देशन में ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। अल्मोड़ा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान लोधिया बैरियर के पास दो युवको को स्मैक के साथ दबोच लिया। युवको के कब्जे से 11.46 ग्राम स्मैक बरामद की। इसके बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अल्मोड़ा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने लोअर मालरोड के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान लोधिया बैरियर के दो युवको के संदिग्ध प्रतीत होने पर रोका गया। तलाशी लेने पर आरोपी सज्जन बिष्ट पुत्र रमेश सिंह बिष्ट, निवासी दुगालखोला अल्मोड़ा और प्रभांशु उर्फ कन्नू कपिल पुत्र स्व. नवीन चन्द्र, निवासी ग्राम दियारी, भवाली नैनीताल के कब्जे से 11.46 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। बरामद स्मैक की कीमत करीब 3 लाख 43 हजार 800 रुपये आंकी गई। पुलिस ने मौके पर स्मैक को सील कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर युवक को गिरफ्तार किया। टीम में उपनिरीक्षक आनन्द बल्लभ कश्मीरा, कांस्टेबल राकेश भट्ट, गणेश दत्त पांडे, इरशाद उल्ला आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने हिमाद्रि हैंडलूम का निरीक्षण किया

**अल्मोड़ा।** डीएम अंशुल सिंह ने गुरुवार को डीनापानी स्थित हिमाद्रि हैंडलूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हिमाद्रि हैंडलूम की गतिविधियों, कार्यों समेत विभिन्न जानकारियां प्राप्त की। साथ ही संस्थान में तैयार किए जा रहे शॉल, ऊनी वस्त्र, हस्तशिल्प आदि की आपूर्ति तथा विपणन के बारे में जानकारी ली। मौके पर डीएम ने कहा कि उत्तराखंड सरकार की यह पहल महिला सशक्तिकरण की एक जीती जागती मिसाल है। महिलाएं यहां कार्यरत होकर आत्मनिर्भर बनी हुई हैं। कहा कि इसको विस्तृत रूप से विकसित करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। जिससे और अधिक महिलाओं को यहां नियोजित किया जा सके। इस संस्थान में 48 महिला बुनकर कार्यरत है तथा 9 महिलाएं फैशन डिजाइनिंग में कार्य कर रही हैं। डीएम ने हिमाद्रि हैंडलूम में बुनकर महिलाओं से वार्तालाप भी किया तथा उनकी आजीविका तथा आय के बारे में जानकारी प्राप्त की। यहां परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण केएन तिवारी, हिमाद्रि हैंडलूम से मुक्ति दत्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

### योजना समिति के चुनाव टालना लोकतंत्र की हत्या

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड में जिला योजना समिति चुनाव को टालने पर कांग्रेस ने नाराजगी जताई है। अल्मोड़ा कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि



चुनाव टालना भाजपा सरकार की नाकामी और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की अनदेखी का स्पष्ट उदाहरण है। कहा कि राज्य सरकार जानबूझकर जिला योजना समिति के चुनाव टाल रही है, ताकि जनप्रतिनिधियों की भागीदारी को खत्म कर अपने मनमाने फैसले थोपे जा सकें। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर जनता की आवाज दबाने का काम कर रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जल्द जिला योजना समिति के चुनाव कराए जाएं, ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। चेतावनी दी कि यदि सरकार इस मुद्दे पर गंभीरता नहीं दिखाती है, तो कांग्रेस पार्टी जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

### नाबालिग लापता, गुमशुदगी दर्ज

**काशीपुर।** घर से अचानक एक नाबालिग गायब हो गई। पुलिस ने नाबालिग के भाई की तहरीर के अनुसार गुमशुदगी दर्ज कर ली। गड्ढा कालोनी निवासी एक युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह रात्रि में अपने परिवार के साथ सो रहा था। जब सुबह सो कर उठा तो देखा कि बहन घर पर नहीं थी। जोकि अभी तक घर वापस नहीं आयी। समस्त रिश्तेदारी व आस-पड़ोस में तलाश किया किन्तु कुछ पता नहीं चला।

### धूमधाम से मनाया हनुमान जयंती पर्व

**बागेश्वर।** जिले में हनुमान जयंती का पर्व बड़े धूम धाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने बजरंग बली के नाम लड्डू चढ़ाए, व दिन भर व्रत रखकर पूजा अर्चना कीर्तन भजन किए। जिले में कई स्थानों पर अखंड सुदंर कांड तथा हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जिले के तहसील कपकोट, गरुड़, कांडा, दुगनाकुरी सहित अन्य क्षेत्रों में भी हनुमान जी की पूजा अर्चना व कीर्तन भजन किए गए। जिला मुख्यालय के अग्नि कुंड समीप हनुमान मंदिर सैंज में कालोनी के लोगों द्वारा भव्य भंडारा किया। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

### पत्रकार पर मुकदमे के विरोध में भेजा ज्ञापन

**बागेश्वर।** खटीमा के वरिष्ठ पत्रकार दीपक फुलेरा पर दर्ज मुकदमे के विरोध में बागेश्वर के पत्रकारों ने अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में बताया कि एफआईआर संख्या 0090 भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(1)(बी) के तहत दर्ज की गई है, जिसे प्रतिशोधपूर्ण कार्रवाई बताया गया। पत्रकारों के अनुसार फुलेरा ने गैस आपूर्ति संकट पर जनहित में रिपोर्ट प्रकाशित की थी। मुकदमा निरस्त करने, निष्पक्ष जांच और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान सुंदर सुरकाली, महीप पाण्डेय दीपक पाठक, संजय साह जगाती, जगदीश उपाध्याय, शंकर पांडे, केशव भट्ट, हिमांशु गड़िया, रोहिणी जोशी रहे।

# सीएमओ ने किया डेंटल चेयर का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** कांडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जल्द स्थानीय लोगों को दांतों से संबंधित उपचार मिलेगा। गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक सुरेश गढ़िया व मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कुमार आदित्य ने डेंटल चेयर का उद्घाटन किया। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग व विधायक का आभार जताया। विधायक गढ़िया ने बताया कि कांडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्षेत्रवासियों द्वारा दांतों की समस्याओं से निजात दिलाए जाने के लिए उपकरण उपलब्ध करने की लंबे समय से मांग की जा रही थी। ग्रामीणों की समस्या को उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के साथ गंभीरता से चर्चा कर समाधान करने के निर्देश दिए। उसी के तहत स्वास्थ्य केंद्र में डेंटल चेयर स्थापित की जा चुकी है। जल्द लोगों को दांतों के उपचार की सुविधा मिलेगी। जिसके बाद विधायक गढ़िया ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से भी अस्पताल में मिलने वाली सुविधा का हाल जाना। उन्होंने सभी को एक टीम की तरह कार्य करने व लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ पहुंचाने की बात कही। इस अवसर पर हीरा सिंह कर्मियाल, आनंद धपोला, जिला उपाध्यक्ष भाजपा सविता नगरकोटी, जितेंद्र वर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्मल शाह, विनय कर्मियाल, मनीष कांडपाल सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

# खुरपका-मुंहपका टीकाकरण शुरू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** 45 दिवसीय खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान शुरू हो गया है। जिले में 1.75 लाख पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जनपद में पशुओं को घातक खुरपका-मुंहपका रोग से सुरक्षित करने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा 2 अप्रैल से व्यापक टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। विकास भवन से मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने टीकाकरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर 45 दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत जनपद में 80,000 गाय-भैंसों एवं 95,000 भेड़ बकरियों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश



दिए कि सभी पशुओं का टीकाकरण निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। साथ ही उन्होंने मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने तथा नगरपालिका, जिला पंचायत एवं दुग्ध विकास विभाग का सहयोग लेने के निर्देश भी दिए। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा. केके जोशी ने बताया कि अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु 68 टीमों का गठन किया गया है, जो पशुपालकों के द्वार पर पहुंचकर टीकाकरण करेंगी। इनमें बागेश्वर विकासखंड के लिए 30 टीमें, गरुड़ के लिए 13 तथा कपकोट के लिए 25 टीमें तैनात की गई हैं। 16 मई तक चलने वाले इस चरण में गाय-भैंसों के लिए यह आठवां तथा भेड़-बकरियों के लिए चौथा टीकाकरण चरण होगा। उन्होंने बताया कि टीकाकरण से पूर्व प्री-वैक्सीनेशन सैंपल लिए जा चुके हैं तथा अभियान के उपरांत पोस्ट-वैक्सीनेशन सैंपल भी लिए जाएंगे, जिससे वैक्सीन की प्रभावशीलता का आकलन किया जा सके। डा. जोशी ने कहा कि खुरपका-मुंहपका एक अत्यंत संक्रामक रोग है, जो पशुओं की कार्यक्षमता एवं दुग्ध उत्पादन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को इस रोग से सुरक्षित रखने हेतु विभागीय टीमों का पूर्ण सहयोग करें।

# धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में गुरुवार को हनुमान जयंती धूमधाम के साथ मनाया गई। हनुमान मंदिरों में पूजा अर्चना सहित सुंदरकांड का आयोजन किया गया।

अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाइवे के चौसली-क्वारब स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में अंखड रामायण का पाठ, भजन-कीर्तनों के साथ ही सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। क्वारब स्थित प्रसिद्ध हनुमान गढ़ी मंदिर में गुरुवार सुबह से पूजा करने लोग पहुंचने लगे थे। श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड के साथ भजन कीर्तन किया। इससे पूर्व अंखड रामायण, हनुमान चालीसा पाठ, बजरंग वाण का पाठ किया गया। भंडारे में सैकड़ों



लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, नगर के थाना बाजार स्थित हनुमान मंदिर के अलावा त्रिपुरासुंदरी संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर समेत खत्याड़ी हनुमान मंदिर में भजन-कीर्तनों के साथ ही सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस दौरान यहां बड़ी संख्या में पहुंच श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। इस मौके पर यहां मेयर अजय वर्मा, विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल, जिला पंचायत सदस्य प्रेम लटवाल, मनोज सिंह पवार, आनंद कनवाल, हिमांशु साह, अरविंद जोशी, अरविंद कनवाल, कमलेश कनवाल, राजेंद्र सिंह, पवन नगरकोटी, मोहित अधिकारी, भूपाल लटवाल, चंदन सिंह, मदन रावत, सोनू सिंह, अराधना शुक्ला, त्रिलोक लटवाल, पूरन लटवाल, दीप चंद्र जोशी, नरेंद्र बगड़वाल, मनीष तिवारी, गौरव कुमार, सुनील कुमार यादव, बाल कृष्ण डालाकोटी, दीपक तिवारी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इधर, द्वाराहाट में हनुमान जयंती पर मुख्य बाजार स्थित हनुमान मंदिर में भक्तों ने सुंदर कांड का आयोजन किया गया। मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। सुंदर कांड के बाद महिलाओं ने देर सांय तक भजन-कीर्तन गाये। चौखुटिया में भी हनुमान जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई।

# चामुंडा हॉस्पिटल एवं लेप्रोस्कॉपी सेंटर ने किए 25 वर्ष पूरे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** रामनगर रोड स्थित चामुंडा हॉस्पिटल एवं लेप्रोस्कॉपी सेंटर प्रा. लि. ने सेवा के सफल 25 वर्ष पूरे कर लिए। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में केक काटकर संस्थापक डॉ. यशपाल सिंह रावत को स्टाफ और शुभचिंतकों ने



बधाई दी। वर्ष 2001 में शुरू हुआ यह अस्पताल पिछले ढाई दशकों से निरंतर चिकित्सा सेवाएं देता आ रहा है। संस्थान की नींव डॉ. यशपाल सिंह रावत और उनकी दिवंगत पत्नी डॉ. गीता रावत ने रखी थी, जिन्होंने मरीजों की सेवा को प्राथमिकता दी। उनके साथ सहयोगी टीम के रूप में विनोद भट्ट, राम सिह रावत और पूरन सिंह बिष्ट ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अस्पताल में 24 घंटे चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हैं और यहां विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मरीजों का इलाज कर रही है। जनरल सर्जरी, लेप्रोस्कोपी, ऑर्थो, स्त्री एवं प्रसूति रोग, रेडियोलॉजी, यूरो सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी सहित कई विभागों में सेवाएं दी जा रही हैं। 25 वर्ष पूर्ण होने पर शहरवासियों ने अस्पताल प्रबंधन और पूरी टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

# लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी विधि प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर में कॉलेज की उत्कृष्टता को परिलक्षित करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। लॉ कॉलेज के रजिस्ट्रार डॉ. सुधीर दुबे ने बताया कि एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं ने कॉलेज का मान बढ़ाया है। छात्र अमीनुद्दीन पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी रामनगर ने 88.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, दक्षिता यादव पुत्री नरेश पाल सिंह यादव निवासी काशीपुर ने 86.50 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा अनिकेत वीर सिंह पुत्र वीर सिंह निवासी ठाकुरद्वारा, सानिया कुरेशी पुत्री इस्लामुद्दीन निवासी रामनगर, संजीव कुमार पुत्र रामवीर निवासी बाजपुर एवं सुधांशु कर्दम पुत्र बाबू सिंह निवासी काशीपुर ने 84.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही कक्षा के 25 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, तो 72 प्रतिशत छात्र छात्राओं ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए तथा 95 प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर संस्थान की चेयरमैन विमला गुड़िया सहित समस्त प्रबन्ध समिति, फैकल्टी एवं स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स की हड़ताल जारी

## पेयजल निगम और जल संस्थान के डिप्लोमा इंजीनियर्स भी डटे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा/रानीखेत।** 27 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर आक्रोशित डिप्लोमा इंजीनियर्स अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए हैं। गुरुवार को पेयजल निगम, जल संस्थान के डिप्लोमा इंजीनियर्स ने भी हड़ताल शुरू कर दी है। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। नगर के शक्ति सदन में डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के बैनर तले अभियंताओं ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से डिप्लोमा इंजीनियर्स 27 सूत्रीय समस्याओं के निदान की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार मांगों को पूरा करने की बजाय सिर्फ झूठे आश्वासन दे रही है। कहा कि हड़ताल के कारण सड़कों के



डामरीकरण, सरकारी भवनों के निर्माण, सौंदर्यीकरण आदि कार्य पूरी तरह से बंद हो गए हैं। बुधवार से पेयजल निगम व जल संस्थान के इंजीनियर्स के हड़ताल पर जाने से पेयजल आपूर्ति पर भी असर पड़ेगा। ऊर्जा निगम के इंजीनियरों के हड़ताल करने से बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी, लेकिन इसके बाद भी सरकार मांगों को अनसुना कर रही है। यहां विरेंद्र सिंह मेहता, दीपक सिंह मटियाली, ललित शर्मा, रिनी पांडे, हिमांशु जोशी, जीएस मेहरा, ललित मोहन बिष्ट, जीवेश वर्मा, हितांशी नैलवाल, सूरज सिंह रावत समेत विभिन्न विभागों के अभियंता मौजूद रहे। इधर, शाखा रानीखेत द्वारा लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में गुरुवार को हड़ताल के ग्यारहवें दिन बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इंजीनियर हरीश सिंह तथा संचालन ललित सिंह सिराड़ी ने किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के डिप्लोमा इंजीनियर्स ने विभागीय कार्यों का पूर्ण बहिष्कार किया। वक्ताओं ने 27 सूत्रीय मांगों पर सरकार द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने पर गहरा रोष व्यक्त किया। वहीं ग्रेड पे सुधार, एसीपी व्यवस्था बहाली, पदोन्नति सुनिश्चित करना, जल संस्थाओं का एकीकरण तथा पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग की। इंजीनियर्स ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

# मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री द्वारा 04 जुलाई 2021 से अद्यतन तक की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन घोषणाओं पर कार्यवाही प्रगति पर है, उनकी अद्यतन स्थिति समय-समय पर पोर्टल पर अपलोड की जाए और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए तथा किसी भी प्रकार की बाधा आने पर उसका त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी विभाग निर्धारित प्रारूप में अद्यतन सूचनाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि आगामी उच्च स्तरीय समीक्षा बैठकों में सटीक जानकारी प्रस्तुत की जा सके। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी-अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सीडीओ रामजी शरण शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप धौलाखंडी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रेणु भंडारी सहित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कालाढूंगी से भाजपा नेता राजेन्द्र सिंह बिष्ट ने पेश की दावेदारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने 2027 विधानसभा चुनाव में कालाढूंगी से भाजपा के प्रत्याशी के रूप में अपनी दावेदारी पेश की है। एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बिष्ट ने कहा कि वह लंबे समय से पार्टी में विभिन्न पदों पर कार्य कर रहे हैं और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि उन्होंने लगभग 40 वर्षों तक पार्टी सेवा की है, और इस दौरान पार्टी के हर निर्देश का पालन किया है। उन्होंने बताया कि वे संघ के कार्यकर्ता भी रहे हैं और जनता का समर्थन उनके प्रति



हमेशा बना रहा है। बिष्ट ने यह भी कहा कि अब तक उन्होंने कभी पार्टी से कोई व्यक्तिगत मांग नहीं की है, लेकिन इस बार 2027 में वह पार्टी से अपनी उम्मीदवारी की मांग कर रहे हैं। उनका मानना है कि यदि पार्टी उन्हें प्रत्याशी बनाती है, तो वे भारी बहुमत से चुनाव जीत सकते हैं। जब उनसे यह सवाल किया गया कि कालाढूंगी विधानसभा से चुनाव लड़ने के इच्छुक कई नेता हैं, तो उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता को अपनी दावेदारी पेश करने का अधिकार है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी जिसे भी प्रत्याशी बनाएगी, संगठन के सभी सदस्य मिलकर उसे समर्थन देंगे और चुनाव में काम करेंगे। बिष्ट ने यह भी कहा कि इस बार भाजपा धामी जी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी और प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। इस कार्यक्रम में कोटाबाग ब्लॉक की कनिष्ठ प्रमुख अपूर्वा बिष्ट, सामाजिक कार्यकर्ता अनूप बिष्ट, भाजपा नेता कैलाश बुधलाकोटी और अन्य कई समर्थक उपस्थित थे।

# तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के वार्षिक परीक्षा में 1309 छात्र और छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा 1270 छात्र-छात्राएं



सफल हुए। परीक्षाफल का कुल प्रतिशत 97.02 प्रतिशत रहा, जिसमें प्राइमरी व जूनियर का शत प्रतिशत और सीनियर का 93.63 प्रतिशत परीक्षाफल रहा। जूनियर वर्ग में प्रथम अनुष्का रावत (1828/2000) 91.40 प्रतिशत, द्वितीय शिखा (1214/2000) 89.26 प्रतिशत तथा तृतीय अंश (1705/1920) 88.8 प्रतिशत रहे। सीनियर वर्ग में प्रथम वाणी खुराना (936/1000) 93.60 प्रतिशत, द्वितीय आराधना शर्मा (927/1000) 92.7 प्रतिशत तथा तृतीय अनंत माहेश्वरी (925/1000) 92.5 प्रतिशत रहे। अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य त्रिवेंद्र सिंह, विद्यालय के व्यवस्थापक की जीडी मठपाल एवं प्रबंध समिति के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। इन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की है।

# रूबी भटनागर का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

## महिलाओं को स्वरोजगार के क्षेत्र में दी दिशा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जूट उत्पादों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए गए अद्वितीय योगदान के लिए हल्द्वानी निवासी रूबी भटनागर को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें हाल ही में नेशनल जूट बोर्ड और जूट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित फाउंडेशन डे समारोह में दिया गया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रूबी भटनागर को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा और सम्मान प्रदान किया। रूबी भटनागर ने 2018 में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 10 लाख रुपये का ऋण लेकर जूट उत्पादों का व्यवसाय शुरू किया था। उनके इस व्यवसाय ने न केवल उन्हें आर्थिक सफलता दिलाई, बल्कि हजारों महिलाओं को भी



स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए। अब तक, उन्होंने 3000 से अधिक महिलाओं को उनके खुद के व्यवसाय शुरू करने का अवसर प्रदान किया है, जिससे वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकी हैं। रूबी का कहना है मेरे लिए यह केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि एक मिशन है। मैं महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा देखना चाहती हूं, ताकि वे समाज में अपनी पहचान बना सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। उनका मानना है कि इस क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा और उन्हें आर्थिक, मानसिक, और सामाजिक रूप से मजबूत किया जा सकेगा।

# बजरंग बली के जयकारों से गुंजायमान रहा शहर

## श्री राम के परम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर निकली विशाल शोभायात्रा में झूमे भक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** दुनिया चले न श्रीराम के बिना, राम जी चलें न हनुमान के बिना, मुक्ति मिले न श्रीराम के बिना...के जयकारों के साथ रामभक्त हनुमान का जन्मोत्सव शहर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। गुरूवार को काठगोदाम स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद शहर में श्रीराम दरबार व हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महंत कालूगिरि महाराज के साथ बाबाओ की टोली, हनुमानजी के सात रूप, राधा-कृष्ण, बांके बिहारी की रासलीला, राम दरवार सहित विभिन्न झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।

हनुमान के भेष में कलाकारों ने लोगों का खूब मनोरंजन किया साथ ही अपने गायन से लोगों को अपनी ओर आकर्षित भी किया। शोभायात्रा हनुमानगढ़ी मंदिर से होते हुए काठगोदाम नारीमैन चौराहे, काठगोदाम रेलवे स्टेशन चौराहे, कॉलटैक्स से होते हुए चांदमारी, गौला हैड, पुरानी चुंगी, गुलाबघाटी, रानीबाग से वापस हनुमानगढ़ी मंदिर में आकर संपन्न हुई। हनुमान भक्तों द्वारा जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बजरंग. बली की जयकारों से पूरा शहर भक्तीमय से गूंज उठा। शोभायात्रा में साधु संतो के साथ बड़ी संख्या में हनुमान भक्त शामिल रहे। शोभायात्र के उपरांत महंत कालू गिरी महाराज ने हनुमान जी को 291 किलो के लड्डूओं का भोग लगाया, इसके बाद भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर तपोनिधि पंचायती दशनाम आंनद अखाड़ा कपिल धारा वाराणसी, महंत सोमेश्वर गिरी, गब्बर गिरी, महंत निरंजन गिरी, दिगंबर संभल, हिमांशु जोशी, अुर्जन सिंह बिष्ट, टिंकू, विजय पंत, प्रदीप बिष्ट, अजय जोशी, सोनू बिष्ट, डूंगर सांगड़ी, नरेन्द्र चौहान, मुकुल भंडारी, कमल पपनै, तन्मय बिष्ट, आयुष, विवेक, देव बिष्ट, नरेंद्र, गोलू, गौरव, शुभम, हर्षित, सुंदर सिंह, नरेंद्र बिष्ट, नवीन चंद्र, सीएस पोखिरिया, नरेश चौहान, सुमित जोशी सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे। इधर हनुमान जन्मोत्सव को लेकर शहर में निकाली गई शोभायात्रा को लेकर काफी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद था। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर धार्मिक संस्थाओं ने स्टॉल लगाकर हलुवा-पूरी का प्रसाद वितरित किया।






### बालाजी महाराज को 101 किलो लड्डू का भोग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** त्रिपुरेश्वरी शक्ति पीठ श्रीबालाजी मंदिर रूपनगर में गुरूवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ के साथ भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। गुरूवार को त्रिपुरेश्वरी शक्ति पीठ, श्रीबालाजी मंदिर समिति रुपनगर के तत्वाधान में तीसरे दिन सुबह पांच बजे बालाजी महाराज को भव्य सोने का सिंगार किया गया एवं 8 बजे सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया और भक्तों ने बाबा के दरबार में पहुंचकर बाबा का आर्शीवाद लिया। रात्रि 7 बजे से श्रीबालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया गया। जिसमें आज बाबा खुद स्वयं उपस्थित थे। इस वर्ष श्रद्धालुओं के लिए 51 फीट का भव्य दरबार भी आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं रात्रि 8 बजे से बालाजी मंदिर में भव्य संकीर्तन आयोजित किया गया जिसमें दिल्ली आए गायककार विवेक शर्मा, रुद्रपुर के शुभम सक्सेना और सितारगंज की नेहा कोरंगा सहित अन्य गायक कलाकारों के द्वारा बालाजी महाराज के भजनों का गुणगान किया गया। जिसके उपरांत सभी भक्त बाबा की भक्ति में झूमते नजर आए। जिसके बाबा को छप्पन भोग एवं 101 किलो चूरमा के लड्डू का भोग लगाया। इस दौरान मंदिर में बाबा की महाआरती व प्रसाद वितरण किया गया। जिसके बाद मेहंदीपुर से आए हुए श्रीबालाजी महाराज के जल के छीटे सभी भक्तों को दिए गए। इस दौरान मंदिर के व्यवस्थापक महंत पूरन चन्द्र पाठक ने बताया कि इस कलयुग के प्रमुख देवता हनुमान जी है। माता सीता व शिव के आर्शीवाद से हनुमान जी इस कलयुग के प्रकट देवता कहलाते है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी से जुड़ी हुई जितनी भी रचनाएं है वह सब वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मान्य है। इसलिए हनुमान जी की आराधना करना सर्वश्रेष्ठ है। इस मौके पर समिति की ओर से मंदिर समिति के व्यवस्थापक पूरन चन्द्र पाठक, जय प्रकाश अग्रवाल, गोविन्द सिंह रौतेला, अतुल कुमार गुप्ता, दीपचंद तिवारी आदि मौजूद थे।

### कोतवाली के हनुमान मंदिर में एसएसपी ने की पूजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव बुधवार को श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान विभिन्न संगठनों व हनुमान भक्तों ने जगह-जगह स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं कोतवाली स्थित हनुमान मंदिर में भी सुबह से ही पूजा-अर्चना के साथ हनुमान चालीसा, सुंदर कांड, बजरंग बाण व हनुमाष्टक का पाठ किया गया। गुरूवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने भी कोतवाली हल्द्वानी परिसर स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा भव्य प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन हरकेश कुमार, कोतवाल कोतवाली विजय मेहता, एसएसआई रोहतास सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



### मिडिल ईस्ट में शांति के लिए की प्रार्थना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल जिला इकाई की ओर से हनुमान जन्मोत्सव पर हवन-पूजन कर विश्व शांति की कामना की गई। इस दौरान ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच चल रहे तनाव को समाप्त करने के लिए बजरंगबली से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वैश्विक संकट के इस दौर में ईश्वर ही मानवता को राहत दिला सकते है। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने कहा कि इस युद्ध का असर पूरे विश्व पर पड़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भारत की ओर से शांति स्थापना के लिए पहल करने की अपील की। इस दौरान हर्षवर्धन पांडे, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, मनोज जायसवाल, गिरिजा नंदन भट्ट, चंद्रशेखर पंत, प्रदीप सबरवाल, इंद्र कुमार भुटियानी, कौशलेंद्र भट्ट, नीरज भट्ट, रेनू टंडन, राजेश अग्रवाल, प्रेम कुमार गुप्ता, राधेश्याम अग्रवाल, अनिल कुमार गुप्ता, कश्मीरी लाल साहनी, आलोक कुमार टंडन आदि मौजूद रहे।



## अवैध सेमल लकड़ी से भरा पिकअप जब्त



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** वन विभाग ने अवैध लकड़ी तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुवार तड़के एक पिकअप वाहन को पकड़ा। काठगोदाम-सितारगंज मार्ग पर चें. कंग के दौरान वन विभाग की टीम ने एक संदिग्ध वाहन को रोका, जिसमें भारी मात्रा में सेमल की चिरान लदी हुई थी। यह कार्रवाई सुबह करीब साढ़े 4 बजे कालीचौड़ गेट के पास हुई। वाहन संख्या एचआर38जेड-5737 को रोककर जब तलाशी ली गई, तो उसमें 623 नग सेमल की चिरान बरामद हुई। हालांकि, चालक कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका, जिससे उसकी तस्करी की गतिविधियों का संदेह और गहरा हो गया। वन विभाग ने तुरंत वाहन को सीज कर दिया और उसे तिकोनिया स्थित रेंज कार्यालय परिसर में खड़ा कर दिया। यह कार्रवाई प्रभागीय वनाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देशों पर की गई। अभियान में वन दरोगा राम सिंह रावत, वन आरक्षी प्रमोद जोशी और चालक रविंद्र पाल शामिल थे। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार पंत ने बताया कि वन संपदा की तस्करी के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा, और इस तरह के अपराध में लिप्त दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## महिला रामलीला में राम जन्म, ताड़का वध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृति उत्थान मंच हीरानगर में पुनर्नवा महिला समिति द्वारा आयोजित महिला रामलीला मंचन के दूसरे दिन गुरूवार श्रीराम जन्म लीला, भगवान की बाल क्रीड़ा, ताड़का मारीच एवं सुबाहू वध लीला का मंचन किया गया। इसे देखकर दर्शक भावविभोर हो गए। गुरूवार दूसरे दिन आयोजित महिला रामलीला मंचन में मुख्यअतिथि व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं समाजसेवी भवानी नरेश पांडे, समाजसेवी जसविंदर भसीन, उत्थान मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल सहित मंच के पदाधिकारी व समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर मंचन का शुभारंभ किया। मंचन के दौरान राजा दशरथ व तीनों रानियां पुत्र न होने के कारण व्यथित थे। कुलगुरु वशिष्ठ की सलाह से राजा दशरथ ने पुत्र कामना यज्ञ कराया। जिसमें देव योग से माता कौशल्या की कोख से विष्णु के अवतार प्रभु श्रीराम ने जन्म लिया। अयोध्या नगरी सहित पूरा विश्व मंगल गान करने लगा। इसके अतिरिक्त राम के साथ ही भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न का जन्म हुआ। जिसके बाद ताड़का वध की लीला का मंचन किया गया। जिसमें राजा दशरथ के दरबार में विश्वामित्र पहुंचे है और राजा दशरथ से ताड़का के आतंक की बात कहते हुए राम लक्ष्मण को वन ले जाने के लिए मांग लिया। राम-लक्ष्मण वन में असुरों का वध करते हैं और राक्षसी ताड़का को मारकर महर्षि के यज्ञ की रक्षा करते हैं। ताड़का वध होते ही पंडाल में मौजूद भक्त प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाते हैं। पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। राम, लक्ष्मण, सीता, भरत व शत्रुघ्न की भूमिका में सुप्रभा, लक्षिता, सौम्या, रिद्धि व दिव्यांशी ने भूमिका निभाई। जबकि दशरथ विनीता, सुमंत मेघा, विश्वामित्र तारा बहुगुणा, ताड़ीका रितु, जनक तारा, अहिल्या मनस्वी, सुबाहु किरण, मारीच ललिता पाठक सहित कई कलाकारों ने अपनी-अपनी भूमिका निभाई। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष लता बोरा, सचिव शांति जीना, यशोदा रावत, प्रचार सचिव कल्पना रावत, जानकी पोखरिया, मंजू बनकोटी, निर्मला बहुगुणा, कुसुम बोरा, जया बिष्ट, अंजना बोरा, हेमा हर्बोला, तुलसी रावत, रेखा रावत, किरन बिष्ट, भगवती बिष्ट, प्रेमा ब्रजवासी, कमला रौतेला समेत बड़ी संख्या दर्शक मौजूद रहे।



## गोल्ज्यू यात्रा की तैयारियां शुरू

### धार्मिक परंपरा और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने की पहल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** अपनी धरोहर न्यास द्वारा गोल्ज्यू यात्र 2026 की तैयारियों को लेकर प्रथम योजना बैठक रोडवेज स्थित गोविन्द बल्लभ पंत पुस्तकालय के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता न्यास अध्यक्ष विजय भट्ठ ने की। बैठक में विजय भट्ट ने गोल्ज्यू यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस यात्रा का मुख्य लक्ष्य उत्तराखंड की धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना और समाज के सभी वर्गों को प्रदेश की समृद्ध संस्कृति से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि न्यास द्वारा आयोजित तृतीय गोल्ज्यू यात्रा अक्षय तृतीया 19 अप्रैल से चंपावत स्थित मुख्य मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ होगी। यात्रा खटीमा, सितारगंज और किच्छा होते हुए रात्रि विश्राम करेगी तथा अगले दिन रुद्रपुर, काशीपुर और हरिद्वार के रास्ते 21 अप्रैल को देहरादून पहुंचेगी। इसके बाद यात्रा पौड़ी, बद्रीनाथ, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा से होते हुए 7 मई को रामनगर के रास्ते पुनः हल्द्वानी रामलीला मैदान में पहुंचेगी, जहां पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। जिसके बाद शोभायात्र के रूप में बाजार क्षेत्र होते हुए गोल्ज्यू मंदिर पार्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच तक जाएगी। बैठक में रवि दुर्गापाल, एनबी गुणवंत, प्रभा खनका, भुवन भास्कर पांडेय, सुशील अग्रवाल, डीके पांडेय, एलडी पांडे, विजय तिवारी, भवानी शंकर नीरज, रवि जोशी, सीएस किरौला, अतुल अग्रवाल, आर्यन बेलवाल, तनिष्क गोस्वामी, लक्ष्मण सिंह, राजेंद्र बोरा, आनंद सिंह भाकुनी, प्रताप सिंह जंतवाल, महेश बेलवाल, अमर सिंह बोहरा आदि मौजूद रहे।



## इण्डेन गैस सिलेंडर वितरण में मनमानी पर फूटा आक्रोश

### देवकीबिहार विकास समिति का प्रदर्शन, मजिस्ट्रेट को ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** इण्डेन गैस सिलेंडर के वितरण में हो रही मनमानी और अराजकता के खिलाफ देवकीबिहार विकास समिति ने बिठौरिया नंबर-1 की विभिन्न कालोनियों के दर्जनों निवासियों के साथ नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते हुए समिति के सदस्य गैस वितरण की उचित व्यवस्था की मांग कर रहे थे। समिति के अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे ने आरोप लगाया कि गैस वितरण में 'पीक एंड चूज' (पसंदीदा वितरण) की नीति अपनाई जा रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में अराजकता का माहौल बन गया है। उन्होंने कहा कि गैस वितरण की प्रक्रिया को बुकिंग तिथि के वरिष्ठता क्रम के आधार पर व्यवस्थित किया जाना चाहिए, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समान अवसर मिल सके। देवकीबिहार विकास समिति ने नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई को एक ज्ञापन सौंपते हुए गैस वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। ज्ञापन में समिति ने आरोप लगाया कि देवकीबिहार और आसपास की कालोनियों में पिछले एक पखवाड़े से इण्डेन गैस की होम डिलीवरी नहीं हो रही है, जिससे लोग भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। समिति ने यह भी सवाल उठाया कि जब सरकार गैस की कोई कमी नहीं होने का दावा कर रही है, तो फिर क्यों गैस के लिए लंबी लाइनों और अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है? ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि कुछ उपभोक्ताओं को बुकिंग के तुरंत बाद गैस सिलेंडर मिल जा रहे हैं, जबकि दूसरों को बुकिंग के 15 दिन बाद भी गैस नहीं मिल रही है। गैस जैसी बुनियादी आवश्यकता की आपूर्ति में पीक एंड चूज की नीति अपनाने की आलोचना करते हुए, समिति ने प्रशासन से मांग की कि प्रत्येक इण्डेन गैस एजेंसी को मांग और आपूर्ति का विवरण और प्रतिदिन की गैस बुकिंग तिथि के अनुसार वितरण करना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही बुकिंग तिथि के वरिष्ठता क्रम को ओवरटेक कर वितरण करने पर दंड का प्रावधान भी रखा जाए। समिति ने यह भी दावा किया कि यदि उनके सुझावों को लागू किया जाता है, तो गैस के लिए लगने वाली लाइनों, सिफारिशों और अफरा-तफरी पर स्वचालित रूप से नियंत्रण पाया जा सकेगा। प्रदर्शन में वार्ड 46 के पार्षद नवीन जोशी, वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति के महासचिव डीके पाण्डे, डीएस बिष्ट, बहादुर सिंह हरडिया, नरेन्द्र कुमार, योगेश लोहनी, चंचल खाती, अंकुर, बलवंत सिंह, गीता सिराड़ी, तारा खाती, छाया भण्डारी, सुनीता कार्की, अंजु रौतेला, मुन्नी बिष्ट सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।



## टेबिल पर बियर की बोतल, बगल में तमंचा, गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** टेबल पर बियर की बोतल और बगल में तमंचा रखकर फोटो खिंचवाने और फिर उसे इंस्टाग्राम पर रील बनाकर उसे अपलोड करना एक युवक को इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ा, और वह सीधे सलाखों के पीछे पहुंच गया। रील में तमंचा और शराब की बोतल के साथ फोटो खिंचवाने के बाद युवक सूनसान सड़क पर बैठा था, जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। उसके पास से 315 बोर का लोडेड तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस के अनुसार आरोपी युवक की पहचान 19 वर्षीय अंश खत्री ऊर्फ अक्की पुत्र भानु प्रताप सिंह खत्री के रूप में हुई है। वह मूल रूप से मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, लेकिन वर्तमान में गौला गेट, राजपुरा हल्द्वानी में रह रहा था। कोतवाल विजय कुमार मेहता ने बताया कि कुछ दिन पहले आरोपी ने इंस्टाग्राम पर एक रील अपलोड की थी, जिसमें वह तमंचे के साथ नजर आ रहा था। इस मामले का संज्ञान लेने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की और एक अप्रैल को उसे धान मिल तिराहे के पास गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से 315 बोर का लोडेड तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। इस कार्रवाई में पुलिस टीम में एसएसआई भूपेंद्र सिंह मेहता, कांस्टेबल ललित नाथ और धीरेन्द्र अधिकारी शामिल थे।

## जमीन धोखाधड़ी के मामलों में पहले जांच, फिर होगा मुकदमा: एडीजी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** जमीन धोखाधड़ी के मामलों में अब पीड़ितों के लिए बुरी खबर है, क्योंकि ऐसे मामलों में अब पुलिस सीधे मुकदमा दर्ज नहीं करेगी। अब राजपत्रित अधिकारी इन मामलों की पहले जांच करेंगे, और जब मामला सही पाए जाएगा, तब मुकदमा दर्ज किया जाएगा। एडीजी (एलओ) डा. वी. मुरुगेशन ने ऐसे मामलों में आईजी को कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। जमीन धोखाधड़ी सहित कई अहम मुद्दों को लेकर एडीजी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक की थी। बैठक में उन्होंने भूमि संबंधी धोखाधड़ी के मामलों की समीक्षा करते हुए कहा था कि पुलिस मुख्यालय पहले भी स्पष्ट कर चुका है कि ऐसे मामलों में राजपत्रित अधिकारी की जांच के बाद ही नियमानुसार केस दर्ज किया और साक्ष्यों के आधार पर निस्तारण कराया जाए। इस संबंध में यह भी ध्यान रखा जाए कि दीवानी प्रकृति के मामलों में पुलिस अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। उन्होंने गढ़वाल और कुमाऊं रेंज के आईजी को ऐसे मामलों में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए हैं। इसके साथ ही अपराधों की समीक्षा करते हुए एडीजी ने कहा कि नाबालिग बच्चों के गुमशुदा होने पर तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाए और गुमशुदे बच्चों की तलाश तुरंत शुरू की जाए। उन्होंने गुमशुदगी के रिकवरी रेट को बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया और कहा कि इस मामले में हर स्तर पर संवेदनशीलता होनी चाहिए। जिला प्रभारी अधिकारियों को प्रत्येक सप्ताह इस मामले की समीक्षा करने और लापरवाही की स्थिति में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, क्षेत्राधिकारियों को गुमशुदगी की बरामदगी के लिए चेकलिस्ट तैयार करने और हर दिन शेष कार्रवाई का परीक्षण करने को कहा गया है। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि मुख्यालय से मिले निर्देशों के तहत कार्य करते हुए पुलिस पीड़ितों को न्याय दिलाएगी। इसके लिए सभी जिलों के कप्तनों को निर्देशित कर दिया गया है।

## उत्तराखंड परिवहन निगम का सर्वर पांच घंटे ठप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम का सर्वर गुरूवार को दिन में करीब पांच घंटे तक बाधित रहा, जिससे निगम की आय पर असर पड़ा और कई मार्गो पर सेवा प्रभावित हुई। परिवहन निगम के सूत्रों के अनुसार दोपहर 12 बजे से 5 बजे तक सर्वर लड़खड़ा गया जिससे काउंटर कैश कक्ष, मशीन कक्ष, डीजल कक्ष, और ड्यूटी रूम कक्ष सहित सभी काउंटरों पर कार्य ठप हो गया। इस तकनीकी गड़बड़ी के कारण कई बसों में टिकट मशीनें काम नहीं कर पाईं, जिसके कारण मैन्युअल टिकट जारी किए गए। वहीं कुछ बसों को निरस्त भी करना पड़ा। इस घटना से विभागीय घाटे की संभावना जताई जा रही है। हालांकि, पांच बजे के बाद सर्वर फिर से सुचारू रूप से चलने लगा, जिससे विभागीय अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

## नाला डायवर्जन: 1 करोड़ 88 लाख स्वीकृत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा दमुआढूंगा स्थित बनचौकी से बरसाती नाले के डायवर्जन के शेष कार्य को शुरू करने के लिए जिला खनिज न्यास निधि से 1,88,30,000 (एक करोड़ अठ्ठासी लाख तीस हजार) की वित्तीय स्वीकृति के आदेश जारी करने के साथ ही 75 फीसदी की राशि 1,41,22,500 का चैक भी जारी कर दिया गया है। नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई की ओर से यह जानकारी देवकीबिहार विकास समिति के अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे को दिये जाने के बाद क्षेत्रवासियों में खुशी छा गई। दरअसल बृहस्पतिवार को गैस की किल्लत से परेशान देवकीबिहार सहित गैरवैशाली क्षेत्र की विभिन्न कालौनी के लोग नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने पहुंचे थे। देवकीबिहार विकास समिति के अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे द्वारा जब उनसे बरसाती नाले के डायवर्जन के शेष कार्य हेतु बजट उपलब्ध कराने की कार्यवाही के बारे में अपडेट जानना चाहा तो उनके द्वारा प्रभारी जिला खान अधिकारी नवीन सिंह से बात की। प्रत्युत्तर में उनके द्वारा वित्तीय स्वीकृति का आदेश भेजते हुए यह भी बताया गया कि आज ही चैक भी निर्गत कर दिया गया है। श्री पाण्डे ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए उम्मीद जताई कि अब बरसात से पूर्व यह कार्य पूर्ण हो जाएगा। गौरतलब है कि उक्त बरसाती नाले से गैरवैशाली क्षेत्र की 16 कालोनियों में बरसात के दिनों में जलभराव से उत्पन्न भयावह स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर नाले के डायवर्जन हेतु बृहद कार्ययोजना बनाई गई थी। इसके लिए प्रथम चरण में जिला खनिज न्यास निधि फाउण्डेशन मद के अन्तर्गत 96-24 लाख स्वीकृत हुए। देवकीबिहार विकास समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र पाण्डे के अनुसार 339 मीटर लम्बाई की कार्ययोजना हेतु पूर्व में स्वीकृत राशि के सापेक्ष प्रथम चरण में 143 मीटर लम्बाई में 2-0 + 1-50 मीटर आकार के आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण किया गया था। सिंचाई विभाग द्वारा तैयार किये गये प्राक्कलन के अनुसार शेष 196 मीटर लम्बाई में नाला एवं डिसिल्टिंग टैंक के निर्माण हेतु 188-30 लाख के बजट की आवश्यकता थी। बजट के अभाव में यह कार्य रुका पड़ा था।



शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाते कांग्रेसी गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के रामनगर आगमन पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर जमकर नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री का विरोध जताया।

युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी के नेतृत्व में दर्जनों युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लखनपुर चुंगी पर मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने के लिए खड़े हो गए और सरकार विरोधी नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश में बेलगाम होती बेरोजगारी, महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध और सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार को लेकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। सुमित लोहनी ने कहा कि ष्आज उत्तराखंड का युवा सड़कों पर है, बहन-बेटियां असुरक्षित हैं और सरकार केवल प्रचार में व्यस्त है। जब तक जनता को न्याय नहीं मिलता युवा कांग्रेस का विरोध जारी रहेगा।प्रदर्शन करने के दौरान पुलिस ने युवा कार्यकर्ताओं को रोकने की कोशिश की और तीखी नोकझोंक के बाद पुलिस ने शांति भंग करने का हवाला देते हुए जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी सहित सभी युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंकलाब जिंदाबाद और युवा विरोधी मुख्यमंत्री वापस जाओ के नारे लगाए साथ मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग की गई। इस दौरान विरोध प्रदर्शन में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी, सभासद सचिन कुमार आर्य, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विकाश कुमार, सभासद सलमान सलमानी,दीपक रावत, नितिन शाह, पंकज कुमार, चेतन पंत, विजय बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# वृद्ध महिला को बाघ ने बनाया निवाला

■ पशुओं को जंगल चराने गई वृद महिला

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** सुरई वन क्षेत्र इलाके में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब जंगल में मवेशी चराने गई एक वृद्ध महिला को बाघ ने अपना निवाला बना लिया और शव को खींचकर झाड़ियों में ले गया। हादसे की सूचना मिलते ही वन विभाग भारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचा और शव की तलाश शुरू की। वन विभाग और पुलिस टीम ने जंगल से महिला का शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए खटीमा उपजिला चिकित्सालय भेज दिया। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश और वन विभाग की कार्य प्रणाली को लेकर डर का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह लगभग 10:30 बजे ग्राम बग्गा 54, निवासी गोपली देवी पत्नी स्व. दुर्गा सिंह 71 वर्ष प्रतिदिन की तरह अपने पशुओं को सुरई वन क्षेत्र में गई थी। इस समय घात लगाकर बैठे बाघ ने उसे पर हमला कर दिया। बाघ उसे घसीटतें हुए झाड़ियां की ओर ले गया। घटनाक्रम की सूचना साथी चरवाहों ने ग्रामीणों को दी। इसके बाद घटना स्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं वन विभाग व पुलिस टीम ने झाड़ियों से महिला का शव



बरामद कर लिया। और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद सुरई वन क्षेत्र अधिकारी राजेंद्र सिंह मनराल ने वन विभाग की टीम को क्षेत्र में तत्काल ग्रस्त बढ़ाने के दिशा निर्देश दिए और नजर रखने के लिए अधिकारियों को अलर्ट किया।

पीड़ित परिवार को नियम अनुसार उचित मुआवजा देने की प्रक्रिया भी शुरू कर गई है। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतका अपने पीछे दो विवाहित पुत्रियां व अविवाहित इकलौते पुत्र चंदन सिंह दशोनी को रोता बिलखता छोड़ गई। मृतका अपने परिवार को चलाने के लिए पशुपालन करके करती थी।

वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और वे लंबे समय से बाघ के बढ़ते आतंक से निजात दिलाने की मांग कर रहे हैं। घटना के बाद वन विभाग हरकत में आ गया है। खटीमा उप वन प्रभाग की एसडीओ संचिता वर्मा और सुरई वन रेंज के रेंजर राजेंद्र सिंह मनराल ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी वन कर्मियों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और लोग जंगल के आसपास जाने से डर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि जब तक बाघ के खतरे से स्थायी समाधान नहीं निकाला जाता, तब तक उनका जीवन इसी भय के साए में बीतता रहेगा। इस दौरान उपप्रभागीय वन अधिकारी संचित वर्मा, वन क्षेत्र अधिकारी राजेंद्र सिंह मनराल, झनकईया एसएचओ देवेंद्र गौरव, वन दरोगा राजू दास आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

# पूर्व विधायक ठुकराल का कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी के आवास पर हुआ स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल कांग्रेस में शामिल होने के उपरांत कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी के आवास पर पहुंचे, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर ममता रानी ने कहा कि राजकुमार ठुकराल के कांग्रेस में आने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।



ममता रानी ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करेंगे और आने वाले समय में कांग्रेस एक सशक्त विकल्प के रूप में उभरेगी। उन्होंने कहा कि अनुभवी नेताओं के साथ आने से जमीनी स्तर पर पार्टी का जनाधार और अधिक व्यापक होगा। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों और जनसेवा के संकल्प से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान करना है। ठुकराल ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि वे सभी को साथ लेकर चलेंगे और कांग्रेस के हाथ को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। यहां धर्मपाल सागर, अनुज, बाबू विश्वकर्मा, ललित बिष्ट, चमन, उमा, ज्योति टम्टा, नरेश सागर, रंजीत सागर, माया देवी, आनंद शर्मा, देवेन्द्र कुमार, महेश उपाध्याय, सुदीप ठाकुर, बंटी मक्कड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अलॉय पारूथी बने एलायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** अलॉय जितेंद्र पारूथी अलायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 144 नॉर्थ के नए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चुने गए हैं। उन्होंने जयपुर के रमाडा होटल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन में मंडलाधीश पद की शपथ ली। इस अवसर पर उनको समाज हित में किए गए कार्यों के लिए सम्मानित भी किया गया।




इस सम्मेलन में पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, केरल, मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात सहित कई प्रांतों के सदस्यों ने हिस्सा लिया था। पारुथी को क्लब की पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अलॉय सरिता बर्मन ने शपथ दिलाई। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चुने जाने पर पारुथी ने सभी एलायंस मेंबरों का आभार जताते हुए कहा कि उन पर जो भरोसा क्लब ने जताया है उस पर खरा उतरने की हर संभव कोशिश करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह एलायंस की नीतियों के तहत सेवा के हर काम में आगे रहेंगे एवं इस डिस्ट्रिक्ट को नई बुलंदियों तक पहुंचाएंगे। इस मौके पर पास्ट इंटरनेशनल प्रेसिडेंट सुशील अग्रवाल, पास्ट इंटरनेशनल प्रेसिडेंट केजी अग्रवाल, चार्टर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मधु कुमार, इंटरनेशनल डायरेक्टर प्रियंका दीक्षित एवं अजय बंसल, एमसीसी(नॉर्थ) संजीव भटनागर, इंटरनेशनल स्पोक्स पर्सन डॉ. अनिल बाजपेई, पीडीजी मिथिलेश शर्मा, पीडीजी डॉ. एसके शर्मा, पीलीभीत की पास्ट प्रेसिडेंट नीता अग्रवाल, राक. श अग्रवाल, मनोज कन्याल, पंकज टम्टा, कमल गहतोड़ी, कुलदीप राणा, राकेश कुमार रॉक्सी, केसर पारुथी और शिवानी राणा आदि उपस्थित रहे।

# अवैध गैस रिफिलिंग पर छापा, सात सिलेंडर जब्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** तहसील क्षेत्र के रेशमबाड़ी इलाके में बुधवार को राजस्व विभाग, पूर्ति विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान एक युवक को घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रूप से रिफिलिंग करते हुए रंगेहाथ पकड़ा गया। टीम ने मौके से सात गैस सिलेंडर, रिफिलिंग नोजल, पाइप और अन्य उपकरण बरामद कर जब्त कर लिए। पकड़े गए युवक की पहचान 26 वर्षीय तौफीक पुत्र रईस अहमद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक लंबे समय से अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का काम कर रहा था, जिससे इलाके में लोगों की सुरक्षा को खतरा बना हुआ था। प्रशासन ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों



ने कहा कि इस तरह की अवैध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# मुख्यमंत्री ने खटीमा को दी 42 करोड़ 76 लाख की सौगात

■ क्षेत्र में हॉट मिक्स मार्गों का होगा निर्माण, ग्रामीण में खुशी

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा क्षेत्र में हॉट मिक्स मार्गों की स्वीकृति से ग्रामीण में खुशी का माहौल है। खटीमा क्षेत्र में 42 करोड़ 76 लाख के सड़को की स्वीकृति एवं टेंडर प्रक्रिया पर भारतीय जनता पार्टी चकरपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष बिक्रम भाट के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा एकत्र होकर 42 करोड़ 76 लाख की स्वीकृति से बनने वाले मार्गो के लिए आतिशबाजी करते हुवे मिष्ठान वितरण कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा 42 करोड़ 76 लख रुपये मंजूर किए गए, इसके टेंडर पढ़ते ही भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया एवं मिष्ठान वितरण किया। मुख्यमंत्रीद्वारा आलावृद्धि से चकरपुर राजमार्ग को डेढ़ लेने करने के लिए 7.5 करोड, राज्य योजना से ही सुख पुल लोहिया हेड शहीद द्वार से कल पल एसपी कैंप टेलिफोन कॉलोनी बाइस पुल पुनरनिर्माण हेतु 1.75 करोड़ व नानक सागर डैम से सत्रह मील मार्ग की लागत लगभग 34 करोड़ से हॉट मिक्स सड़कें बनाई जा रही हैं। इस अवसर पर पर मंडल अध्यक्ष बिक्रम भाट ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी की कार्यशैली धाकड़ है, एवं तुरंत ही घोषणा करने के बाद शीघ्र प्रक्रिया करते हुए टेंडर प्रक्रिया जारी कर दी है। मंडल अध्यक्ष विक्रम भाट ने कहा कि धामी के नेतृत्व में चौतरफा का विकास हो रहा है, भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक डॉक्टर नवीन भट्ट ने कहा कि धामी ने अपने कार्यकाल में रोड कनेक्टिविटी के साथ ही खटीमा में गौशाला का निर्माण, एकलव्य विद्यालय का निर्माण, केंद्रीय विद्यालय का निर्माण, बस अड्डे के निर्माण सहित ऐतिहासिक कार्य किए हैं। यहां पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा बिमला मुडेला, विक्रम भट्ट, डा. नवीन भट्ट, चंद्रशेखर मुडेला, संतोष जोशी,कमलदीप राणा, नदना माया जोशी, इंद्र सिंह कुंवर, रतन सिंह, नितिन सिंह राना, विपिन सिंह राना, भूपाल रौतेला, चंद्रकला रौतेला, नरेश कालोनी, भरत सिंह खड्का, भूपाल चंद, हिम्मत खडायत, बलवंत सिंह राणा, आईडी पांडे, बॉबी सामंत,जीवन कार्की, विपिन राणा, सुखदेव सिंह, सोनी सरदार, गोविन्द तिवारी, मोहन बोहरा, विकास पोखरिया, भगवान धामी, जानकी गोस्वामी, सतीश भट्ट, रंदीप पोखरिया, प्रेम चन्द, राजू चंद, अजय अज्जू, सुमित, बहादुर पाल, विपिन राणा, मोहित राणा, किशन भंडारी, विक्की सक्सेना सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# नौकरी से निकालने से भड़के मेडिकल कालेज सफाई कर्मी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** स्वतंत्रता सेनानी रामसुमेर शुक्ल स्मृति राजकीय मेडिकल कालेज की प्रिंसीपल द्वारा कालेज में ठेकेदार के अधीन कार्यरत करीब 27 सफाई कर्मियों को नौकरी से निकाल देने के खिलाफ सभी सफाई कर्मियों ने प्रिंसीपल के इस निर्णय का कड़ा विरोध करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया।

उनका कहना था कि वह पिछले करीब 20 से 25 वर्षों से जिला चिकित्सालय में सफाई का काम कर रहे हैं। जब से जिला चिकित्सालय मेडिकल कालेज के अधीन हुआ है उनकी परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब प्रिंसीपल द्वारा उन्हें यह कहकर नौकरी से निकाल दिया गया कि सफाई के टेंडर की अवधि समाप्त हो चुकी है। अब नियमानुसार 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को काम पर नहीं रखा जाएगा और इस कार्य के लिए न्यूनतम कक्षा आठ पास होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अगर 25 वर्ष पूर्व उन्होंने कक्षा आठ पास की होती तो उन्हें नौकरी करने की जरूरत ही क्यों पड़ती? उनका यह भी कहना है कि अचानक उन्हें नौकरी से निकाल देने से उनके समक्ष रोजी रोटी और परिवार के भरण पोषण का संकट आ खड़ा हुआ है। इधर मामला बढ़ते देख चिकित्सा अधिकारियों ने आपस में विचार विमर्श कर सफाई कर्मियों का सेवा काल तीन माह तक और आगे बढ़ाने का निर्णय ले लिया। जिसके बाद सफाई कर्मियों ने राहत की सांस ली। प्रदर्शन करने वालों में सुनीता, ममता, लक्ष्मी, सोना, शीला, रितु, रजनी, गीता, सुमन, रेखा, सपना, आकाश, उमेश, टिंकू ,अभय, ओमपाल आदि शामिल थे।

# सरस्वती एकेडमी में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान सरस्वती एकेडमी में हनुमान जयंती का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल ने की। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को भगवान हनुमान के आदर्शों बल, बुद्धि और भक्ति को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामयश ने भी सभी को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और सभी ने मिलकर जय श्री राम एवं जय बजरंगबली के जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

# बैंक में महिला को बनाया बंधक गारंटर पर तानी रिवाल्वर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** यहां हल्द्वानी मार्ग पर पर स्थित एक निजी बैंक में परिचित महिला को लोन के मामले में बंधक बनाये जाने की जानकारी मिलने पर बैंक पहुंचे उसके गारंटर पर बैंक की एक महिला द्वारा रिवाल्वर तान दी गई और बैंक प्रबंधक द्वारा उसे पुलिस के सामने ही जान से मार देने की धमकी तक दे दी गई।

पीड़ित ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने बताया कि वह एक निजी बैंक में कलैक्शन का काम करता है। इस पर उससे सम्पूर्ण जीवन धन निधि लिमिटेड बैंक में 50 रुपये किश्त का एक खाता खुलवाया। उसका आरोप है कि जमा कराये रुपयों व बैंक के खाते में अन्तर सामने आया। उसने बताया कि उसने बैंक की एक महिला खातेदार की जमानत ली है। महिला ने बताया बैंक से उसे 1.20 लाख के लोन का नोटिस मिला है। उसे बैंक में बैठाकर रखा है। जब वह जानकारी लेने बैंक गया तो वहां पता चला कि लोन 30 हजार का ही है। इस मामले में जब बैंक प्रबंधक से बात. चीत करनी चाही तो उन्होंने अभद्रता करनी शुरू कर दी और उसे धक्का दिया। इस पर 112 पर फोन कर पुलिस को बुलवाया गया। आरोप है बैंक प्रबंधक ने पुलिस के सामने ही उसे जान से मारने की धमकी दी और वहां मौजूद एक महिला ने उस पर रिवाल्वर तान दी। सारी घटना की वीडियो भीउसके पास मौजूद है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# संदिग्ध चर्बी से भरे केंटर को पकड़ा

■ चालक को दबोचकर पुलिस के किया सुपुर्द

■ बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने लगाया गाय की चर्बी तस्करी का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** टोल प्लाजा के पास विश्व हिंदू परिषद का बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने खटीमा से सितारगंज की ओर जा रहे संदिग्ध चर्बी से लदे केंटर ट्रक पकड़ पुलिस के सपुर्द किया। टोल प्लाजा के पास पकड़े गए केंटर में टीन के कनस्तर में भरी गई संदिग्ध चर्बी को गौ वंशीय पशुओं की चर्बी होने का भी आरोप लगाया। इस मौके पर कैंटर चला रहे चालक को भी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा खटीमा



पुलिस के सपुर्द किया किया गया। खटीमा पुलिस ने केंटर को कब्जे में ले चालक से पूछताछ कर आवश्यक कार्यवाही एवं जांच शुरू कर दी।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष क्षितिज अरोड़ा ने बताया कि आज उनके साथ कार्यकर्ताओं ने खटीमा के इस्लामनगर गौटिया खानका से गौ वंशीय पशु की चर्बी को गला कर टीन के कनस्तर में भर कर दिल्ली नंबर की केंटर से तस्करी की जा रही थी, जिसे चालक के साथ खटीमा सितारगंज रोड टोल प्लाजा के पास बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा पकड़ा गया है। इस गाड़ी की सूचना उन्हे दस फरवरी को मिल गई थी, लेकिन यह आज सटीक सूचना पर उनके हत्थे चढ़ी है, जिसे खटीमा कोतवाली पुलिस के सपुर्द किया गया है। केंटर ट्रक में विश्व हिंदी परिषद एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने 17 से 18 कुंतल संदिग्ध चर्बी होने की बात कही। वहीं खटीमा पुलिस ने संदिग्ध चर्बी से भरे केंटर ट्रक को बरामद कर चालक को हिरासत में ले लिया है। इस पूरे मामले की जांच में पुलिस टीम जुट गई है। मौके पर एसआई अशोक कांडपाल, भूपेंद्र रंशवाल, किशोर पंत, रविंद्र नाथ, सोहन सिंह बिष्ट, प्रखंड अध्यक्ष क्षतींज अरोड़ा, प्रखंड महामंत्री प्रदीप सिंह, कुणाल चंद्र रोनी, गुरविंदर सिंह, धीरज पांडेय, कमल कल्याण, हिमांशु कल्याण, मोंटी, भरत चंद, संजीव विश्वास आदि थे।

# किसान हित के फैसलों पर सरकार का जताया आभार

शाह टाइम्स संवाददाता



**बाजपुर।** दर्जा प्राप्त गन्ना राज्यमंत्री मंजीत सिंह राजू ने प्रेस वार्ता कर किसानों के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान और गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) में वृद्धि किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के हित में लिए गए फैसलों से क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिली है। राज्यमंत्री ने बताया कि 24 मार्च 2026 को हुई पूर्व प्रेस वार्ता में उन्होंने किसानों और मजदूरों के बकाया भुगतान 15 अप्रैल 2026 तक कराने की बात कही थी, लेकिन सरकार द्वारा समय से पहले ही धनराशि जारी कर दी गई, जिससे किसानों में खुशी का माहौल है। गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर किसान समय-समय पर सरकार को ज्ञापन देते रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि गन्ना सीजन 2025-26 के बकाया भुगतान हेतु डोईवाला, नादेही, बाजपुर और किच्छा की चारों चीनी मिलों के लिए धनराशि जारी की गई है। इनमें सबसे अधिक 20 करोड़ रुपये की धनराशि बाजपुर चीनी मिल को दी गई है, जिससे किसानों का बकाया भुगतान किया जा सकेगा। मंजीत सिंह राजू ने गेहूं खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य में 160 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि के लिए केंद्र सरकार का भी आभार जताया।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर में उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के सदस्यों ने अपनी 27 सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान महासंघ के प्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों में कार्यरत डिप्लोमा इंजीनियरों की समस्याओं और लंबित मांगों को विस्तार से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।



महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में सेवा शर्तों में सुधार, पदोन्नति प्रक्रिया में पारदर्शिता, वेतन विसंगतियों का समाधान और तकनीकी कर्मचारियों के हितों से जुड़े अन्य मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से इन मांगों को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अब तक ठोस समाधान नहीं निकल पाया है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महासंघ के प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुना और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में शाखा अध्यक्ष प्रमोद कुमार, शाखा सचिव मोहम्मद वासिफ, अमित उप्रेती, गोविंद सिंह रावत, हर्षवर्धन पाठक आदि मौजूद रहे।

# पशु रोग निदान/टीकाकरण प्रचार-प्रसार वाहन को किया रवाना

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने पशु रोग निदान/टीकाकरण प्रचार-प्रसार वाहन को कलक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होने बताया कि खुरपका, मुहपका रोग के नियंत्रण हेतु 45 दिवसीय अभियान चलाकर जनपद के सभी विकास खण्ड क्षेत्रों में पशु चिकित्सको द्वारा पशुओं का टीकाकरण किया जाएगा।



मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आशुतोष जोशी ने बताया कि 45 दिवसीय अभियान में 22 राजकीय पशु चिकित्सालयों अन्तर्गत 122 एफएमडी वैक्सिनेशन टीम द्वारा 2,20,000 मवेशियों का टीकाकरण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण अभियान की मॉनिट्रिगं हेतु जनपद अन्तर्गत राजकीय चिकित्सालयों के चिन्हित ग्रामों में निर्धारित अनुपात में पशुओं के टीकाकरण से पहले तथा टीकाकरण के 28 से 30 दिन बाद पशु रोग अनुसंधान प्रयोगशाला के माध्यम से रक्त के नमूनों का परीक्षण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षो से पशुपालन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रत्येक छः माह के अन्तराल पर मवेशियों (गाय, भैस, भेड़, बकरियों) में खुरपका, मुॅहपका रोग टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। चार वर्षो में अब तक सात चक्रों में बृहद स्तर पर टीकाकरण किए जाने के कारण मवेशियों में अब इस रोग के प्रकरण लगभग समाप्त हो चुके हैं। टीकाकरण अभियान के कारण मवेशियों के मुख एवं खुरों में छाले पड़ने, तीव्र ज्वर, गर्भपात, दुग्ध उत्पादन में अत्यधिक कमी तथा कुछ प्रकरणों में मवेशियों की मृत्यु के प्रकरणों में उल्लेखनीय कमी आयी है।

इस अवसर पर मुख्य कृषि अधिकारी डा. वीके यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आशुतोष जोशी आदि मौजूद थे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल मुख्य परीक्षा सन् 2018 जिसका अनुक्रमांक 18140560 का अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया गया है, जो नहीं मिल रहा है। जिस किसी को मिले तो मुझे सम्पर्क करे।

**रुपिन्दर कौर पुत्री श्री दलवीर सिंह**
**निवासी-ग्राम मोहम्मदगंज, कोतवाली नानकमत्ता, जिला उधमसिंहनगर।**

# कुसुम गुप्ता को मनोविज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर कुसुम गुप्ता को कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। शोधार्थी कुसुम गुप्ता ने अपना शोध कार्य ष्इफेक्ट ऑफ पेरेंटिंग स्टाइल ऑन लोकस ऑफ कंट्रोल एंड एकाद. मिक स्ट्रेस इन कॉलेज स्टूडेंट्सष शीर्षक पर किया है।

उन्होंने अपना शोध कार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ.अनीता जोशी के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया है।

मौखिकी परीक्षा कुमाऊं विश्व. विद्यालय में मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष व कला संकाय प्रोफेसर रजनीश पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। परीक्षा के लिए बाह्य परीक्षक सोबन सिंह जीना विश्व. विद्यालय अल्मोड़ा की मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मधुलता नयाल रही। परीक्षकों ने उनके द्वारा किए गए शोध कार्य की सराहना कर गुणवत्ता युक्त कहा।

इस अवसर पर प्रोफेसर मधुलता नयाल, रजनीश पांडे , अनीता जोशी, डॉ. वल्लरी कुकरेती, डॉ. ऋचा गिनवाल, डॉ.नंदन सिंह, डॉ. संजय घिल्डियाल, डॉ.प्रियंका रावत, प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे, प्रो.एसएस मौर्या, डॉ. लवकुश चौधरी, डॉ प्रमोद जोशी, डॉ. गुरप्रीत सिंह, डॉ. देव आशीष, डॉ. डी.एन.जोशी एवं अन्य प्राध्यापकों ने बधाई दीं।

# बाजपुर में हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के विधायक यशपाल आर्य भी शामिल हुए और श्रद्धालुओं के साथ मिलकर भगवान श्री हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला, जहां जयकारों और भजनों के साथ भगवान हनुमान की महिमा का गुणगान किया गया। इस अवसर पर विधायक यशपाल आर्य ने सभी क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि हनुमान जी महाराज की कृपा सभी पर बनी रहे। कार्यक्रम के सफल एवं भव्य आयोजन के लिए मंदिर समिति को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।



# बेखौफ बदमाशों का तांडव

- रोडवेज बस पर पथराव, सवारियों में मची चीख-पुकार
- चालक ने पुलिस चौकी पहुंचकर बचाई जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** दबंगों की गुंडागर्दी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। टनकपुर डिपो की एक रोडवेज बस पर बाइक सवार युवकों ने न केवल हमला किया, बल्कि पथराव कर बस के शीशे भी तोड़ दिए। इस हमले में बस में बैठी सवारियों को चोटें आई हैं और यात्रियों के बीच दहशत का माहौल बना रहा। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को पुलिस चौकी की ओर दौड़ाया, जिसके बाद हमलावर फरार हो गए।

बताया जा रहा है कि बुधवार को टनकपुर डिपो की रोडवेज बस (UK07PA2905) सवारी लेकर हरिद्वार के लिए जा रही थी। बस चालक शारदा शंकर ने बताया कि जब वे गदरपुर चीनी मिल के पास पहुंचे, तो दो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने बस को ओवरटेक किया। इसके बाद उन्होंने जबरन बस को रुकवा लिया। बस रुकते ही दो अज्ञात युवक गेट का शीशा तोड़कर अंदर घुस आए और चालक के साथ गाली-गलौज व हाथापाई करने लगे। सवारियों के विरोध करने पर उस समय तो वे युवक उतर गए, लेकिन विवाद वहीं खत्म नहीं हुआ।

पीड़ित चालक के मुताबिक, जैसे ही बस रत्ना की मड़ैया (केलाखेड़ा) के पास पहुंची, हमलावरों ने अपने 5-6 अन्य साथियों के साथ 3-4 मोटरसाइकिलों पर बस का पीछा करना शुरू कर दिया। हमलावर लाठी-डंडों से लैस थे। उन्होंने चलते वाहन पर पीछे और अगल-बगल से पत्थरों और डंडों की बरसात कर दी। इस हमले में बस का पिछला शीशा और खिड़कियों के शीशे चकनाचूर हो गए। पत्थरों की चपेट में आने से बस के भीतर बैठी कुछ सवारियों को भी चोटें आई हैं।

बदमाश लगातार बस को रोकने का प्रयास कर रहे थे और जान से मारने की धमकियां दे रहे थे। स्थिति को गंभीर देखते हुए चालक शारदा शंकर ने बस की रफ्तार बढ़ाई और उसे सीधे दोराहा पुलिस चौकी पर जाकर रोका। पुलिस चौकी को सामने देख हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद चालक शारदा शंकर और परिचालक विनो.द कुमार ने थाना गदरपुर में तहरीर देकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने नेशनल हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# लोहाघाट पीजी कॉलेज में रोजगार मेले की गूंज

- 250 युवाओं ने आजमाई किस्मत, कंपनियों ने दिए 93 युवाओं को नौकरी के अवसर
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मॉडल जिले में युवाओं तक पहुंच रहा रोजगार, विभिन्न कंपनियों ने दिखाई दिलचस्पी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित पहले रोजगार मेले में 93 युवाओं को रोजगार के अवसर मिले। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मॉडल जिले की अवधारणा के तहत अब कंपनियां खुद यहां के युवाओं तक पहुंच रही हैं महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस रोजगार मेले में लगभग 250 योग्य युवाओं ने प्रतिभाग किया। देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे कंपनियों के मानव संसाधन प्रति. निधियों ने बताया कि उन्हें विभिन्न कार्यों के लिए करीब ढाई हजार युवाओं की आवश्यकता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र पांडे, सीडीओ डॉ जी.एस. खाती तथा महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर संगीता गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर



पर वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री के मॉडल जिले में अब रोजगार घर-घर तक पहुंच रहा है, जरूरत इस बात की है कि युवा कंपनियों की मांग के अनुसार स्वयं को तैयार करें। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि भविष्य में परीक्षा अवधि से अलग समय पर दूसरा रोजगार मेला आयोजित किया जाए, जिससे अधिक युवा इसका लाभ उठा सकें। प्राचार्य प्रो. संगीता गुप्ता ने सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय में अनुशासित और प्रतिभाशाली युवा शक्ति मौजूद है, जो अवसर मिलने पर बेहतर प्रदर्शन कर सकती है।

रोजगार मेले के सफल आयोजन में महाविद्यालय की कैरियर काउंसलिंग सेल के सदस्य डॉ. रुचिर जोशी, डॉ. बी.आर. लोहिया, डॉ. बीना, डॉ. उमा कांडपाल, डॉ. सरस्वती भट्ट, डॉ. रवि सनवाल, डॉ. पंकज टम्टा, डॉ. मनोज कुमार सहित अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रकाश लखेड़ा ने किया। जिला सेवायोजन अधिकारी आर के पंत ने मेले के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं को कंपनियों की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करना होगा। उन्होंने मुख्य अतिथि समेत सीडीओ, प्राचार्य, महाविद्यालय परिवार और सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

रोजगार मेले में पुखराज हेल्थकेयर, स्क्वैश ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड, हेता ऑर्गेनिक, जेटीईकेटी इंडिया लिमिटेड, महेंद्रा - महेंद्रा अद्विक ऐडविक प्राइवेट लिमिटेड, मिंडा कार्पोरेशन तथा सुपर साइन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड सहित कई कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर युवाओं का चयन किया।

## एक नजर

# टीकाकरण अभियान का डीएम ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पशुपालन विभाग, जनपद पिथौरागढ़ द्वारा खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव हेतु 45 दिवसीय व्यापक टीकाकरण अभियान का गुरुवार को विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई ने कलक्ट्रेट परिसर से टीकाकरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जनपद के पशुधन को संक्रामक रोग से सुरक्षित रखना, उनकी उत्पादकता बढ़ाना तथा पशुपालकों को आर्थिक हानि से बचाना है। जिलाधिकारी ने सभी पशुपालकों से अपील की कि वे इस अभियान का लाभ उठाते हुए अपने सभी पात्र पशुओं का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. योगेश कुमार शर्मा, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. लाल सिंह सामन्त, पशुचिकित्साधिकारी डॉ. प्रेमलता बसेड़ा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह अभियान दो अप्रैल से आगामी 45 दिनों तक संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जनपद में कुल 3,51,000 पशुओं का टीकाकरण किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें 1,41,000 गौवंशीय एवं महिषवंशीय तथा 2,10,000 भेड़ एवं बकरी शामिल हैं। इसके लिए पशुपालन विभाग द्वारा 52 टीमों का गठन करते हुए 160 से अधिक कार्मिकों की तैनाती की गई है। सभी टीमें गांव-गांव जाकर घर-घर पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित करेंगी।

# डायनेस्टी गुरुकुल छिनकी में धूमधाम से मनाया गया हनुमान का जन्मोत्सव!

**शाह टाईम्स संवाददाता**

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म में प्रभु श्री राम के परम भक्त श्री हनुमान के जन्मोत्सव का त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस शुभ अवसर पर विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा श्री हनुमान चालीसा पाठ का गायन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा श्री रामचरितमानस पर आधारित सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा सुंदरकांड व हनुमान चालीसा की पुस्तकें वितरित कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा सभी विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित कर श्री हनुमान जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। यहां विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, विक्टर आइवन, हरीश भट्ट, सुरेश ओली, रमेश जोशी, सुरेंद्र रावत, अशोक जोशी, मनीष ठाकुर, ऊषा भट्ट, लिंसी त्यागी, शिल्पा सक्सेना, हेमलता बोरा, ऊषा चौसाली, दीपा भट्ट, दीपा डसीला, कमला राय, चामू दानू, राहुल कुमार, नरसिंह कुंवर, रेनू उपाध्याय, उधम सिंह, रूचि चौहान, कल्पना चंद, पूरन पाण्डेय व समस्त शिक्षक, अभिभावक आदि मौजूद थे।

# पिकअप से एक लाख के सागौन के गिल्टे बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वन विभाग के खटीमा रेंज की टीम ने ग्राम गुरखुडा में अवैध कटान कर लोड सागौन के गिल्टे बरामद किए हैं। लकड़ी पिकअप पर लादकर न्यूरिया पीलीभीत ले जाने की तैयारी थी। वन क्षेत्राधिकारी हरेन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि सूचना के आधार पर पिकअप नंबर यूपी 26T7112 खड़ी मिली।

वन विभाग की टीम को देखते ही गिल्टे लोड करने वाले श्रमिक भाग निकले। सागौन लदी पिकअप जब्त कर रेंज कार्यालय लाया गया। जिसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि बरामद सागौन के चार गिल्टों का बाजार भाव लगभग एक लाख से अधिक है।

# बारामो-टुंडी क्लस्टर के समग्र विकास को गति देने को बैठक आयोजित

- एकीकृत विकास योजना से बदलेगा बारामो-टुंडी क्लस्टर का स्वरूप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बारामो-टुंडी क्लस्टर के समग्र विकास हेतु तैयार एकीकृत विकास योजना के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्लस्टर के समग्र एवं सतत विकास के उद्देश्य से तैयार योजना की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत प्रस्तावित गतिविधियों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाए, जिससे



अधिक से अधिक ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। योजना के अंतर्गत आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के साथ-साथ उच्च मूल्य वाली फसलों जैसे कीवी, अनानास एवं सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती, मत्स्य पालन, डेयरी एवं बकरी पालन जैसी गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए।

उद्यान विभाग द्वारा 8 नाली भूमि में कीवी का रोपण कराया गया है, जिससे 20 किसान लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही किसानों को सब्जी बीज का वितरण किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि किसानों को मल्चिंग सेट एवं एंटी-हेलनेट (सुरक्षा जाल) भी उपलब्ध कराए जाएं। मुख्य उद्यान अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अप्रैल माह में किसानों को मधुमक्खी बॉक्स वितरित किए जाएंगे। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, सिंचाई, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दिया गया।

जिलाधिकारी ने महिला स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। मत्स्य विभाग द्वारा बताया गया कि 32 मत्स्य तालाब प्रस्तावित हैं, जिनमें से 13 की खुदाई पूर्ण हो चुकी है तथा 3 टैंकों हेतु सिलपॉलिन शीट उपलब्ध हो चुकी है। जिलाधिकारी ने शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। डेयरी एवं पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया कि लाभार्थियों का चयन तत्काल पूर्ण कर लिया जाए, जिससे धनराशि प्राप्त होते ही योजनाओं का लाभ शीघ्र दिया जा सके। बैठक में कहा गया कि यह एकीकृत विकास योजना क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से ग्रामीणों की आय में वृद्धि, रोजगार सृजन एवं जीवन स्तर में सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा। बैठक में जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेन्द्र चौधरी, मुख्य उद्यान अधिकारी अभिनव कुमार समेत संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# गुरमेज सिंह बने प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** ब्लॉक क्षेत्र जसपुर के समस्त नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों द्वारा एक बैठक का आयोजन सत्कार ढाबा जसपुर में किया गया, जहां पर आपस में गहन विचार विमर्श करने के पश्चात सर्व सम्मति से ग्राम पंचायत सूरजपुर के प्रधान गुरमेज सिंह को प्रधान संघ का ब्लॉक अध्यक्ष चुन लिया गया। उनके समर्थन में लगभग 36 ग्राम प्रधानों ने सहमति जताकर सहमति पत्र मीडिया को सौंपा।



मीडिया से बातचीत करते हुए प्रधान संघ अध्यक्ष गुरमेज सिंह ने बताया कि वह पूर्व में ही सर्वसम्मति से प्रधान संघ के अध्यक्ष चुन लिए गए थे लेकिन पारिवारिक कुछ दिक्कतों की वजह से एक दो क्षेत्रीय प्रधानों ने बिना किसी सूचना के कुछ प्रधानों को अंधेरे में रखते हुए खुद को प्रधान संघ का अध्यक्ष घोषित कर दिया। उसके पश्चात ब्लॉक क्षेत्र के लगभग 36 प्रधानों ने अध्यक्ष गुरमेज सिंह के पास पहुंचकर आपस में हुई कुछ गलतफहमियों को दूर किया और उसके पश्चात गहन विचार विमर्श कर उनको प्रधान संघ का अध्यक्ष घोषित कर बधाइयां प्रेषित की इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में क्षेत्रीय ग्राम प्रधान मौजूद रहे। इस अवसर पर आशीष चौहान, सरजीत, हरिओम, धर्म पाल सिंह, कुलविंद्र कौर, निशु, मनोज कुमारी, कविता देवी, मृदुला सागर, सीमा देवी, राजेश्वरी देवी, बलजीत कौर, सुलेखा, सत्येंद्र कौर, मनोज कुमार, रिंकू कुमार समेत लगभग 36 ग्राम प्रधान शामिल रहे।

# बिलेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा



- भव्य कलश यात्राा, हवन, पूजन, सुन्दर कांड सहित भंडारा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पीलीभीत रोड़ चारूबेटा कॉलोनी स्थित बिलेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर महावीर हनुमान, राधा कृष्ण, सरस्वती, राम दरबार आदि स्थापित मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ पवित्र शारदा के जल के जलाभिषेक से हुआ। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पीतांबर पांडे एवं भोपाल बिष्ट की देखरेख में ग्रामीण महिलाओं ने परंपरागत वेशभूषा में निकाली गई कलश यात्रा के जलाभिषेक से हुआ। मंदिर परिसर पर पंडित मुरलीधर भट्ट द्वारा नवग्रह पूजन, वेद मंत्रों के उच्चारण से जलाभिषेक के बाद मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इस दौरान हवन, पूजन एवं सुंदरकांड का पाठ किया गया। यहां आयोजित भंडारे का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य एवं सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र राणा की उपस्थिति में हुआ। जिपंअ मौर्य एवं सांसद प्रतिनिधि राणा ने हर संभव सहायता का आश्वासन देते हुए मंदिर कमेटी का आभार जताया।

इस दौरान त्रिलोक बिष्ट, लाल सिंह गैड़ा, दलीप सिंगवाल, इनकेश नाथ, ललित बिष्ट अमित सिंह बिष्ट, पंकज थापा, गोपाल थापा, प्रकाश तिवारी आदि मौजूद थे।

# भूरारानी अण्डरपास कार्य को शीघ्र करें पूर्णः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने रेलवे व प्रशास. निक अधिकारियों की जिला सभागार में बैठक लेते हुए भूरारानी अण्डरपास कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के साथ ही काशीपुर-रामनगर आरओबी व छतरपुर-मटकोटा मार्ग पर आरओबी निर्माण हेतु लोनिवि, एनएच को धनराशि रेलवे को हस्तान्तरित करने के निर्देश दिए ताकि दोनों आरओबी कार्य को प्रारम्भ किया जा सकें।

जिलाधिकारी द्वारा छतरपुर गुड शेड निर्माण की प्रगति पूछे जाने पर प्रबंधक सिडकुल पंतनगर ने अवगत कराया कि शेड निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि में 4.5 एकड़ भूमि टाटा कम्पनी व 4.5 एकड़ भूमि सिडकुल की है, इस तरह 9 एकड़ भूमि पर गुड शेड निर्माण हेतु 114 करोड़ की धनराशि की लागत से किया जाना प्रस्तावित है, भूमि को रेलवे के नाम पर हस्तान्तरित किए




जाने हेतु प्रस्ताव सिडकुल मुख्यालय को भेजा गया है। जिलाधिकारी ने खटीमा से मझोल के मध्य रेलवे फाटक 18 सी खोलने, किच्छा गल्लामंडी के पास व किच्छा-पंतनगर रेलवे लाइन में अण्डर पास बनाये जाने हेतु उप जिलाधिकारी, रेलवे व सड़क महकमे को संयुक्त निरीक्षण कर प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बाजपुर क्षेत्रान्तर्गत रेलवे फाटक 21 व 22 में पानी भर जाता है इसलिए जनहित में सुरक्षा की दृष्टि से आरओबी अथवा एलिवेटेड सड़क का निर्माण हेतु रेलवे व लोनिवि को संयुक्त निरीक्षण कर शीघ्र आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी तरह रेलवे स्टेशन काशीपुर के सामने बरसात के दौरान पानी भरने की समस्या रेलवे अधिकारियों द्वारा उठायी गई थी। जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी काशीपुर, रेलवे, नगर आयुक्त काशीपुर, अधिशासी अभियंता लो. निवि व सिचाई को स्थलीय निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। जिस पर रेलवे अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि संयुक्त रिपोर्ट आ गयी है, बर्षाकाल से पूर्व कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने रुद्रपुर- टाण्डा- हल्द्वानी सड़क मार्ग पर दो रेलवे फाटक पड़ते है जहां पर रेलवे क्रासिंग के दोनों ओर टूटी सड़क को ठीक करने हेतु रेलवे को अनापत्ति प्रमाण पत्र देने के साथ ही अधीक्षण अभियंता लोनिवि को सड़क मरम्मत करने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, गौरव पाण्डेय, अधिशासी अभियंता लोनिवि नीरज कुमार अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता विद्युत राजीव चक्रवर्ती, रेलवे के अभियंता अखिलेश कुमार, मुन्ना लाल, प्रवीन कुमार, प्रभात कुमार आदि मौजूद थे व उप जिलाधिकारी काशीपुर अभय प्रताप सिंह, बाजपुर डा. अमृता शर्मा, अधीक्षण अभियंता लोनिवि अनिल पांगती वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

# किचन के नीचे छिपा रखा था शराब का जखीरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बाजपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसआई प्रहलाद सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सुभाष नगर वार्ड नंबर 8 निवासी पूजा पत्नी कैलाश को गिरफ्तार किया।



**224 पाउच के साथ एक महिला को पकड़ा**

पुलिस के अनुसार आरोपी महिला के घर की तलाशी लेने पर किचन में टाइल्स के नीचे गड्ढा खोदकर ढक्कन वाले ड्रम छिपाए गए थे, जिनमें कच्ची अवैध शराब का भंडारण किया गया था। मौके से 224 पाउच और करीब 75 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। जांच में सामने आया कि आरोपी महिला अपने घर में शराब छिपाकर रखती थी और बाद में अपनी दुकान के माध्यम से ग्राहकों को बेचती थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध संख्या 125 के तहत धारा 60 आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है। कार्रवाई करने वाली टीम में एसआई प्रहलाद सिंह, महिला आरक्षी अदिति गोस्वामी और कांस्टेबल अनुपम सिंह शामिल रहे।

# मदरसा गौसिया के छात्र-छात्राओं को दिया गया रिजल्ट

- फर्स्ट, सेकंड, थर्ड डिविजन वाले छात्रों को शील्ड देकर किया गया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मदरसा गौघसिया एक मशहूर अदारा है जहां सिर्फ दीनी तालीम नहीं बल्कि दुनिया की तालीम भी अनुभवी टीचरस की निगरानी में दी जाती है। 2025/ 26 सत्र के जिन छात्र-छात्राओं ने अपने क्लास में सबसे ज्यादा नंबर हासिल किया उनको मदरसा गौसिया की जानिब से शील्ड और इनाम देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मदरसा गौसिया में एक महफिल का आयोजन किया गया जिसमें मदरसा के तमाम छात्र-छात्राओं के साथ उनके मां-बाप ने भी शिरकत की। एन सी से लेकर कक्षा 8 तक के फर्स्ट, सेकंड और थर्ड पोजीशन हासिल करने वाले छात्रों को मेहमानों के हाथों शील्ड दिया गया। मदरसा गौसिया के प्रबंधक मौलाना इरफान उल हक कादरी ने बच्चों और उनके गार्जियन को संबोधित करते हुए कहा की बच्चों की तरबीयत में मां-बाप का अहम किरदार होता है अगर मां-बाप सुस्ती और काहिली करेंगे तो उसका नतीजा बच्चों के भविष्य पर बहुत बुरा पड़ेगा। इसलिए बच्चों की तालीम और तरबीयत की जिघ्मेदारी सबसे पहले मां बाप पर आती है। उसके बाद मदरसा गौसिया के प्रिंसिपल मात्रा में खालिद हुसैन साहब ने फर्स्ट सेकंड थर्ड इसी तरह पूरे मदरसे में सबसे ज्यादा अटेंडेंस देने वाले बच्चों और मदरसा गौसिया के टॉपर को बुला करके इनाम से नवाजा। एमसी में मोहम्मद जैद पुत्र जावेद अंसारी, एलकेजी में इनाया नूर पुत्री मोहम्मद यूसुफ, यूकेजी में तैमूर अली पुत्र मोहम्मद सलमान, कक्षा एक में इस्मा अंसारी पुत्री मोहम्मद हारुन, कक्षा 2 में शाइना नूर पुत्री मोहम्मद कासिम, कक्षा 3 में फायजा नूर पुत्री आबिद नूर, कक्षा 4 में इनाया पुत्री मोहम्मद असलम, कक्षा 5 में इल्मा नाज पुत्री सरताज अहमद, कक्षा 6 में अक्सा नूर पुत्री मजरुल हसन, कक्षा 7 में महक फातिमा पुत्री रियाज अहमद, कक्षा 8 में इस बार नूर पुत्री जब अहमद को शील्ड दिया गया। इस मौके पर मुहाफिज रजा मिस्बाही, हाफिज जफरुद्दीन, मौलाना अमान उल हक कादरी,मुन्ना भाई सरराफ, पप्पू अली, रियाज अहमद, शमशुल हसन, हाफिज इरशाद हुसैन तहसीनी, मास्टर असलम, मास्टर चुम्मन आदि मौजूद थे।

# टनकपुर में तीसरे स्टोन क्रेशर खोलने की मांग तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर ( चम्पावत )।** क्षेत्र में खनन कार्य से जुड़े वाहन स्वामियों द्वारा स्टोन क्रेशर प्लांट खोलने की मांग लगातार तेज होती जा रही है। इसी क्रम में वाहन स्वामियों ने राज्य सरकार से टनकपुर क्षेत्र में शीघ्र एक और स्टोन क्रेशर प्लांट स्थापित करने की मांग उठाई है।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वर्तमान में क्षेत्र में पर्याप्त स्टोन क्रेशर प्लांट उपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण खनन कार्य प्रभावित हो रहा है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से इस समस्या का शीघ्र समाधान निकालने की अपील की। मां शारदा खनन शक्तिमान यूनियन के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि यह मांग पूर्व में भी कई बार प्रशासन और राज्य सरकार के समक्ष रखी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द इस विषय पर सकारात्मक पहल करेगी।




इस दौरान बड़ी संख्या में वाहन स्वामी मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में राज्य सरकार से क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान हेतु प्रभावी कदम उठाने की मांग की। प्रदर्शन में शैहरम, सैफ अली, शहवेज, समीर अली, कुंदन सिंह, मोहित गडकोटी, नवीन जोशी, दिनेश जोशी, रवि कश्यप, गौरव जोशी सहित सैकड़ों वाहन स्वामी शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि मां शारदा खनन यूनियन टनकपुर में लगभग 800 पंजीकृत वाहन स्वामी हैं, जिनकी आजीविका खनन कार्य पर निर्भर है।

# जब अपने ही बिछड़ते हैं, तो खाली हो जाता है दफ्तर

- पालिका कर्मियों की विदाई में छलक पड़े जज्बात
- लक्ष्मण सिंह बोहरा और लिपिक अर्जुन सिंह को दी भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चंपावत।** नगर पालि. का परिसर उस समय भावनाओं के सैलाब में डूब गया, जब वर्षों तक अपनी सेवा, ईमानदारी और आत्मीयता से सभी के दिलों में जगह बनाने वाले पालिका कर्मी लक्ष्मण सिंह बोहरा (JE) और लिपिक अर्जुन सिंह को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। यह



सिर्फ एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि हर उस दिल की आवाज थी जो इन दोनों के जाने से खालीपन महसूस कर रहा था।

समारोह की शुरुआत जैसे ही हुई, माहौल धीरे-धीरे भावुक होता चला गया। मंच से जब उनके योगदान और व्यक्तित्व का जिक्र हुआ, तो कई आंखें नम हो गईं। सहकर्मियों ने कहा कि "रिटायरमेंट सिर्फ एक पद से होता है, रिश्तों और यादों से नहीं। लक्ष्मण सिंह बो. हरा ने अपने लंबे सेवाकाल में जो ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण दिखाया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मिसाल बन चुका है। वहीं अर्जुन सिंह को सभी ने अपने बड़े भाई के रूप में याद कियाख्एक ऐसा साथी, जो हर मुश्किल में सबसे पहले साथ खड़ा मिलता था।

विदाई के इस अवसर पर पंजीकृत ठेकेदार उमाशंकर, टीकाराम खर्कवाल, कैलाश गड़कोटी, सोमनाथ सिंह, विनोद शारदा, प्रदीप पांडे, दीपक मेहर सहित पालिका कर्मी मनोहर सिंह, हेमंत टंडन, विशाल प्रकाश सिंह, अनुराधा यादव, अंकित अग्रवाल, सभासद सभ्भ्या वाल्मीकि, विनोद सिंह, शैलेंद्र सिंह आदि सभासद मौजूद रहे।

वहीं अधिशासी अधिकारी ऋषभ उनियाल और पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार ने भी दोनों कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए।

पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स और हमसे जुड़े रहें।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि पहले मेरा नाम सीमा देवी (SEEMA DEVI) था अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके सीमा (SEEMA) रख लिया है। मैं सामान्यता: सभी व्यक्तियों, रिश्तेदारों और मित्रों को यह रपष्ट अधिकार देती हूं और उनसे यह अनुरोध करती हूं कि वे अब से हर मौके पर, हर विवरण में मेरे नए नाम सीमा (SEEMA) से ही सम्बोधित करें।

**सीमा पत्नी श्री दिवान सिंह चैंसिर, निवासी ग्राम व पो.-धुंगा टोली, तह.-धारचुला, जिला पिथौरागढ़, उत्तराखण्ड**

# शिक्षा मित्रों के नियमितिकरण पर सुनवाई

## हाई कोर्ट ने कहा– सक्षम अधिकारी उनके प्रत्यावेदन पर आठ सप्ताह में लें फैसला



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वर्षो से प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण का कार्य कर रहे शिक्षा मित्रों को नियमित करने को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने याचिकर्ताओं से कहा है कि वे इस संबंध में दो सप्ताह के भीतर अपना प्रत्यावेदन सक्षम अधिकारी को दें। सक्षम अधिकारी उनके प्रत्यावेदन पर 8 सप्ताह के भीतर विधि अनुसार निर्णय लें। मामले की सुनवाई के बाद ने उनकी याचिकाओं को अंतिम रूप से निस्तारित कर दी गयी हैं। मामले के अनुसार शिक्षा मित्र मीना आर्या, गुलशन राजा, सविता और अन्य ने उच्च न्यायालय में अलग अलग याचिकाएं कर कहा है कि वे प्राथमिक स्कूलों में शिक्षा मित्र के तौर पर वर्ष 2005 से नियमित सेवाएं दे रहे हैं। उनके पास प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा होने के साथ साथ स्नातक भी हैं। साथ ही उनके द्वारा टीईटी भी उत्तीर्ण की हुई है। इसलिए उनको नियमित करने के निर्देश सरकार को दिए जाएं। वीरवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि इनकी नियुक्ति शिक्षा मित्र के तौर पर हुई है, इसलिए इन्हें नियमित नहीं किया जा सकता जिसपर कोर्ट ने कहा कि पहले आप इस संबंध में अपना प्रत्यावेदन सक्षम अधिकारी को दें।

### देहरादून में जाम के मामले पर सुनवाई 15 को

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के द्वारा देहरादून शहर को जाम मुक्त कराने को लेकर प्रस्तावित बिंदाल रिस्पना फोर लाईन एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट की जद में आ रहे लोगों की भूमि को अधिग्रहण करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाधयाय की खण्डपीठ ने कोर्ट के रजिस्ट्रार को निर्देश दिए कि इसी संबन्ध में दो अन्य जनहित याचिकाएं पूर्व में दायर हो चुकी हैं उनको भी इसी के साथ सूचीबद्ध करें। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई हेतु 15 अप्रैल बुधवार की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार देहरादून निवासी अनूप नौटियाल ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि राज्य सरकार देहरादून शहर को जाम मुक्त कराने के लिए बिंदाल रिस्पना फोर लाइन लिवेटेड प्रोजेक्ट बना रही है जिसका रोडमैप भी बन चुका है। इसको बनाने के लिए उनकी भूमि का अधिग्रहण भी हो रहा है। डिमार्केशन की प्रक्रिया भी जारी कर दी है। यही नहीं इसके बनने से कई लोगो के घर भूमि, पर्यावरण दैवीय आपदा आ सकती है। इतने बड़े प्रोजेक्ट की भार क्षमता यहां की भूमि नहीं कर सकती है।

### हाई कोर्ट से अब्दुल मलिक को नहीं मिली राहत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के चर्चित बनभूलपुरा कांड के साजिशकर्ता मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक की जमानत याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने वीरवार को भी उन्हें कोई राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई हेतु 16 अप्रैल की तिथि नियत की है। बता दें बीरवार को मामले की सुनवाई न्यायमूर्ती आलोक कुमार वर्मा और न्यायमूर्ती आलोक महरा की खंडपीठ में हुई। कोर्ट ने सरकार और आरोपी के अधिवक्ता से पूछा है कि इनके खिलाफ जो अन्य सात मुकदमे हैं, उनकी वर्तमान स्थिति क्या है, कितने केसों में बरी हो चुके और कितने विचाराधीन हैं कोर्ट को बताएं। वीरवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कोर्ट को अवगत कराया कि जांच के दौरान इनके खिलाफ इन केसों के अलावा अन्य सात मुकदमे दर्ज होने की पुष्टि हुई है। कई मामलों में ये बरी हो चुके हैं। कुछ का पता अभी नहीं चल सका है जिसपर कोर्ट ने सभी केसों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराने को कहा है।

### आयुर्वेद विश्वविद्यालय के शिक्षकों के वेतन याचिका निस्तारित

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने आयुर्वेद विश्व विद्यालय के शिक्षकों का वेतन एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उन्हें वेतन और अन्य लाभ नहीं दिये जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने आयुर्वेद विश्वविद्यालय को निर्देश दिए हैं कि इनको अन्य कर्मचारियों की भांति हर महीने वेतन का भुगतान करें कयोंकि इनके खिलाफ कोई शिकायत दर्ज नहीं है न ही कोई वसूली का आदेश हैं, चाहे तो विश्वविद्यालय इनके दस्तावेजों की जांच करा सकता है। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिका को निस्तारित कर दी है। कोर्ट ने आयुर्वेद शिक्षक वेल्फेयर संघ की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिए।

## नैनीताल में गैस किल्लत पर प्रशासन सख्त

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नैनीताल शहर में रसोई गैस की बढ़ती किल्लत और उपभोक्ताओं की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने वीरवार को गैस एजेंसियों के प्रबंधकों के साथ बैठक की। जानकारी के अनुसार गैस सिलिंडरों की पर्याप्त आपूर्ति न होने के चलते वीरवार को कई क्षेत्रों में गैस वितरण नहीं हो सका इससे लोगों में नाराजगी देखी गई। इसी स्थिति को देखते हुए एसडीएम नवाजिश खलिक ने संबंधित एजेंसियों के साथ बैठक कर समस्याओं की जानकारी ली।बैठक में एजेंसी संचालकों ने बताया कि मांग के अनुरूप गैस सिलिंडरों की आपूर्ति नहीं हो पा रही है जिसके चलते रोस्टर के अनुसार वितरण करना भी मुश्किल हो रहा है। इस पर एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मौजूद संसाधनों के अनुसार पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से गैस वितरण सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम ने कहा कि सभी एजेंसियां रोस्टर के अनुसार ही सिलिंडरों का वितरण करें और बुकिंग के आधार पर संबंधित क्षेत्रों में आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि किसी क्षेत्र में सिलिंडरों की बुकिंग है तो एजेंसियां सिलिंडर लेकर जाएंए ताकि किसी उपभोक्ता को खाली हाथ न लौटना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सिलिंडरों की कमी हो तो पुरानी बुकिंग वाले उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जाए। प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक उपभोक्ता को समय पर गैस मुहैया हो सके। प्रशासन ने उपभोक्ताओं को भरोसा दिलाया है कि जल्द ही आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू किया जाएगा ताकि लोगों को राहत मिल सके। बैठक में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेंद्र बिष्ट, पर्वत गैस एजेंसी की प्रबंधक अंकिता पांडे सहित अन्य गैस एजेंसियों के प्रति. निधि भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### डा. रावत व पांडेय के निधन पर जताया शोक

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने कुमाऊं मंडल विकास निगम के अवकाश प्राप्त पर्यटन विकास अधिकारी विपिन चंद्र पांडेय तथा नेशनल मेडिसिनल प्लांट बोर्ड आयुष मंत्रालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. एमएस रावत के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है तथा श्रद्धांजलि दी है। कूटा के तरफ से शोक जताने वालों में कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत कूटा परिवार शामिल है।

### मां नयना देवी मंदिर में भागवत कथा की तैयारियां

**नैनीताल।** श्री माँ नयना देवी मन्दिर नैनीताल का स्थापना दिवस अबकी बार 23 जून को मनाया जाएगा। इससे पूर्व मंदिर परिसर में श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा जिसमें इस बार व्यासपीठ पर बग्वालीपोखर निवासी प्रख्यात कथावाचक पंडित चन्द्रशेखर अधिकारी होंगे। दूसरी ओर श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट की ओर से भागवत कथा की प्रारंभिक तैयारियां शुरु कर दी गयी हैं। ट्रस्ट के प्रशास. निक अधिकारी शैलेंद्र मेलकानी के मुताबिक भागवत कथा 15 जून से 23 जून तक प्रतिदिन शाम को 3 बजे से होगी। उन्होंने बताया कि भागवत कथा का चौथा वर्ष है। कहा कि नैनीताल और आसपास के श्रद्धालुओं के अतिरिक्त नैनीताल आने वाले पर्यटक भी बड़ी संख्या में इस कथा से आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करते हैं। मेलकानी के मुताबिक मंदिर का स्थापना दिवस इस वर्ष 23 जून को मनाया जायेगा, उसी दिन भागवत कथा के समापन के साथ कुलपूजा, कन्याकुमारी पूजन, भंडारा एवं भजन संध्या सहित अन्य कई धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

### क्लिनिकल संस्थानों को लेकर निर्देश जारी

**नैनीताल।** जनपद में संचालित निजी कलिनिकल संस्थानों को लेकर जिला प्रशासन ने सखती बढ़ा दी है। जारी सूचना के अनुसार बिना पंजीकरण किसी भी प्रकार की चिकित्सीय सुविधा संचालित करना दंडनीय माना जाएगा। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि सभी कलिनिकल प्रतिष्ठानों को निर्धारित मानकों के अनुसार पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इसके लिए संबंधित संस्थान कलिनिकल एस्टैलिशमेंट्स की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।जारी निर्देशों में कहा गया है कि पंजीकरण न कराने या नियमों का पालन न करने वाले संस्थानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसमें जुर्माना सहित अन्य दंडात्मक प्रावधान भी लागू किए जा सकते हैं।जिला रजिस्ट्रार प्राधिकरण नैनीताल की ओर से सभी संचालकों से अपील की गई है कि वे समय रहते अपने संस्थानों का पंजीकरण सुनिश्चित करें और शासन द्वारा निर्धारित मानकों का पालन करें। सीएमओ डा. हरीश पंत ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाना और मरीजों को सुरक्षित व मानक उपचार मुहैया कराना है।

### नैनीताल में बढ़ी पर्यटकों की आवक

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में सैलानियों का पहुंचना जारी है। जिस कारण नगर की रौनक बरकरार है। इस वीकेंड पर नगर के अधिकांश बड़े होटलों के एडवांस में फुल होने से सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ने की उमीद है। वीरवार को नगर के पर्यटन स्थलों में खासी रौनक रही तो बड़ी संख्या में सैलानी पंत पार्क और झील किनारे सैर करते नजर आए। स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, वाटरफाल, चिडियाघर व केव गार्डन की सैर करने वाले सैलानी बड़ी संख्या में नजर आए। मालरोड की रौनक भी निखरी हुई नजर आई। इधर नगर का मौसम खुशगवार रहा। पूरे दिन धूप खिली रही। सैलानियों ने मौसम के साथ नगर के पर्यटन स्थलों का लुत्फ उठाया।

### डेयरी फार्मिंग व वायरल रोग पर दो दिवसीय प्रशिक्षण

**मुक्तेश्वर।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में पंजाब राज्य द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंजाब से आए डेयरी इंस्पेक्टर और उपनिदेशक डेयरी ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य डेयरी क्षेत्र के अधिकारियों को पशु स्वास्थ्य, रोग प्रबंधन और आधुनिक डेयरी तकनीकों पर उन्नत जानकारी प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ वैज्ञानिकों ने वायरल रोगों, उनके लक्षण, रोकथाम और नियंत्रण पर विस्तृत व्याख्यान दिया। इसके अलावा, प्रतिभागियों को संस्थान की प्रयोगशालाओं और सुविधाओं का भ्रमण कराकर उन्हें नवीनतम अनुसंधान तकनीकों से अवगत कराया गया। समापन के समय निद. ेशक डा. राघवेंद्र भट्टा ने कार्यक्रम की सफलता और प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी पर टीम को बधाई दी। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताया और भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों की निरंतरता की आवश्यकता जताई। इस अवसर पर डा. यशपाल सिंह मलिक, डा. शेर सिंह, डा. करमचंद नेगी, और अन्य वैज्ञानिक भी उपस्थित थे।

## बिना डीएल स्कूटी किराए पर देना पड़ा भारी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाते हुए नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की है। टैक्सी स्कूटियों की जांच के दौरान बड़ा लापरवाही भरा मामला सामने आया जिसमें बिना ड्राइविंग लाइसेंस के ही पर्यटकों को स्कूटी किराए पर दी जा रही थी। मामले में पुलिस ने दो स्कूटी सीज कर दी हैं। एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि वीरवार को चैकिंग के दौरान स्कूटियों की चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान गोरखपुर से आए पर्यटकों को बिना डीएल दो स्कूटी मुहैया कराई गई थी। पुलिस की ओर से पूछताछ पर पता चला कि पर्यटकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस ही नहीं है। एसआई उपाध्याय ने बताया कि मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए हल्द्वानी निवासी इदरीश मियां की दो स्कूटियों को सीज कर दिया है। पुलिस ने साफ चेतावनी दी है कि बिना वैध दस्तावेजों के वाहन किराए पर देना कानूनन अपराध है और ऐसे मामलों में आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने सभी वाहन संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे किराए पर वाहन देने से पहले ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच अनिवार्य रूप से करें। साथ ही पर्यटकों से भी अपील की गई है कि बिना वैध डीएल के वाहन न चलाएं, अन्यथा वे भी कानूनी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं।

# शराब की दुकान का विरोध जारी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती मंगोली क्षेत्र में प्रस्तावित शराब की दुकान के खिलाफ ग्रामीणों का आंदोलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीरवार को लगातार पांचवें दिन भी महिलाओं और स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन जारी रखा और दुकान खोलने के फैसले को निरस्त करने की मांग उठाई।



बता दें आंदोलन की शुरुआत पहले दिन मंगोली में प्रदर्शन के साथ हुई थी जहां ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर विरोध जताया। दूसरे दिन भी महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए मधुशाला नहीं- पाठशाला चाहिए जैसे नारे लगाए वहीं तीसरे दिन आंदोलन और तेज हो गया और महिलाएं बजून क्षेत्र में धरने पर बैठ गईं तथा कुमाऊं आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया, चौथे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी खुलकर सामने आई और चक्का जाम भी किया। उसके बाद भी कोई आश्वासन नहीं मिलने पर अब पांचवें दिन भी ग्रामीण अपने रुख पर अडिग हैं और लगातार विरोध जारी रखे हुए हैं। महिलाओं का कहना है कि आबादी के बीच शराब की दुकान खुलने से सामाजिक माहौल खराब होगा और इसका सबसे ज्यादा असर युवाओं पर पड़ेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर दोबा. रा चक्का जाम और बड़े स्तर पर प्रदर्शन भी किया जा सकता है वहीं प्रशासन का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और समाधान के लिए प्रयास जारी हैं। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भी तैनात है।

## बच्चों ने कार्यक्रम से लूटी महफिल



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** विश्व आत्मकेंद्रित जागरूकता दिवस के अवसर पर शिवेंद्रलय संस्था (विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का केंद्र) में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और उत्साह ने सभी को भावुक कर दिया और यह संदेश दिया कि हर बच्चा अपने आप में विशेष होता है। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में ऑटिज़्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विशेष बच्चों को समान अवसर प्रदान करने का संद. ेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में परविंदर रौतेला, नीरज, कुसुम पांडेय, मनोज पांडेय, मानव, चित्रा, कनिका, मुस्कान सहित संस्थान की प्रधानाचार्य तनुजा चुफाल, निदेशक भावना धौनी, मीता जोशी, गीता पांडेय, आस्था कांडपाल, मधु, मीरा राज, गंगा, निशा उपाध्याय, पूजा बिष्ट, नीलम रौतेला, प्रियंशी पांडेय आदि मौजूद रहे।

# महिला रामलीला में चौथे दिन राम वनवास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शीशमहल में चल रही महिला रामलीला के चौथे दिन गुरुवार को राम वनवास का मंचन किया गया। इस आयोजन को सेलु रिलायंस इनिशियेटिव संस्था की अध्यक्ष तनुजा जोशी ने प्रमुख रूप से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि आज के मंचन में कैकयी-मन्थरा संवाद, कैकयी-दशरथ संवाद और भरत-मन्थरा संवाद के बाद राम जी वन की ओर प्रस्थान किया। महिला रामलीला में इस बार कई महत्वपूर्ण पात्रों ने मंच पर अपनी अद्भुत प्रस्तुतियां दी हैं। राम का पात्र निभा रही हैं मानसी रावत, जबकि अंशिका जोशी ने लक्ष्मण की भूमिका निभाई है। इसके साथ ही भरत का पात्र निभा रही हैं उपासना, शत्रुघ्न का पात्र खुशी जोशी ने निभाया है। दशरथ की भूमिका में भुवनेश्वरी जोशी हैं, और कौशल्या के रूप में



कामिनी पाल नजर आ रही हैं। गीता नैनवाल ने कैकयी का पात्र निभाया है, जबकि सुमित्रा के रूप में अंजू जोशी और मन्थरा के रूप में पिंकी सक्सेना ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया। इस आयोजन के निर्देशन में मुकेश कुमार जोशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिन्होंने रामलीला के प्रत्येक पहलू को सजीव किया। रामलीला के इस आयोजन में सभी कलाकारों और सहयोगियों ने मिलकर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। हर रात रामलीला के आयोजन के बाद रात्रि भोजन की व्यवस्था भी की गई है, जो श्री ललित जोशी द्वारा सुनिश्चित की गई है। उनके इस योगदान को सभी ने सराहा। तनुजा जोशी ने समाज के हर व्यद्रि से मिलकर कार्य करने की अपील की और कहा कि जब हम सब मिलकर काम करते हैं तो सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे कार्य सफल होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह राम काज है, और राम के आशीर्वाद से ही यह रामलीला सफल हो रही है।

# यूपी के विधायक का बेटा उलझा एसडीएम से

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नैनीताल में यातायात नियमों का उल्लंघन और वीआईपी कल्चर दिखाना यूपी के एक भाजपा विधायक के पुत्र को महंगा पड़ गया। मालरोड पर जाम के दौरान बिना अनुमति हूटर बजाने और एसडीएम से बहस करने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले की जहानाबाद विधानसभा सीट से भाजपा विधायक राजेंद्र पटेल का पुत्र राहुल पटेल इन दिनों नैनीताल घूमने आया हुआ था। सोमवार को मालरोड पर भारी जाम के दौरान उसने बिना किसी आपात स्थिति के अपनी कार में हूटर बजाना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद एसडीएम ने हूटर की आवाज सुनकर

### हूटर बजाने पर पुलिस ने सीज़ की गाड़ी



अपना वाहन किनारे कर लिया। लेकिन वाहन संदिग्ध देखते हुए एसडीएम ने वाहन को रुकवाया और चालक से पूछताछ की। इस दौरान विधायक पुत्र ने गलती स्वीकार करने के बजाय एसडीएम से बहस शुरू कर दीए साथ ही यूपी के सीएम व अन्य अधिकारियों से बात करने की धमकी देने लगा।

जिस पर एसडीएम ने पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान पर्यटक की अभद्रता पर स्थानीय लोग एसडीएम की ओर से खड़े होकर पर्यटक को फटकार लगाने लगे। कुछ समय के लिए सड़क पर तनाव की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब वाहन के दस्तावेज ऑनलाइन चैक किये तो वाहन के दस्तावेज नहीं मिले वहीं वाहन चालक डीएल भी नहीं दिखा पाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान काटा और वाहन को मौके पर ही सीज कर दिया। बताया जा रहा है कि अब वाहन को छुड़ाने के लिए संबंधित पक्ष को कानूनी प्रक्रिया का पालन करना होगा। प्रशासन की इस कार्रवाई को नैनीताल में वीआईपी कल्चर के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। एसआई सुनील कुमार ने बताया कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर फार्च्यूनर को सीज कर दिया गया है। वाहन स्वामी सुरेंद्र कुमार सिंह के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

## सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य मेहता का शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरुस्कार हेतु चयन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड में शिक्षा के उन्नयन तथा गुणात्मक सुधार के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 19 गुरुजनों का चयन शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार-2025 के लिए हुआ है। नैनीताल शहर से इस प्रतिष्ठित



पुरुस्कार के लिए नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता का चयन किया गया है। बता दें प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने सन 1989 में डीएसबी परिसर नैनीताल से स्नातकोत्तर भौतिकी में कुमाऊं विश्वविद्यालय से दूसरा स्थान प्राप्त किया । जुलाई 1989 से भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में प्रवक्ता भौतिक विज्ञान के पद पर कार्य प्रारंभ किया तब से अनवरत 2018 तक विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने में कार्य किया। सन 2018 में प्रधानाचार्य का पद ग्रहण करने के उपरांत सर्वप्रथम विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में एक वर्ग अंग्रेजी माध्यम प्रारंभ किया। राष्ट्रीय सेवा योजना में 2019 और 2022 में दो बार विद्यालय को राष्ट्रीय सेवा योजना में राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजा गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने छात्रवृति परीक्षा तथा एनसीसी और राष्ट्रीय सेवा योजना में उल्लेखनीय कार्य किया। मेहता का पुरस्कार के लिए चयन होने पर स्कूल प्रबंधन कमेटी समेत कालेज परिवार ने खुशी जाहिर करते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## हनुमान जन्मोत्सवः मंदिरों में दिन भर धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल ।** सरोवर नगरी नैनीताल में बीरवार को हनुमान जन्मोत्सव के जयकारों के बीच धार्मिक अनुष्ठान हवन भंडारे और प्रसाद वितरण के साथ किया गया। बल्दियाखान में



विशेष मौके पर नगर तथा आस पास के मंदिरों में विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।

श्री राम सेवक सभा में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री राम दरबार की झांकी प्रस्तुत की गई । इस मौके पर सुंदरकांड तथा हनुमान चालीसा तथा श्री राम को समर्पित भजन प्रस्तुत कर पूरा माहौल राममय हो गया। जयराम जय जय राम एवं उनके प्रिय भक्त हनुमान जी के पूजन में सभी के लिए आशीर्वाद मांगा गया कि सब पर हनुमान जी की कृपा बनी रहे। पूर्व विधायक डा. नारायण सिंह जंतवाल, पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल समेत मुन्नू तिवारी, भारती साह ने संगीत मय कार्यक्रम में नरेश चमयाल, अजय कुमार, हीरा रावत राहुल जोशी, विमल चौधरी, केदार सिंह राठौड़, मंजू रौतेला तथा मिथिलेश पांडे, सुनील साह व को. हली बहनों ने सुंदर प्रस्तुति दी । राम दरबार की सुंदर प्रस्तुति रक्षित साह ने दी। नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित हनुमान मंदिर नैना गांव (बल्दियाखान) देवी मंदिर चोपड़ा भूमिया मंदिर बकरीखोड में हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय अखण्ड रामचरित मानस पाठ का राम नाम संकीर्तन, भजन, कीर्तन हनुमान चालीसा पाठ और आचार्य हरीश वारियाल द्वारा समापन कराया गया। मुख्य पुजारी गंगा सिंह खाती ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मां नैना देवी मंदिर तथा हनुमानगढ़ी धाम और शहर के अन्य छोटे बड़े मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए। मां नैना देवी मंदिर में हनुमान भक्तों की ओर से लड्डू का भोग लगाया गया साथ ही बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके साथ ही शहर के अन्य मंदिरों में भी हनुमान चाली. सा पाठ और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। हनुमान भक्त संगठन की ओर से मां नयना देवी मंदिर के समीप चाट पार्क में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही कैपिटल सिनेमा के समीप स्थित विशाल भगवा ध्वज को विधिवत बदला गया और खीर का प्रसाद भी वितरित किया गया।यहां सोनू बिष्ट, पंकज सिंह बिष्ट, किशोर सिंह ढैला, सूरज आर्य, करन आर्य, सुन्दर सिंह राठौर, मनमोहन सिंह बिष्ट, विशाल कुमार, विक्की कुमार, विमल चंद्रा, शेर सिंह तथा सौरभ रावत आदि मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर का वितरण पूरी तरह एसओपी के तहत होगा

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** गैस सिलेंडर वितरण को लेकर उपभोक्ताओं में बढ़ती चिंता के बीच प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए सख्त निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन के अनुसार अब गैस सिलेंडर का वितरण पूरी तरह एसओपी के तहत किया जाएगा जिसमें नियमित उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। जिले के अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विवेक राय ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा चार संपर्क नंबर जारी किए गए हैं जिन पर उपभोक्ता अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कालाबाजारी की सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। प्रशासन द्वारा गठित टीम ने छापेमारी अभियान भी चलाया है जिसमें अब तक चार एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। साथ ही कमर्शियल सिलेंडर और संबंधित वाहनों को भी जबत किया गया है। एडीएम ने बताया कि कई मामलों में गैस बुकिंग, डीएसी नंबर और भुगतान के बावजूद सिलेंडर समय पर नहीं पहुंच रहे हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए कुमाऊं मंडल के जीएम को निर्देश दिए गए हैं कि वितरण के समय वाहन में मौजूद सभी सिलेंडरों के साथ उपभोक्ताओं के नाम की सूची अनिवार्य रूप से होनी चाहिएए ताकि सिलेंडर केवल उसी व्यक्ति को दिया जाए जिसने बुकिंग कराई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पहले बुकिंग करने वाले उपभोक्ताओं को पहले सिलेंडर दिया जाएगा जबकि बाद में बुकिंग करने वालों को क्रम अनुसार ही आपूर्ति की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या की स्थिति में जारी हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें।

# डीएसबी में शोधार्थियों का सम्मान

## शोध निरंतर कार्य करते रहने की प्रेरणा देता है: प्रो. रावत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल में बीरवार को शोध विकास सेल द्वारा वर्ष 2024 के श्रेष्ठ शोधार्थियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विवि के कुलपति कर्नल प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि शोध निरंतर नया करने की प्रेरणा देता है। यह व्यक्ति के ज्ञान वर्धन के साथ संसार के समस्याओं के निदान की तरफ अग्रसारण का कार्य करता है। कुलपति ने कहा कि शीघ्र ही 2026 हेतु इंटरनल शोध ग्रंथ हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किए जाएंगे। इससे पूर्व कार्यक्रम में विवि के शोध निद. ेशक प्रो. नन्द गोपाल साहू ने सभी का स्वागत किया जबकि निदेशक डीएसबी परिसर नैनीताल प्रो. नीता



बोरा शर्मा ने सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रो. ललित तिवारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रो. तिवारी के मुताबिक वर्ष 2024 हेतु दिए गए पुरस्कार में राइजिंग स्कॉलर अवार्ड फॉर पीजी तथा यूजी के लिए वर्षा बिष्ट वनस्पति विज्ञान, दीक्षा जौहरी जूलॉजी, गुरसाहिबा कौर वनस्पति विज्ञान, नीमा बिष्ट वनस्पति विज्ञान, कार्तिक ओमना कुटन जूलॉजी को दिया गया। एआउटस्टैंडिंग रिसर्च अवार्ड फोर फैकल्टी मेंबर में प्रथम डा. महेश चंद्र आर्य, द्वितीय डा. तपन कुमार नैलवाल, डा. कल्पना अग्रहरि को यंग फैकल्टी आउटस्टैंडिंग रिसर्च अवार्ड डा. पेनी जोशी, डा. नंदन सिंह मेहरा, डा. अशोक उप्रेती को रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड फोर पीएचडी दिव्या महर रसायन, कमल गढ़वाल बायोटेक, नीतीश सेमवाल रसायन को डिपार्टमेंट वाइस रिसर्च अवार्ड राकेश चंद्र जोशी फिजिक्स, दीक्षा भट्ट, रसायन, भावना चौबे, गणित, मनजीत सिंह विजुअल आर्ट्स, आउटस्टैंडिंग में डा. सुरेंद्र सिंह बरगली, डा. मनोज आर्य, डा. किरण बर्गली को प्रदान किया गया। कुल 18 शोधार्थी पुरस्कृत किए गए। इससे पूर्व कुलपति प्रो. रावत ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति प्रो. रावत को शॉल ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रो. नन्द गोपाल साहू को फैलो ऑफ नेशनल अकादमी ऑफ साइंसेज बनने पर प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

# कार्यालय-नगर निगम, काशीपुर जिला-ऊधमसिंह नगर

## उपविधि

1. **परिभाषा :-**
   1. यह उपविधि नगर निगम, काशीपुर के **''ठेकेदारों की नियंत्रित एवं पंजीकरण उपविधि-2025''** कहलायेगी, जो गजट में प्रकाशन तिथि से लागू एवं प्रभावी होगी।
   2. उपरोक्त उपविधि के गजट में प्रकाशन की तिथि के पश्चात पूर्व में प्रकाशित उपविधि 1998 स्वत: ही समाप्त हो जायेगी।
   3. **निगम**- निगम का तात्पर्य **''नगर निगम काशीपुर''** से है।
   4. **बोर्ड**- बोर्ड का तात्पर्य नगर निगम के **''निर्वाचित सदस्यों की कमेटी''** से है।
   5. **अधिनियम**- अधिनियम का तात्पर्य **''उत्तराखण्ड ( यू.पी. ) म्युनिसिपेलिटीज, एक्ट-1959 )''** से है।
   6. **महापौर**- महापौर का तात्पर्य नगर निगम काशीपुर के **''महापौर एवं बोर्ड अवक्रमित होने पर प्रशासक''** से है।
   7. **नगर आयुक्त**- नगर आयुक्त का तात्पर्य **''नगर आयुक्त नगर निगम, काशीपुर''** से हैं।
   8. **पंजीकरण**- पंजीकरण का तात्पर्य नगर निगम द्वारा कराये जाने वाले **''निर्माण कार्यों के ठेकेदारों के पंजीकरण''** से है।
   9. **ठेकेदार**- ठेकेदार का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो नगर निगम, काशीपुर में **''सड़क/नाली निर्माण, पुनर्निर्माण, सामग्री आपूर्ति, सप्लाई, सेनेटरी एवंवाटर सप्लाई, विद्युत कार्य, यांत्रिक कार्य एवं अन्य कार्य जो संविदा के अन्तर्गत आते हों, को करने के इच्छुक व्यक्ति''** से है।
   10. **श्रेणी**- श्रेणी का तात्पर्य ठेकेदार की **''प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी''** से है।
2. **पंजीकरण की प्रक्रिया :-**

   निगम के सड़क/नाली एवं भवन के निर्माण कार्य के सम्पादन एवं सामग्री हेतु ठेकेदारों की तीन श्रेणियां होगी। इच्छुक व्यक्ति तृतीय श्रेणी में निम्न शर्तों/औपचारिकताओं को पूर्ण कर अपना पंजीकरण करा सकता है उच्चीकरण हेतु आगे व्यवस्था दी गई हैं।
   1. यह उत्तराखण्ड का निवासी हो तथा उत्तराखण्ड या जनपद में कम से कम 5 वर्ष से निवास करता हो। प्रमाण-पत्र तथा दो पासपोर्ट साईज फोटो देना अनिवार्य होगा। (आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं जी0एस0टी0 पंजीकरण)
   2. जिलाधिकारी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण-पत्र, जो 06 माह से पुराना न हो।
   3. जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त हैसियत प्रमाण-पत्र (श्रेणीवार हैसियत सीमा निम्न प्रकार निर्धारित की जाती है), जो 06 माह से अधिाक पुराना न हो। इस परिवर्तित श्रेणी के लिये ए श्रेणी में पूर्व पंजीकृत सभी ठेकेदारो/एजेन्सियों/फर्मो को प्रभावित नही करेगी। अर्थात वह सभी इस वृद्धि की गई राशि से छूट के अन्तर्गत रहेंगे, परन्तु तृतीय से द्वितीय एवं द्वितीय से तृतीय श्रेणी में यह छूट अनुमन्य नही होगी।

      **अ )- प्रथम श्रेणी के लिये** 40 **लाख रुपया**
      **ब )- द्वितीय श्रेणी के लिये** 30 **लाख रुपया**
      **स )- तृतीय श्रेणी के लिये** 10 **लाख रुपया**

   4. **प्रथम श्रेणी** में उच्चीकरण होने के लिये नगर निगम में कम से कम सड़क/नाली एवं भवन निर्माण का 10 वर्ष कार्य करने का अनुभव एवं एक वित्तीय वर्ष में 01 करोड रूपये के अनुबन्ध (बाण्ड) पत्र देने अनिवार्य होंगे। इसके अतिरिक्त स्वयं का तकनीकी अभियन्ता एवं टी0 एण्ड पी0 (मिक्सचर मशीन/बाईबरेटर) आदि होने आवश्यक होंगे (अनुभव प्रमाण-पत्र अधिशासी अभियन्ता / नगर आयुक्त/अपर नगर अधिकारी के प्राधिकृत अधिकारी के स्तर से जारी अथवा उनके द्वारा जारी मान्य होगा)
   5. **द्वितीय श्रेणी** में उच्चीकरण के लिये कम से कम 03 वर्ष का नगर निगम में किये गये कार्य करने का अनुभव प्रमाण-पत्र एवं एक वित्तीय वर्ष में 50.00 लाख रूपये के अनुबन्ध (बाण्ड) पत्र देने अनिवार्य होंगे (अनुभव प्रमाण-पत्र उपरोक्तानुसार जारी ही मान्य होगा), जो किसी भी दशा में उप नगर आयुक्त उनकी अनुपस्थिति में सहायक नगर आयुक्त अथवा उनके द्वारा प्राधिाकृत अधिकारी द्वारा जारी किया होना अनिवार्य होगा, अन्यथा शून्य माना जायेगा।
   6. **तृतीय श्रेणी** में पंजीकरण हेतु लोक निर्माण विभाग, जल निगम, ग्रामीण अभियन्त्र्ा सेवा तथा किसी भी राजकीय ठेकेदार द्वारा प्रदत्त 05 वर्षों का कार्य अनुभव एवं स्थल पर कार्य कराये जाने के साक्ष्य शपथ पत्र सहित प्रमाण पत्र लगाते हुये किया जा सकेगा।
   7. प्रत्येक ठेकेदार को आयकर व व्यापार कर विभाग से पंजीकृत होना अनिवार्य है तथा पंजीकरण प्रार्थना पत्र के साथ उक्त विभाग के पंजीकरण का प्रमाण-पत्र देना होगा, जो उत्तराखण्ड राज्य का ही अनिवार्य होगा।
3. **जमानत :-**

   ठेकेदार को निम्न श्रेणी के अनुसार स्थायी जमानत राशि राष्ट्रीय बचत पत्र/किसान विकास पत्र/फिक्स डिपोजिट/बैंक गारंटी अथवा नगद रूप से जमा की एम0ए0सी0-05 की रसीद संलग्न कर देनी होगी। (नगर आयुक्त के पदनाम से बनाकर प्रार्थना पत्र के साथ देनी होगी)

   **अ )- प्रथम श्रेणी के लिये** 4.00 **लाख रुपया**
   **ब )- द्वितीय श्रेणी के लिये** 2.00 **लाख रुपया**
   **स )- तृतीय श्रेणी के लिये** 1.00 **लाख रुपया**

**नोट :- जिन ठेकेदारो, एजेन्सियों/फर्मो का पंजीकरण पूर्व से है वह उक्त प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी की नवीन परिधि में नहीं आयेंगे, यदि तृतीय से द्वितीय एवं द्वितीय से प्रथम में उच्चीकृत होंगे तब यह उन पर प्रभावी होगी।**

4. **पंजीकरण शुल्क :-**

   ठेकेदार को निम्न श्रेणी के अनुसार पंजीकरण शुल्क नगद रूप में निगम कोष में जमा करना होगा।

   **अ )- तृतीय श्रेणी के लिये** 25000/- **बिना वापिसी राशि जमा करनी होगी।**
5. **पंजीकरण की अवधि :-**

   प्रत्येक वर्ष में पंजीकरण माह अप्रैल में ही किये जायेंगे, परन्तु विशेष परिस्थिति में नगर आयुक्त की अनुमति से रु 20000 अर्थदण्ड जमा कराते हुये यह अवधि 01 माह के लिये 31 मई तक बढ़ाई जा सकती है। पंजीकरण हेतु निर्धारित प्रार्थना पत्र का प्रारुप रू0 500/- निगम कोष में जमा कर क्रय करना होगा तथा पंजीकरण हेतु प्रार्थना पत्र निर्धारित प्रारूप पर मान्य होगा, जो सहायक/अभियन्ता की संस्तुति पर नगर आयुक्त अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा स्वीकृत एवं मेयर अथवा प्रशासक से अनुमोदित किया जायेगा। निर्धारित अवधि तक विभागीय स्तर से लम्बित रहने पर सम्बन्धित पंजीकरण स्वत: ही स्वीकृत माना जायेगा। वशर्ते कि उस पर नगर आयुक्त के स्तर से स्वीकृत करा लिया गया हो। अन्यथा कि स्थिति में सम्बन्धित स्वीकृति/अनुमोदन बोर्ड/कार्यकारिणी बैठक से करायी जानी अनिवार्य होगी।
6. **नवीनीकरण की प्रकिया :-**

   प्रत्येक ठेकेदार को प्रत्येक वर्ष निम्न श्रेणी के अनुसार नवीनीकरण कराना होगा।

   (1) नवीनीकरण की अवधि 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक होगी। इसके पश्चात नवीनीकरण कराने पर प्रतिमाह रू 1000/- विलम्ब शुल्क का भुगतान कर नवीनीकरण किया जायेगा।

   (2) नवीनीकरण से पूर्व प्रत्येक ठेकेदार को एक निर्धारित प्रारूप पर जिसका मूल्य रू0 500 होगा। निगम कार्यालय वर्ष में किये गये विवरण कार्यो का विवरण देना होगा।

   (3) नवीनीकरण शुल्क निम्न श्रेणी के अनुसार निगम कोष ने जमा करने तथा विगत वर्ष में किये गये कार्यो के विवरण पर निगम के नगर आयुक्त द्वारा स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

   **अ )- प्रथम श्रेणी के लिये** 5000/- **रूपया।**
   **ब )- द्वितीय श्रेणी के लिये** 4000/- **रूपया।**
   **स )- तृतीय श्रेणी के लिये** 3000/- **रूपया।**

   **उपरोक्त नवीनीकरण तीन वर्ष के लिये मान्य होगा।**

   (4) नगर आयुक्त को यह अधिकार होगा कि वह किसी भी ठेकेदार के पंजीकरण के नवीनीकरण को त्रुटिपूर्ण कार्य के लिये रोक सकता है।

   (5) नवीनीकरण के प्रार्थना-पत्र के साथ प्रत्येक वर्ष में चरित्र प्रमाण-पत्र तथा तीन वर्ष बाद नवीनतम हैसियत प्रमाण पत्र देना होगा। तीन वर्ष पश्चात हैसियत प्रमाण पत्र न दिये जाने पर सक्षम अधिकारी के स्तर से साक्ष्य के साथ प्रार्थना पत्र पर स्वीकृति दिये जाने पर एक वर्ष अवधि बढायी जा सकती है, परन्तु उसके पश्चात नवीनीकरण प्रतिबन्धित कर दिया जायेगा।
7. **निर्माण के सम्पादन की सीमा :-**

   प्रत्येक श्रेणी के ठेकेदार को निम्नानुसार कार्य के टेण्डर लेने का अधिकार होगा।

   (1) **प्रथम श्रेणी** में पंजीकृत ठेकेदार सभी प्रकार (असीमित धनराशि के) निर्माण कार्यों के टेडर लेने के अधिकारी होगे।

   (2) **द्वितीय श्रेणी** में पंजीकृत ठेकेदार रु. 5.00 लाख तक के निर्माण कार्यों के टेण्डर लेने के अधिकारी होंगे।

   (3) **तृतीय श्रेणी** में पंजीकृत ठेकेदार रु. 2.50 लाख तक के निर्माण कार्यों के टेण्डर लेने के अधिकारी होंगे। शासन द्वारा समय-समय पर परिवर्तित कोटेशन प्राविधान स्वत: ही लागू होंगे। अधिप्राप्ति नियमावली के अनुसार जब-जब कोटेशन की राशि में शासन से परिवर्तन होगा। उतनी ही राशि बी श्रेणी के लिये कार्य लागत में स्वत: ही वृद्धि में मान्य होगी। द्वितीय श्रेणी के ठेकेदारों के कार्य की सीमा तृतीय श्रेणी के कोटेशन कार्य में शासन से की गई वृद्धि की सीमा के समतुल्य स्वत: वृद्धि के दायरे में मानी जायेगी, जिसमें निगम प्रशासन समस्त ठेकेदारो को नोटिस बोर्ड के माध्यम से सक्षम स्वीकृति के साथ सूचित करेंगे।
8. **निविदा प्रपत्र की लागत :-**

   निविदा प्रपत्र का मूल्य निर्माण कार्य के व्यय अनुमान (आंगणन) धनराशि पर निम्न प्रकार निर्धारित किया जायेगा।

| कार्यों की लागत ( रुपये में ) | निविदा प्रपत्र मूल्य ( रुपये में ) |
|---|---|
| अ-50,000.00 से 4,00,000.00 तक | प्रति लाख 100/- |
| ब-4,00,000.00 से 10,00,000.00 तक | प्रति लाख 125/- |
| स-10,00,000.00 से 25,00,000.00 तक | प्रति लाख 150/- |
| ह-25,00,000.00 से अधिक | प्रति लाख 175/- |

   प्रत्येक ठेकेदार विभागीय कार्यों का ठेका लेने के लिये निगम से निविदा प्रपत्र नगद मूल्य देकर खरीदेगा निविदा प्रपत्र का मूल्य जमा होने के पश्चात किसी स्थिति में न तो वापिस होगा और न ही आगामी निविदाओं में समायोजित होगा। निविदा प्रपत्र निगम के पंजीकृत ठेकेदारों को ही बेचा जायेगा।
9. **निविदा स्वीकार करने का अधिकार :-**

   ठेकेदार द्वारा डाली गई निविदाओं में न्यूनतम निविदाओं को स्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त/महापौर का होगा, किन्तु न्यूनतम निविदा आंगणन से ठेकेदार के 10 प्रतिशत लाभ घटाने के बाद भी कम है। तो इस पर तकनीकी राय लेकर निर्णय लिया जाये निविदा डालने के 6 माह तक उन्हीं दरों पर कार्य करने के लिये बाध्य होगा। यदि ठेकेदार को निविदा डालने की तिथि से 6 माह बाद कार्यादेश दिया जाता है तो ठेकेदार उन दरों पर कार्य करने के लिये बाध्य नहीं होगा। इसके अतिरिक्त यदि ठेकेदार द्वारा इन्ही दरों पर कार्य करने में लिखित सहमति दी जाती है तब नगर आयुक्त को यह अधिकार होगा, कि वह चाहे तो सम्बन्धित ठेकेदार से शर्तानुसार कार्य कराने की अनुमति जारी कर दें।
10. **धरोहर राशि :-**

   उत्तराखण्ड अधिप्राप्ती (प्रक्यूरनेट) नियम 2026 में किये गये प्रावधान के अनुसार स्थायी जमानत/धरोहर धनराशि निविदा के साथ राष्ट्रीय बचत पत्र किसान विकास पत्र एवं एफ.डी. के रूप में नगर आयुक्त के पदनाम बन्धक देनी होगी।
11. **ठेकेदार का भुगतान :-**

   कार्य समाप्ति के पश्चात ठेकेदार का कार्य संतोषजनक होने पर नियमानुसार बिल की धनराशि से समय-समय पर निर्धारित दरो के अनुसार आयकर, व्यापार कर एवं जमानत की राशि काटने के उपरान्त भुगतान किया जायेगा। जमानत राशि का भुगतान 12 माह बाद कार्य सतोषजनक होने पर अवर अभियन्ता की संस्तुति पर किया जायेगा।
12. **कार्य पूर्ण करने की अवधि :-**

   प्रत्येक पंजीकृत ठेकेदार का यह दायित्व होगा कि यह निविदा फार्म में दी गयी कार्य अवधि के अन्तर्गत कार्य पूर्ण करे। समय पर कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तथा उसकी कार्य अवधि बढ़ाने हेतु ठेकेदार द्वारा समय समाप्ति से पूर्व औचित्य स्पष्ट करते प्रार्थना-पत्र दिया गया हो तो अवर अभियन्ता/नगर आयुक्त की संस्तुति पर महापौर/प्रशासक जैसी स्थिति हो के द्वारा कार्य अवधि बढ़ाने की स्वीकृति एक बार प्रदान जा सकती है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही की जा सकती है। ऐसी अवधि के लिये अवशेष कार्य पर 200 प्रतिदिन की दर से अर्थदण्ड स्वरूप कटौती कर ली जायेगी।
13. **पंजीकरण का निरस्तीकरण :-**

   यदि ठेकेदार निर्धारित तिथि तक कार्य प्रारम्भ नहीं करता है अथवा कार्य सतोषजनक गुणवत्ता के अनुसार स्वीकृत स्टीमेट व साईट प्लान के अनुरूप नहीं करता है तो ऐसी स्थिति में अवर अभियन्ता एवं नगर आयुक्त की जांच आख्या/संस्तुति पर महापौर द्वारा ठेकेदार के पंजीकरण को निरस्त कर ऐसे ठेकेदार को काली सूची में डाला जा सकता है। पंजीकरण निरस्तीकरण के फलस्वरूप ठेकेदार का ठेका स्वत: ही निरस्त हो जायेगा और ठेकेदार द्वारा किये गये कार्य का भुगतान निगम को हुई हानि के समायोजन के पश्चात किया जायेगा। चूंकि इस वित्तीय वर्ष में पंजीकरण नहीं किये गये हैं इसलिये वर्तमान में पंजीकरण केवल माह मार्च में किये जायेंगे और नोटिफिकेशन के सभी प्राविधान इस पंजीकरण से मान्य किये जायेगे, परन्तु पंजीकरण सक्षम स्तर पर स्वीकृति से लागू होंगे।
14. **जमानत जमा करने का अधिकार :-**

   यदि ठेकेदार निगम उपनियमों या ठेके की शर्तो, अनुबन्ध-पत्र का उल्लंघन कर निगम को कोई हानि पहुंचाता है या उपविधि के नियम 13 के विपरीत कार्य करता है तो ऐसी दशा में अवर अभियन्ता एवं नगर आयुक्त की जांच आख्या/संस्तुति पर महापौर/प्रशासक जैसी स्थिति हो ठेकेदार की जमानत जब्त करने का अधिकार होगा। यदि इसके बाद भी निगम की क्षतिपूर्ति न हो सके तो शेष राशि ठेकेदार की सम्पत्ति से भू-राजस्व के बकाये की भाँति वसूल की जावेगी।
15. **भुगतान सम्बन्धी :-**

   नगर निगम द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों में विशेष परिस्थिति में नगर प्रमुख की सहमति से 20 प्रतिशत नगर आयुक्त की सहमति से 15 प्रतिशत तक कार्यवृद्धि की स्वीकृति स्थितिनुसार दी जा सकती है जिसका युक्तियुक्त प्राक्कलन तकनीकी अभियन्ता को प्रस्तुत करना होगा।
16. **परफोरमेंश सिक्योरिटी :-**

   नगर निगम के प्रत्येक कार्य में प्रमुख सचिव उत्तराखण्ड शासन के आदेश संख्या 6447/III(2)/11-20(सा0)/11 लोक निर्माण विभाग-2 देहरादून दिनांक 02 जनवरी 2013 के अनुसार नियत पर फोरमेंश सिक्योरिटी अथवा समय-समय पर जारी होने वाले शासनादेश/नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।

**( रविन्द्र सिंह बिष्ट )**
**नगर आयुक्त**
**नगर निगम, काशीपुर**

**( दीपक बाली )**
**महापौर**
**नगर निगम, काशीपुर**

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड अल्मोडा स्थित विकास भवन

**Email I.D. eeresalmora@gmail.com** **PH No. 05962-234109**

पत्रॉक 03 /ग्रा0नि0वि0/दो–लेखा/निविदा/2025–26/ दिनांक: 02/04/2026

## अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य की मुहरबन्द निविदा दिनांक 17.04.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड कार्यालय अल्मोड़ा में आमंत्रित की जाती है। निविदा उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। उक्त कार्यों की निविदाओं का विक्रय दिनांक 16.04.2026 को सायं 4:00 बजे तक प्रखण्ड कार्यालय अल्मोड़ा (स्थित–विकास भवन) में किया जायेगा। कार्यो से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी एवं विभागीय शर्तें किसी भी कार्य दिवस में ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड कार्यालय अल्मोड़ा से प्राप्त की जा सकती है। किन्हीं अपरिहार्य कारणवश निर्धारित तिथि को राजकीय/स्थानीय अवकाश होने की स्थिति में उक्त निविदा अगली तिथि/कार्य दिवस को विक्रय एवं आमंत्रित की जायेगी।

| क्र0 सं0 | निर्माण कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य/ स्टेशनरी चार्ज | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैद्यता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय औद्योगिक आस्थान पातालदेवी धार की तूनी में नाले का निर्माण। | 16.45 | 33000.00 | 1500.00 +जी0एस0टी0 | 09 माह | 03 माह | श्रेणी ई0 एवं उच्चतर |
| 2 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेह का मरम्मत कार्य। | 12.00 | 24000.00 | 1500.00 +जी0एस0टी0 | 09 माह | 03 माह | श्रेणी ई0 एवं उच्चतर |

निविदादाता को निविदा प्रपत्रों की लागत एवं जी0एस0टी0 मूल्य का पृथक–2 ई–चालान के माध्यम से विभागीय लेखाशीर्षक 0515008000100 एवं जी0एस0टी0 (CGST+SGST) जी0एस0टी0 नम्बर 05AAAGE0824K1ZR में जमा करनी होगी। ई–चालान में सम्बन्धित कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा।

स्टाम्प पेपर पर द्वितीय पक्ष अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड–अल्मोड़ा का नाम होना आवश्यक है।

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण निर्माण विभाग,
प्रखण्ड अल्मोडा।

# कार्यालय जिला पंचायत, उत्तरकाशी

पत्रांक 50/म/निर्माण/अनुभाग/2025-26 दिनांक 02.03.2026

**निविदा सूचना (Tender Notice)**

जिला पंचायत, उत्तरकाशी द्वारा 'मा. मुख्यमंत्री घोषणा मद के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय के आदेश संख्या 6281/12-04 (2024-25) दिनांक 27 फरवरी 2026, जिलाधिकारी महोदय के आदेश पत्र संख्या 939/तेरह-आ.प्र.प्रा./NON SDRF- 2025-2026 दिनांक 24 जनवरी 2026 एवं 1102/तेरह-आ.प्र. प्रा./NON SDRF-2025-2026 दिनांक 18 मार्च 2026 हेतु उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 के अध्याय-4 में विहित प्रावधानों के अनुरूप जिला पंचायत में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से विज्ञापित/खुली निविदा (Open Tender) आमंत्रित की जाती है।

| क्र. स. | कार्य का नाम ( मा. मुख्यमंत्री घोषण एवं दैवीय आपदा ) | विकास खण्ड ( लाख में ) | अनुमानित लागत | धरोहर राशि (2%) | निविदा शुल्क +GST (18%) | कार्य अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विधानसभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत कुमणाई से केदारगंगा में पैदल आर.सी.सी. पुलिया का पुन: निर्माण कार्य। | मोरी | 24.88 | 49760 | 2000 | 2 माह | A |
| 2 | विधानसभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत माजीगांव से कनाटा तक पैदल मार्ग का पुन:निर्माण कार्य। | मोरी | 23.25 | 46500 | 2000 | 2 माह | A |
| 3 | विधानसभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत औरा जेवाणु में पैदल मार्ग का पुन: निर्माण कार्य। | मोरी | 22.95 | 45900 | 2000 | 2 माह | A |
| 4 | विधानसभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत ढंगोली से प्राथमिक विद्यालय पैदल मार्ग का पुन: निर्माण कार्य। | मोरी | 15.47 | 30940 | 1500 | 2 माह | A |
| | **दैवीय आपदा** | | | | | | |
| 1 | विकास खण्ड भटवाडी के ग्राम अगोडा-डासडा मोटर मार्ग से डासडा जाते हुऐ श्र्फनाथ मन्दिर बेरेई तक आम रास्ता निर्माण कार्य। | भटवाडी | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |
| 2 | विकास खण्ड भटवाडी के ग्राम निराकोट के आम रास्ता कण्डार देवता के पास क्षतिग्रस्त सम्पर्क मार्ग का मरम्मत /पुर्ननिर्माण कार्य। | भटवाडी | 1.25 | 2500 | 500 | 1 माह | ABC |
| 3 | विकास खण्ड भटवाडी के ग्राम सालू दुगड्डा मे क्षतिग्रस्त पुलिया मरम्मत /पु. कार्य। | भटवाडी | 7.50 | 15000 | 1000 | 2 माह | A |
| 4 | ग्राम औगी के अन्तर्गत कोटीडी नामें तोक में पुल क्षतिग्रस्त पुर्ननिर्माण कार्य। | भटवाडी | 7.00 | 14000 | 1000 | 2 माह | A |
| 5 | विकास खण्ड मोरी के फिताड़ी नदी पर क्षतिग्रस्त पैदल आर.सी.सी. पुलिया का कार्य। | मोरी | 11.50 | 23000 | 1500 | 2 माह | A |
| 6 | विकास खण्ड मोरी के फिताड़ी के ओबरा नदी पर क्षतिग्रस्त आर.सी.सी.पैदल पुलिया का कार्य। | मोरी | 12.00 | 24000 | 1500 | 2 माह | A |

**निविदा समय-सारणी:-**

1. निविदा प्रपत्र विक्रय प्रारम्भ तिथि: दिनांक 03.04.2026
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की अन्तिम तिथि: ( दिनांक 18.04.2026 ) ( सांय 5:00 बजे तक )
3. निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि: ( दिनांक 19.04.2026 ) ( अपराह 2:00 बजे तक )
4. निविदा खोलने की तिथि ( दिनांक 19.04.2026 ) ( अपराह 2:30 बजे )

**निविदा की शर्ते एवं नियम (Terms & Condition)**

1. पंजीकरण एवं अर्हता: निविदा में केवल वही ठेकेदार भाग ले सकते हैं जिनका जिला पंचायत में वर्ष 2025-26 हेतु विधिवत पंजीकरण वैधा हो। निविदा के साथ पंजीकरण प्रमाण पत्र पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
2. जी.एस.टी. अदेयता ( अनिवार्य ) उत्तराखण्ड शासन, वित्त अनुभाग के पत्र संख्या 223817 दिनांक 10.07.2024 के अनुपालन में निविदा के साथ जी.एस.टी. अदेयता प्रमाण पत्र (GST No Dues Certificate) तथा समस्त देय विवरण (Return) जमा होने का साक्ष्य प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके अभाव में निविदा 'गैर-प्रतिक्रियाशील' (Non & Responsive) मानी जाएगी।
3. धरोहर राशि (EMD): प्रत्येक निविदादाता द्वारा कार्य हेतु ( अनिवार्यत: ) उक्तानुसार निर्धारित धरोहर राशि ( 2% ) 'अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत उत्तरकाशी' के नाम बन्धक एफ.डी.आर. (FDR), सी.डी.आर. (CDR) या बैंक गारंटी के रूप में संलग्न करनी होगी।
4. निविदा निरस्तीकरण, अधाोहस्ताक्षरी/अध्यक्ष जिला पंचायत को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि वह बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त कर सकती हैं ( नियम 2.2.15 के अधीन ) ।
5. शपथ पत्र: निविदा के साथ रु. 100.00 के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर इस आशय का नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा कि निविदादाता किसी भी विभाग द्वारा ( ब्लैक लिस्टेड' (Blacklisted) नही है और उसके द्वारा दी गई जानकारी सत्य है।
6 कर कटौती: कार्य के भुगतान से आयकर, जी.एस.टी., रायल्टी, श्रमिक सेस आदि की कटौती तत्समय प्रभावी सरकारी नियमों के अनुसार की जाएगी।
7. सामग्री की गुणवत्ता: निर्माण/मरम्मत कार्य में प्रयुक्त सम्पूर्ण सामग्री की व्यवस्था ठेकेदार को स्वयं करनी होगी और सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानकों (Specification) के अनुरूप होनी चाहिए।
8. अपूर्ण/सशर्त निविदा: सशर्त (Conditional) या अपूर्ण निविदाएं मान्य नहीं होंगी और उन्हें निरस्त कर दिया जाएगा।
9. विवाद समाधान यदि कार्य के दौरान कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो उसका समाधान उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 के नियम 4.84 के अंतर्गत मध्यस्थता (Arbitration) के माध्यम से किया जाएगा।
10. जमानत जब्त: यदि अधिकतम दर प्रतिषत वाले निविदादाता (H1) द्वारा स्वीकृति के बाद अनुबन्ध नहीं किया जाता है, तो उसकी धरोहर राशि (EMD) जब्त (Forfeit) कर ली जाएगी और उसे काली सूची में डालने की कार्यवाही की जा सकती है।
11. उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 के अध्याय-2 के नियम 2.11 में निहित प्राविधानों के अनुसार 'निविदा कोटेशन संवीक्षा समिति (Tender/Quatation Scrutiny Committee) द्वारा प्राप्त निविदाओं मूल्यांकन किया जायेगा।
12 अतिरिक्त निष्पादन प्रतिभूति (APS): यदि निविदा दरें विभागीय अनुमानित दरों से कम प्राप्त होती हैं, तो उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2025 के नियम 4.6 (iv) के अनुसार सफल निविदादाता को अनुबंध के समय निम्न दरों पर ( अतिरिक्त निष्पादन प्रतिभूति जमा करनी होगी

1 5% तक कम: शून्य (Nil)
2 5% से 15% तक कम: 0.5% प्रति 1% कम दर पर ( अनुमानित लागत का )
3 15% से अधिक कम: 1.0% प्रत्ति 1% कम दर पर ( अनुमानित लागत का )।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, उत्तरकाशी**

# सरकार प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामनगर/ नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को रामनगर के छोई स्थित श्री हनुमान धाम में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि यहां उपस्थित प्रत्येक श्रद्धालु पर बजरंग. बली की विशेष कृपा है, क्योंकि उनकी इच्छा के बिना कोई भी उनके दरबार तक नहीं पहुंच सकता।



■ चारधाम यात्रा को और सशक्त बनाने पर दिया जा रहा है ध्यान ■ रामनगर के छोई स्थित श्री हनुमान धाम में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना

मुख्यमंत्री ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि कई बार उन्होंने यहां आने का प्रयास किया, लेकिन कार्यक्रम नहीं बन पाया। इस बार बजरंगबली की कृपा से अचानक कार्यक्रम तय हुआ और उन्हें दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना करते हुए ईश्वर से सभी पर अपनी कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए ऐतिहा. सिक कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण हुआ है। वहीं काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण से श्रद्धालुओं को अभूतपूर्व सुविधाएं प्राप्त हुई हैं। साथ ही केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम में भी व्यापक विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिससे उत्तराखंड की पहचान और अधिक सशक्त हुई है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है और यहां की आस्था एवं सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से राज्य में सख्त कानून लागू किए जा रहे हैं तथा धार्मिक सौहार्द बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन चुका है, जहां समान नागरिक संहिता लागू की गई है, जो पूरे देश के लिए एक उदाहरण है।

### कहा, सभी के सहयोग और आशीर्वाद से उत्तराखंड बनेगा देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सहयोग और आशीर्वाद से यह संकल्प अवश्य पूर्ण होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों केदारखंड और मानसखंड सहित अन्य स्थलों के सौंदर्यीकरण एवं आधारभूत संरचना विकास के कार्य लगातार जारी हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप राज्य में हर वर्ष श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी कुंभ केवल उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश की आस्था का विषय है, वर्ष 2027 में प्रस्तावित कुंभ मेले की तैयारियां अभी से प्रारंभ कर दी गई हैं।

### चार धाम के कपाट खोलने तक जारी रहेगी शीतकालीन यात्रा

प्रदेश में शीतकालीन यात्रा भी निरंतर संचालित हो रही है और चारधाम के कपाट खुलने तक जारी रहेगी। अब तक लगभग एक लाख साठ हजार श्रद्धालु शीतकालीन यात्रा के दौरान विभिन्न धार्मिक स्थलों पर दर्शन कर चुके हैं। आगामी चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं की भी व्यापक तैयारियां आरम्भ की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीतकाल में भी बड़ी संख्या में पर्यटक एवं श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंच रहे हैं, जो राज्य में धार्मिक पर्यटन के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। सरकार का लक्ष्य धार्मिक पर्यटन को और अधिक सशक्त करना है, ताकि उत्तराखंड की पहचान वैश्विक स्तर पर और मजबूत हो सके। मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "बजरंगबली की कृपा हम सभी पर बनी रहे और हमारा उत्तराखंड निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे।"

**कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी**

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट, महापौर हल्द्वानी गजराज बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री डॉ. अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्या, शंकर कोरंगा, शांति मेहरा, कुमाऊं आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, श्री हनुमान धाम ट्रस्ट के आचार्य विजय एवं ट्रस्ट प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# राज्य के राजकीय महाविद्यालयों में हाईटेक होंगी प्रयोगशालाएं: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित एमबी पीजी कॉलेज हल्द्वानी एवं कोटद्वार महाविद्यालय में स्थापित विज्ञान प्रयोगशालाओं को हाईटेक बनाया जायेगा। दोनों महाविद्यालयों की प्रयोगशालाओं के उच्चीकरण को 4 करोड की धनराशि जारी कर दी गई है। इन दोनों महाविद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशालाओं को आईआईटी कानपुर के सहयोग से उच्चीकृत किया जायेगा, ताकि वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को आधुनिक उपकरणों के जरिये प्रयोगात्मक एवं शोधात्मक प्रशिक्षण मिल सके।

सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि राज्य सरकार उच्च शिक्षा में शैक्षिक गुणवत्ता, नवाचार, प्रयोगात्मक व शोधात्मक गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दे रही है। इसी क्रम में प्रदेशभर के राजकीय महाविद्यालयों में स्थापित प्रयोगशालाओं को उच्चीकृत कर हाईटेक बनाया जायेगा, ताकि अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को वैश्विक स्तर के मानदण्डों के अनुरूप प्रयोगात्मक कार्यों का प्रशिक्षण मिल सके। डॉ. रावत ने बताया कि प्रथम चरण में एम.बी. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी तथा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में स्थापित विज्ञान प्रयोगशाला के उच्चीकरण को 2-2 करोड़ की धनराशि जारी कर दी है, शीघ्र ही आईआईटी कानपुर की सहायता से दोनों महाविद्यालयों की विज्ञान प्रयोगशाला को उच्चीकृत किया जायेगा, इसके लिये विभागीय अधिकारियों को प्रयोगशालाओं के समय पर उच्चीकरण करने निर्देश दे दिये गये।



■ एमबी पीजी कॉलेज व कोटद्वार महाविद्यालय में लैब अपग्रेडेशन को 4 करोड़ जारी
■ कहा, आईआईटी कानपुर की सहायता से उच्चीकृत की जाएंगी प्रयोगशालाएं

# धामी सरकार में धरातल पर विकास कांग्रेस धरातल से ही कटी : दिनेश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल ने 27 के चुनावों में मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में हैट्रिक लगाने का दावा किया है। क्योंकि भाजपा की डबल इंजन सरकार धरातल पर विकास कर रही है और उसी धरातल से कांग्रेस पूरी तरह कटी हुई है। कांग्रेस में स्वयंघोषित पंचमुखी और एकमुखी रुद्राक्षी नेता एक दूसरे को जिस तरह निपटाने में लगे हैं, वो 2017 और 2022 के नतीजों को दोहराने का संकेत है।



■ कांग्रेसी पंचमुखी और एकमुखी एक-दूसरे और जनता कांग्रेस को निपटाएगी
■ कहा, भाजपा के लिए 27 में चुनौती नहीं, धामी के नेतृत्व में लगेगी हैट्रिक

मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, भाजपा और कांग्रेस की राजनैतिक कार्यशैली एवं विचारों के प्रति प्रतिबद्धता में जमीन आसमान का अंतर है। भाजपा की सरकार केंद्र और राज्य में लगातार धरातल पर विकास के कार्यों को स्थापित कर रही हैं। पीएम मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री धामी के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश दिन दूनी रात चौगुनी गति से तरक्की कर रहा है। इससे अलग स्वयं भाजपा संगठन निरंतर अपने कार्यक्रमों एवं कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर में मौजूदगी का एहसास कराता रहता है।

पार्टी के लाखों सक्रिय एवं साधारण कार्यकर्ता, आम लोगों की दिनचर्या और सुख-दुख में निरंतर भागीदारी करते हैं। यही वजह है कि भाजपा दुनिया के सबसे बड़ी पार्टी बनकर आज देवभूमि में भी अजेय बनी हुई है। वहीं उन्होंने कांग्रेस पर तंज करते हुए कहा कि 2014 के बाद से लगातार हार के बाद भी उनका प्रदेश या केंद्रीय नेतृत्व सबक सिखने के मूड में नहीं है। उनको लगता है चार लोग मीडिया में बयानबाजी करेंगे और जनता उनके साथ खड़ी हो जाएगी। कांग्रेस नेता बड़ी मुश्किल से एक कार्यक्रम कर पाते हैं और खुशफहमी पाल कर घर बैठ जाते हैं। जबकि भाजपा एक के बाद एक सांगठनिक एवं जनसहभागिता के कार्यक्रम से निरंतर आगे बढ़ते हुए स्वयं को मजबूत करती जाती है। उन्होंने कटाक्ष किया कि गुटबाजी और एक दूसरे को नीचा दिखाना कांग्रेस की लड़ाई बेहद शर्मनाक है। ऐसी राजनीतिक पार्टी जो स्वयं को राज्य के विकास की कमान सौंपने की दावेदारी करती हो, उसके गिने चुने बड़े नेता खुलकर एक दूसरे कर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं।

# सीएस ने किया कुम्भ मेला-2027 की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार।** कुम्भ मेला-2027 की तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रदेश के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने गुरुवार को हरिद्वार में विभिन्न निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए तथा विभागीय समन्वय को सुदृढ़ बनाते हुए कार्यों में तेजी लाई जाए।



■ सभी कार्यों को तय समय में पूर्ण करने के निर्देश, गुणवत्ता पर विशेष जोर
■ ग्रीन घाट एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष फोकस, साप्ताहिक समीक्षा के आदेश

कुंभ क्षेत्र के कार्यों के विस्तृत निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने अपर गंगा नहर के बाएं तट पर स्थित शहीद भगत सिंह घाट (कामधेनु घाट) से सिंहद्वार तक निर्माणाधीन घाट एवं बैरागी कैम्प घाट का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि घाटों का निर्माण श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए आधुनिक मानकों के अनुरूप किया जाए, ताकि कुम्भ के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

उन्होंने बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए घाटों पर रैम्प एवं अन्य सुगम्यता संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, साथ ही चेंजिंग रूम एवं प्रसाधन की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि इस बार कुम्भ मेलाख्र2027 के लिए 'ग्रीन घाट' विकसित किए जाएं, जिसके तहत घाटों पर हरित पट्टियां विकसित कर उन्हें फूलों एवं पौधों से सजाया-संवारा जाए।

उन्होंने ज्वालापुर, ईदगाह, पीएसी, शिवालिक नगर मोटर मार्ग के किलोमीटर-3 पर पथरी रौ नदी पर निर्माणाधीन 60 मीटर लंबे प्री-स्ट्रेस्ड आरसीसी सेतु के कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए।

मुख्य सचिव ने बहादराबाद-सिडकुल मार्ग (भाईचारा ढाबा से बीएचईएल सेक्टर-6 होते हुए शिवालिक नगर चौक एवं बीएचईएल मध्य मार्ग तक) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह मार्ग कुम्भ के दौरान यातायात के सुचारू संचालन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए।

उन्होंने धनौरी-सिडकुल लिंक मार्ग पर पथरी रौ नदी में पुरानी गंग नहर सायफन के डाउनस्ट्रीम में बन रहे 90 मीटर स्पान के पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस पुल से संबंधित नदी तल के कार्य वर्षाकाल से पूर्व पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि वर्षा ऋतु में जलस्तर बढ़ने से कार्य प्रभावित न हो। इस अवसर पर सचिव शहरी विकास नितेश झा, आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडे, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर, नगर आयुक्त नंदन कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा, अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती, हरिद्वार विकास प्राधिकरण के सचिव मनीष कुमार, उप मेलाधिकारी आकाश जोशी मौजूद रहे।

# 'राष्ट्रपति पुलिस कलर' से सम्मानित हुई उत्तराखंड पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड पुलिस को "राष्ट्रपति पुलिस कलर" से अलंकृत किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे राज्य के इतिहास का "स्वर्णिम और गौरवपूर्ण अध्याय" बताया है। सीएम कहा कि उत्तराखंड के लिए यह क्षण केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि गौरव, परंपरा और अदम्य सेवा भावना का जीवंत प्रमाण बनकर सामने आया है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में भेंट कर पुलिस महानिद. ेशक दीपम सेठ ने यह जानकारी दी द्य



■ देश के चुनिंदा राज्यों में शामिल हुई उत्तराखंड की पुलिस ■ सीएम पुष्कर धामी ने बताया ऐतिहासिक उपलब्धि

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान उत्तराखंड पुलिस को देश के उन चुनिंदा पुलिस बलों की श्रेणी में स्थापित करता है, जिन्हें उनकी विशिष्ट और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए यह सर्वोच्च राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। उन्होंने डीजीपी सहित सभी अधिकारियों और जवानों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए भारत के माननीय राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व और सतत मार्गदर्शन ने उत्तराखंड पुलिस को इस उच्च सम्मान तक पहुँचाया है। यह उपलब्धि न केवल पुलिस बल की प्रतिष्ठा को बढ़ाती है, बल्कि पूरे उत्तराखंड को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करती है।

### सीएम धामी बोले: यह सम्मान नहीं, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की राष्ट्रीय पहचान

सीएम ने कहा कि किया कि यह सम्मान केवल एक अलंकरण नहीं, बल्कि वर्षों की वीरता, अनुशासन, उत्कृष्ट सेवा, पेशेवर दक्षता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की मान्यता है। यह पुरस्कार एक कठोर और बहु-स्तरीय मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद दिया जाता है, जिसमें पुलिस बल के हर आयाम कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, आंतरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, जनसुरक्षा और तकनीकी नवाचार का गहन परीक्षण किया जाता है। यह सम्मान पुलिस के ध्वज और वर्दी पर अंकित होकर उसके गौरव, अस्मिता और परंपरा का स्थायी प्रतीक बन जाता है, साथ ही हर पुलिसकर्मी के लिए प्रेरणा और जिम्मेदारी का स्रोत भी है। सीएम ने कहा कि उत्तराखंड की दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद पुलिस बल ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखते हुए अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

### यह उपलब्धि उत्तराखंड पुलिस के इतिहास का 'स्वर्णिम अध्याय': डीजीपी

पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने इस उपलब्धि को उत्तराखंड पुलिस के इतिहास का "स्वर्णिम अध्याय" बताते हुए कहा कि यह सम्मान प्रत्येक अधिकारी और जवान के समर्पण, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के साथ-साथ पुलिस परिवारों के त्याग और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह उपलब्धि भविष्य में उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करने के लिए प्रेरित करेगी। उत्तराखंड पुलिस अब इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के साथ राष्ट्र एवं राज्य की सेवा और सुरक्षा में और अधिक दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ेगी।

# ऋषिकेश बाईपास निर्माण की स्वीकृति पर महाराज ने जताया आभार

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में ट्रैफिक जाम को कम करने और चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए केन्द्र सरकार की और से ऋषिकेश बाईपास के 4-लेन निर्माण के लिए 1105.79 करोड़ की मंजूरी दिये जाने पर प्रदेश के पर्यटन धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा का आभार जताया है।



■ शहर के भीतर लगने वाले जाम से यात्रियों को मिलेगी निजात

महाराज ने कहा कि 12.67 किमी लंबा यह नया एनएच-7 बाईपास नेपाली फार्म (तीनपानी) के पास से शुरू होकर खारास्रोत तक बनेगा, जिससे ऋषिकेश शहर के भीतर लगने वाले जाम से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना उत्तराखण्ड राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-07 पर डिजाइन किमी 529750 से किमी 542420 तक भट्टोवाला ढालवाला होते हुए खाराश्रोत पुल तक प्रस्तावित 4 लेन ऋषिकेश बाईपास (पैकेज-01) के निर्माण से सम्बन्धित है। प्रस्तावित बाईपास की कुल लम्बाई 12.670 किमी है, जिसमें 4.876 किमी एलिवेटेड संरचना, 0.50 किमी वायाडक्ट सहित मुख्य पुल, 42 मीटर लघु पुल, 3 अंडरपास (0.364 किमी), 1 रेल ओवर ब्रिज (184 मीटर), 1 ओवरपास (120 मीटर), 1 राउंडअबाउट इंटरसेक्शन, 1 राउंडअबाउट जंक्शन सम्मिलित हैं।

ऋषिकेश चारधाम यात्रा (बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री एवं यमुनोत्री) का प्रमुख प्रवेश द्वार है, जहाँ से राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय यातायात का अत्यधिक दबाव शहर के भीतर से होकर गुजरता है।

# 'उज्ज्वल' में एक गरिमामय विदाई समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** यूजेवीएन लिमिटेड के पूर्व प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप सिंघल के सम्मान में निगम मुख्यालय 'उज्ज्वल' में एक गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने डॉ. सिंघल के साथ कार्यकाल के अपने अनुभवों और संस्मरणों को साझा करते हुए उनके नेतृत्व, कार्यकुशलता एवं सौम्य व्यक्तित्व की सराहना की। समारोह में डॉ. संदीप सिंघल ने भी अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा निगम की निरंतर प्रगति की कामना की।इस अवसर पर यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अजय कुमार सिंह, यूपीसीएल एवं पिटकुल के प्रबंध निदेशक जी.एस. बुदियाल, निदेशक परियोजनाएं सुरेश चन्द्र बलूनी, अधिशासी निदेशक सुधाकर बडोनी, आशीष कुमार जैन तथा विवेक आत्रेय सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## कांग्रेस में कुनबा बढ़ते ही 'वार-पलटवार' तेज

# हरीश धामी बोले-हरक फिर दे सकते हैं धोखा

**मौहम्मद शाह नजर**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस में अंदरूनी खींचतान अब खुली सियासी जंग का रूप लेती नजर आ रही है। बयानबाजी का स्तर इतना तीखा हो गया है कि नेता एक-दूसरे की राजनीतिक विश्वसनीयता पर ही सवाल उठाने लगे हैं। ताजा विवाद में धारचूला विधायक हरीश धामी ने सीधे तौर पर हरक सिंह रावत को निशाने पर लेते हुए कहा कि 'जो एक बार धोखा दे चुका है, वह फिर दे सकता है'।

दरअसल, पूरे घटनाक्रम की शुरुआत 27 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की एक फेसबुक पोस्ट से हुई। उन्होंने अपनी लंबी राजनी. तिक यात्रा का जिक्र करते हुए 'अर्जित अवकाश' लेने की बात कही। इस बयान को लेकर पार्टी के भीतर कई तरह की अटकलें शुरू हो गई, इसे कहीं थकान, तो कहीं नेतृत्व से नाराजगी के संकेत के तौर पर देखा गया।

■ हरदा के सम्मान में इस्तीफे की पेशकश

करीब एक दशक से सत्ता से बाहर कांग्रेस के लिए यह अंदरूनी कलह चिंता का विषय बनती जा रही है। एक तरफ पार्टी वापसी की तैयारी में जुटी है, वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ नेताओं के बीच खेमेबाजी खुलकर सामने आ रही है। इस बीच प्रदेश प्रभारी उत्तराखण्ड के दौरे पर आ रही हैं। अब देखना होगा कि पार्टी हाईकमान इस 'सियासी संग्राम' को थाम पाता है या फिर यह विवाद और गहराकर चुनावी तैयारियों को प्रभावित करता है।



**दिल्ली का 'शक्ति प्रदर्शन' और देहरादून में 'शब्दों की जंग'**: 28 मार्च को दिल्ली में कांग्रेस ने 6 बड़े नेताओं को पार्टी में शामिल कराकर एकजुटता का संद. ेश देने की कोशिश की। रामनगर के संजय नेगी को पार्टी में शामिल न कराने की कहानी ने बवाल मचा दिया। देहरादून लौटते ही तस्वीर बदल गई। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने खुलकर कहा कि हरीश रावत की अनदेखी की जा रही है, जो पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है।

### हरक का पलटवार, फिर धामी का सीधा हमला

कुंजवाल के बयान के बाद हरक सिंह रावत ने बिना देर किए जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 'किसी एक नेता के भरोसे पार्टी नहीं चलती' और हरीश रावत के 'आराम' लेने पर भी कोई आपत्ति नहीं जताई। लेकिन यह बयान हरीश रावत खेमे को रास नहीं आया। हरीश धामी ने तीखा पलटवार करते हुए 2016 के दलबदल प्रकरण की याद दिलाई और हरक पर कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने का आरोप जड़ दिया।

### 'जहां हरदा, वहीं हम' इस्तीफे तक की बात

विवाद यहीं नहीं थमा। धामी ने भावनात्मक अंदाज में कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे और उनके जैसे समर्थक 'हरदा के सम्मान' में सामूहिक इस्तीफा देने को भी तैयार हैं। उनका यह बयान साफ संकेत देता है कि मामला अब केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं, बल्कि संगठनात्मक संकट का रूप ले सकता है।

### रणजीत मान जाएं तो रामनगर व सल्ट दौनों कांग्रेस जीतेगी: संजय नेगी

**देहरादून।** जिस संयज नेगी को लेकर कांग्रेस में उठा-पटक चल रही है, वह गुरूवार को देहरादून स्थित पूर्व सीएम हरीश रावत के आवास पहुंचे ओर हरदा से लंबी गुफ्तगु की। हरदा से उनकी क्या बात हुई यह तो सामने नही आया, मगर नेगी ने मुलाकात के बाद कहा कि मैं हरीश रावत जी से अवकाश छोड़ने का निवेदन करने आया था, मैने अपनी ज्वाईनिग पार्टी आलाकमान, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के उपर छोड़ दी है। मैं कांग्रेस का कार्यकर्ता रहा हूं, अब कांग्रेस को सोचना है कि मुझे पार्टी में लेना है, या नही। संजय नेगी ने यह भी कहा कि अगर रणजीत रावत जी मान जाते हैं, और मुझे रामनगर से टिकट मिला है तो कांग्रेस रामनगर और सल्ट दौनों सीटों पर जीत हासिल करेगी।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ट्रम्प का संबोधन

अपने तय कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार की सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने राष्ट्र को संबोधित किया। उनके संबोधन पर पूरी दुनिया की नजर लगी थी, क्योंकि वह अपना संबोधन उस समय कर रहे थे, जब ईरान के साथ जारी युद्ध को करीब 34 दिन हो गए हैं। पिछले दिनों जिस तरह की खबरें आ रही थीं, लोगों को उम्मीद थी कि शायद वह अपने संबोधन में ऐसा कुछ कहेंगे, जिससे यह युद्ध समाप्त होने में मदद मिलेगी। यकीनन ऐसी उम्मीद रखने वाले लोगों को निराशा हाथ लगी है, क्योंकि ट्रम्प ने 3–4 सप्ताह तक ईरान पर गंभीर हमले की बात कही है। अमेरिकी राष्ट्रपति अपने विवादास्पद दावों को लेकर जाने जाते हैं। अपने संबोधन में भी वह अपनी इस आदत के अनुसार भ्रम की स्थिति फैलाते दिखाई दिए। ट्रम्प का कहना था कि अमेरिकी सेना ने ज्यादातर लक्ष्य हासिल कर लिए हैं और ईरान की वायु व जल सेना को पंगु बना दिया है। अब सवाल है कि अगर ईरान की सेना को पंगु बना दिया है तो उस पर हमले भयंकर हमले क्यों करने चाहिएं वह तो खुद ही घुटनों में आ जाना चाहिए। होर्मुज को लेकर जिस तरह ईरान तेवर दिखा रहा है, उससे तो कहीं भी नहीं लगता कि उसकी जल व वायु सेना में कमी आती दिखाई दे रही है। अपने संबोधन में ट्रम्प यह कहने से भी नहीं चूके कि मध्य पूर्व में हम अपने लिए नहीं बल्कि अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उन्हें मध्य पूर्व से तेल की कोई जरूरत नहीं है। अमेरिका के पास बहुत तेल है। न ही होर्मुज की उन्हें कोई जरूरत है। जिन्हें जरूरत है, उनको जाकर रास्ता खुलवाना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति यह कहते भी दिखाई दिए कि ईरान ने उनसे युद्ध विराम की मांग की है। जिस तरह तेहरान ने उनके तमाम दावों को तुरंत खारिज किया है, निश्चित रूप से यह ट्रम्प की साख के लिए बड़ा झटका होना चाहिए। ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान की जनता का अमेरिका, यूरोप व पड़ोसी देशों से कोई बेर नहीं है और अमेरिकी नागरिकों से अपील की है कि वह युद्ध जारी रखने के पीछे ट्रम्प के उद्देश्यों पर सवाल उठाएं। वहीं ईरानी विदेश मंत्री अरागची का कहना है कि अमेरिका से संदेश मिला जरूर है, लेकिन बातचीत को लेकर भरोसा शून्य बना हुआ है। कुल मिलाकर देखा जाए, तो ट्रम्प ने वही बात अपने संबोधन में कही है जो वह पिछले दिनों से कहते आ रहे हैं, उन्होंने नया कुछ भी नहीं कहा। वह इस बात का भी जवाब नहीं दे सके, जो खुद उनके देश में उठ रही है कि आखिर ईरान अमेरिका के लिए खतरा कैसे है। न ही वह अमेरिकी व विश्व की जनता को किसी तरह का भरोसा दिला सके, जिससे लगे कि विकराल रूप लेती यह जंग किसी तरह खत्म हो, बल्कि और भड़काने की बात करते दिखाई दिए। उनका कुल भाषण यह बताता है कि वास्तव में ट्रम्प को अब कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है और वह युद्ध में पूरी तरह उलझ गए हैं।

## पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही मोदी सरकार



मोदी सरकार पूर्व सैनिकों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है, जिसके कारण उनका संकट लगातार गहराता जा रहा है, सरकार उन पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही है, जिन्होंने देश की सेवा की है। सरकार को पूर्व सैनिकों को वह सारी सुविधाएं देनी चाहिए जिसके वे हकदार हैं, जनसंसद में कुछ दिन पहले देश की रक्षा में घायल होने वाले पूर्व सैनिकों से मुलाकात हुई, उन्होंने एक्स सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ईसीएचएस) में प्रतिपूर्ति में देरी, दवाइयों की कमी, अस्पतालों का इलाज से इनकार या बकाया राशि का भुगतान नहीं होने के कारण योजना से बाहर हो जाने जैसी गंभीर कमियों के बारे में बताया, 72 लाख से भी अधिक पूर्व सैनिक और उनके परिवार अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इस योजना पर निर्भर हैं।

**–राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# सुधार या बोझ? आम आदमी की जेब पर लगातार पड़ता भार

## नए वित्तीय वर्ष पर नई मुश्किलें, खर्च बढ़े, राहत नहीं




देश में कई फैसले ऐसे होते हैं, जो कागज पर छोटे दिखते हैं, लेकिन उनका असर सीधे रसोई, सड़क और जेब तक पहुंचता है। 1 अप्रैल 2026 भी ऐसी ही तारीख बन गई। नए वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन आम आदमी पर तीन तरफ से बोझ डाला गयाकृनया इनकम टैक्स कानून, ई20 पेट्रोल का अनिवार्य उपयोग और फास्टैग का महंगा वार्षिक पास। सरकार इन बदलावों को सुधार कह रही है, लेकिन असली असर वही मध्यम वर्ग झेल रहा है, जो पहले से महंगाई, किस्तों और रोजमर्रा के खर्चों में फंसा हुआ था। यह सिर्फ नियमों में बदलाव नहीं, बल्कि आम आदमी की आय स्थिर रहकर खर्चों के बढ़ते दबाव का नया दौर है।

सबसे बड़ा बदलाव नए इनकम टैक्स एक्ट 2025 के रूप में आया है। छह दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को हटाकर नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। दावा है कि इससे टैक्स सिस्टम आसान, पारदर्शी और आधुनिक बनेगा। कागजों पर राहत भी दिखती है। बच्चों का शिक्षा भत्ता 100 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिमाह, हॉस्टल भत्ता 300 से 9000 रुपये और भोजन भत्ता व गिफ्ट लिमिट भी कई गुना बढ़ाई गई है। पहली नजर में यह राहत का पैकेज लगता है, लेकिन असलियत अलग है। इन बढ़ी हुई सीमाओं के साथ शर्तें और कागजी बोझ भी बढ़ गया है। नतीजा यह कि कर्मचारी को राहत कम और उलझन ज्यादा मिल रही है।

नए टैक्स नियमों ने नौकरीपेशा वर्ग के लिए कुछ राहत के साथ कागजी अनुपालन भी बढ़ाया है। अब एचआरए क्लेम के लिए मकान मालिक का पैन और किराए की रसीद जैसे दस्तावेज अनिवार्य हो गए हैं। दस लाख रुपये से अधिक के हर लेन-देन पर भी पैन अनिवार्य कर दिया गया है। फॉर्म 16 की जगह नई अनुपालन प्रक्रिया और फॉर्म लागू हो गए हैं, जिन्हें समझने में कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। सबसे बड़ी परेशानी पुरानी और नई टैक्स व्यवस्था के बीच चुनाव को लेकर है। आम कर्मचारी तय नहीं कर पा रहा कि किसमें बचत है और किसमें ज्यादा टैक्स। जिसे आसान और पारदर्शी व्यवस्था कहा गया था, वह अब सलाहकारों, चार्ट और कैलकुलेटर के बिना समझ में नहीं आती। सुधार के नाम पर उलझन और बढ़ गई है। टैक्स के बाद दूसरा बड़ा झटका ई20 पेट्रोल ने दिया है। 1 अप्रैल से देश के हर पेट्रोल पंप पर 20 प्रतिशत एथनॉल मिला पेट्रोल ही बिक रहा है। सरकार इसे तेल आयात घटाने, विदेशी मुद्रा बचाने, प्रदूषण कम करने और किसानों की आय बढ़ाने वाला कदम बता रही है। मंशा पर सवाल नहीं, लेकिन मुश्किल वहां शुरू होती है जहां यह फैसला आम आदमी की गाड़ी से टकराता है। देश में लाखों कारें और बाइक पांच-दस साल पुरानी हैं। उनके मालिक अब डर रहे हैं कि कहीं ई 20 पेट्रोल से इंजन पर असर न पड़े, माइलेज न घट जाए और मरम्मत का नया खर्च न जुड़ जाए। अगर गाड़ी ई 20 के अनुकूल नहीं हुई, तो उसकी कीमत आखिर किसकी जेब से निकलेगी? विशेषज्ञ चेतावनी दे चुके हैं कि ई 20 पेट्रोल से पुरानी गाड़ियों का माइलेज घट सकता है, इंजन पर दबाव बढ़ सकता है और तकनीकी बदलाव की जरूरत पड़ सकती है। पेट्रोल की कीमत भले न बढ़े, वास्तविक खर्च बढ़ जाएगा। माइलेज घटने से महीने के अंत तक कई सौ रूपए अतिरिक्त खर्च होंगे। रोज दफ्तर जाने वाले कर्मचारी, टैक्सी चालक, डिलीवरी कर्मी और छोटे व्यापारी सबसे पहले प्रभावित होंगे। सीमित आय वाले परिवारों के लिए यह नया खर्च बड़ी समस्या बन सकता है। सरकार ने फैसला लागू कर दिया, लेकिन पुराने वाहनों वाले लाखों परिवारों की तैयारी नहीं हुई। सड़क पर निकलने वालों के लिए सबसे तात्कालिक झटका फास्टैग के नए नियमों ने दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फास्टैग के वार्षिक पास की कीमत 3000 रुपये से बढ़ाकर 3075 रुपये कर दी है। सुनने में यह केवल 75 रुपये की बढ़ोतरी लगती है, लेकिन असली बोझ इससे कहीं बड़ा है। अब 'वन व्हीकल, वन फास्टैग' नियम पहले से सख्ती से लागू है और नकद भुगतान लगभग खत्म हो चुका है। खाते में बैलेंस कम हुआ, तो टोल प्लाजा पर गाड़ी रुक सकती है। अब हर सफर मोबाइल, बैंक खाते और नेटवर्क पर ज्यादा निर्भर हो गया है। यानी अब सड़क पर निकलने से पहले गाड़ी नहीं, फास्टैग का सक्रिय होना ज्यादा जरूरी हो गया है। इन तीनों बदलावों की सबसे बड़ी मार मध्यम वर्ग पर पड़ेगी। सीमित आय वाले एक सामान्य परिवार की जेब पर अब हर महीने 800 से 1200 रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। नए टैक्स नियम बचत घटाएंगे, ई 20 पेट्रोल रोज की यात्रा महंगी करेगा और फास्टैग हर सफर को ज्यादा खर्चीला बना देगा। यही वह वर्ग है, जो पहले ही बच्चों की फीस, राशन, बिजली बिल और ईएमआई के बीच जूझ रहा है। न उसे सरकारी राहत मिलती है, न बढ़ती महंगाई से बचने का रास्ता। इसलिए सरकार जिन कदमों को सुधार कह रही है, वे आम आदमी को जेब पर लगातार पड़ते वार जैसे लग रहे हैं। किसी भी सुधार का मूल्य उसके उद्देश्य से नहीं, बल्कि उसके प्रभाव से तय होता है। टैक्स व्यवस्था को आधुनिक बनाना, तेल पर निर्भरता घटाना और टोल को डिजिटल करना जरूरी हो सकता है, लेकिन बिना तैयारी और विकल्प के लागू किए गए बदलाव सुधार नहीं, बोझ बन जाते हैं। 1 अप्रैल 2026 ने यही सच्चाई सामने रखी। इस दिन देश ने कोई नई शुरुआत नहीं, बल्कि यह महसूस किया कि आने वाले समय में आम आदमी को अपनी कमाई से ज्यादा अपने बढ़ते खर्चों की चिंता करनी होगी।



**कृति आरके जैन**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बलिदान से जन्मी रोशनी: गुड फ्राइडे का शाश्वत संदेश

**कहा जाता है कि पुनर्जीवित होने के बाद ईसा ने लगभग 40 दिनों तक अपने शिष्यों और अनुयायियों को दर्शन दिए, उन्हें सत्य, प्रेम और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। ईस्टर की आराधना विशेष रूप से उषाकाल में की जाती है। मान्यता है कि पुनरुत्थान का यह चमत्कार प्रातःकाल ही हुआ था और सबसे पहले मरियम मदीलिनी ने ईसा को जीवित देखा था। यह प्रसंग इस तथ्य को भी उजागर करता है कि सत्य और आस्था का प्रकाश सबसे पहले उन हृदयों में जागृत होता है, जो श्रद्धा और विश्वास से परिपूर्ण होते हैं।**



**योगेश कुमार गोयल**

ईशु ईसा मसीह के बलिदान और उनकी शिक्षाओं को याद करने का दिन है गुड फ्राइडे। दरअसल ईसा मसीह ने मानवता की भलाई के लिए बलिदान दिया। ईसाई मान्यता के अनुसार दुनिया को प्रेम, दया, करुणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का संदेश देने वाले ईशु को इसी दिन उस जमाने के धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा क्रॉस पर चढ़ाया गया था।

जिस दिन ईसा मसीह ने प्राण त्यागे थे, उस दिन शुक्रवार था और इसी याद में गुड फ्राइडे मनाया जाता है। ईस्टर के रविवार से पहले पड़ने वाले शुक्रवार को मनाया जाता है और इस वर्ष गुड फ्राइडे 3 अप्रैल को मनाया जा रहा है। ईसाई समुदाय द्वारा इस त्यौहार को शोक के रूप में मनाया जाता है। गुड फ्राइडे को ईशु द्वारा मानवता की भलाई के लिए दिए बलिदान के रूप में देखा जाता है। गुड फ्राइडे के दिन गिरजाघरों में घंटा नहीं बजाया जाता बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाए जाते हैं और लोग चर्च में क्रॉस को चूमकर ईशु का स्मरण करते हैं। कुछ स्थानों पर लोग काले कपड़े पहनकर प्रभु ईशु के बलिदान दिवस पर शोक भी व्यक्त करते हैं और ईशु से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। ईसा मसीह के सूली पर चढ़ाए जाने की याद में इस दिन उनके अनुयाई समस्त लौकिक सुविधाओं का त्याग कर देते हैं। इस दिन चर्च और घरों से सजावटी वस्तुएं हटा दी जाती हैं या उन्हें कपड़े से ढ़क दिया जाता है। कैथोलिकों द्वारा शुरू की गई प्रथा के अनुसार गुड फ्राइडे के ठीक 40 दिन पहले आने वाले बुधवार से ईसाई समुदाय में प्रार्थना और उपवास प्रारंभ हो जाते हैं। इस बुधवार को 'राख का बुधवार' कहा जाता है। उपवास के दौरान लोग केवल शाकाहारी और सात्विक भोजन करते हैं। माना जाता है कि ईशु ने मानव सेवा प्रारंभ करने से पहले चालीस दिन तक व्रत किया था और संभवतः इसीलिए उपवास की यह परम्परा शुरू हुई।

इस दिन दुनियाभर के ईसाई सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए चर्च में चंदा या दान देते हैं। ईसाई धर्म में ईसा मसीह को परमेश्वर का पुत्र माना जाता है। उन्होंने लोगों को क्षमा, शांति, दया, करूणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का उपदेश दिया और उनके इन्हीं सद्गुणों के कारण लोग उन्हें शांति दूत, क्षमा मूर्ति और महात्मा कहकर पुकारने लगे थे। कहा जाता है कि वे यरूशलम के गैलिली प्रांत में लोगों को मानवता, सत्य, एकता, प्रेम, अहिंसा और शांति का उपदेश दिया करते थे। उनके संदेश दूर-दूर तक फैलने लगे और उनके विचारों को लोग अपने जीवन में अपनाने लगे। वहां के लोग उन्हें परमपिता परमेश्वर का दर्जा देने लगे थे। समाज में धार्मिक अंधविश्वास और झूठ फैलाने वाले धर्मगुरूओं को इसी कारण ईसा मसीह से काफी जलन होने लगी थी क्योंकि लोग अपनी समस्याओं को लेकर अब उनके पास नहीं आ रहे थे। करीब दो हजार वर्ष पूर्व उन्हें मृत्युदंड इसीलिए दिया गया क्योंकि वे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और घोर विलासिता तथा अज्ञानता के अंधकार को दूर करने के लिए लोगों को शिक्षित और जागरूक कर रहे थे। ईसा मसीह केवल एक धार्मिक व्यक्तित्व नहीं बल्कि परिवर्तन और करुणा के जीवंत प्रतीक थे।

उन्होंने मानव प्रेम की सीमाओं को तोड़ते हुए उसे आत्मकेन्द्रितता और स्वार्थ से परे ले जाने का संदेश दिया। उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि सच्चा प्रेम त्याग, क्षमा और समर्पण में निहित होता है। जब पृथ्वी पर पाप और अन्याय बढ़ रहे थे, तब ईसा ने अपने बलिदान के माध्यम से निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा को चरितार्थ किया। क्रॉस पर उनकी पीड़ा केवल एक व्यक्ति का कष्ट नहीं थी बल्कि संपूर्ण मानवता के उद्धार का प्रतीक बन गई। ईसाई मान्यताओं के अनुसार, क्रूस पर चढ़ाए जाने के तीसरे दिन, रविवार को ईसा मसीह पुनः जीवित हो उठे थे। यही कारण है कि गुड फ्राइडे के बाद आने वाला रविवार 'ईस्टर संडे' के रूप में मनाया जाता है। यह दिन केवल पुनरुत्थान का उत्सव नहीं, बल्कि आशा, नवजीवन और विश्वास की पुनर्स्थापना का संदेश देता है।

# नौकरियां गंवाने की चिंता और मानसिक स्वास्थ्य की पुकार

बेंगलुरु, जिसे भारत की आईटी राजधानी के नाम से भी जाना जाता है, पिछले दिनों एक ऐसी घटना से हिल गया है जो न केवल दिल दहला देने वाली है, बल्कि पूरे समाज को सो. चने पर मजबूर कर देती है। गत 31 मार्च को कोठानूर इलाके के एक हाई-राइज अपार्टमेंट में एक युवा तकनीकी जोड़ी ने आत्महत्या कर ली। पति भानुचंद्र रेड्डी (32) और पत्नी बीबी शाजिया सिराज (31)। दोनों सॉफ्टवेयर इंजीनियर, दोनों की कमाई लाखों में, अमेरिका में काम का अनुभव, 80 लाख का सालाना पैकेज और सफलता की सारी बाहरी निशानियां। लेकिन अंदर से? नौकरी खोने का भय और बढ़ता तनाव। ठीक उसी दिन जब वैश्विक स्तर पर एआई की वजह से आईटी सेक्टर में भारी छंटनी की खबरें आ रही थीं।

भानुचंद्र अमेरिका में काम कर रहे थे। एआई टूल्स के कारण उनकी टीम में छंटनी हुई और उनकी नौकरी चली गई। भारत लौटकर वे नई नौकरी की तलाश में लगे, लेकिन असफल रहे। चिंता ने उन्हें घेर लिया। स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। अपने सुसाइड नोट में उन्होंने यही लिखा, हनौकरी की अनिश्चितता और लगातार दबाव। पत्नी शाजिया आईबीएम में नाइट शिफ्ट कर रही थीं। सुबह 7:30 बजे घर लौटीं तो पति का कमरा अंदर से बंद था। सुरक्षा गार्ड ने दरवाजा तोड़ा तो भानुचंद्र फांसी पर लटक रहे थे। शाजिया ने 20 मिनट तक वह दृश्य देखा। फिर वे अचानक 18वें फ्लोर पर पहुंचीं और वाहन से नीचे कूद गईं। यह घटना एआई क्रांति की उस काली साइड का प्रतीक है जो कल तक



'भविष्य की तकनीक' मानी जा रही थी। ठीक उसी दिन, 31 मार्च 2026 को, अमेरिकी सॉफ्टवेयर दिग्गज ओरेकल ने हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। कंपनी एआई डेटा सेंटर बनाने के लिए भारी निवेश कर रही है।

2026 में 500 करोड़ डॉलर से ज्यादा का कैपिटल निवेश भी किया। लेकिन इस खर्च को पूरा करने के लिए उसने लागत घटाने का फैसला किया। CNBC ब्लूमबर्ग और बिजनेस इंसाइडर की रिपोर्ट्स के मुता. बिक, करीब 20,000-30,000 तक के कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। ओरेकल अकेली नहीं। 2026 में एआई की वजह से बिग टेक की छंटनी की लहर चल रही है। अमेजन ने जनवरी में 16,000 कॉर्पोरेट जॉब्स काटे। माइक्रोसॉफ्ट ने पिछले साल 15,000 पद घटाए। मेटा, एटलासियन, ब्लॉक आदि सभी कंपनियां एआई के नाम पर कर्मचारियों को 'रिडंडेंट' बता रहे हैं। भारत में भी आईटी सेक्टर में 2017 से अब तक 227 से ज्यादा सुसाइड केस दर्ज हुए हैं। एनसीआरबी के 2023 के आंकड़ों के अनुसार कुल 1,71,418 आत्महत्याएं हुईं, जिनमें युवा प्रोफेशनल्स (25-40 साल) की संख्या सबसे ज्यादा हैं। बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे जैसे हर शहर में एआई छंटनी का डर युवाओं को घेर रहा है। समस्या सिर्फ नौकरी चले जाने की नहीं। समस्या है उस चिंता की भी है, जो एआई के नाम पर पैदा हो रही है। एआई टूल्स कोडिंग, डेटा एनालिसिस, यहां तक कि सॉफ्टवेयर डिजाइन में इंसानों से बेहतर साबित हो रहे हैं। कंपनियां सोच रही हैं कि कम लोगों से ज्यादा काम, लेकिन कर्मचारी? उनके लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन गया है। ईएमआई, लोन, परिवार की जिम्मेदारी, सब कुछ एक नौकरी पर टिका है। जब नौकरी चली जाती है, तो चिंता डिप्रेशन में बदल जाती है और समाज? हम अभी भी इसे व्यक्तिगत कमजोरी मानते हैं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वे कहता है कि 80 प्रतिशत लोग मानसिक बीमारी का इलाज नहीं लेते। वजह, कलंक और सुविधाओं की कमी। भारत में प्रति लाख जनसंख्या पर सिर्फ 0.75 साइकिएट्रिस्ट हैं। जिला स्तर पर मनोवैज्ञानिक क्लिनिक नाममात्र के। हमें एक मजबूत साइकोलॉजिकल इकोसिस्टम की जरूरत है। ठीक वैसे ही जैसे सामान्य अस्पतालों का नेटवर्क है। हर जिले में फुल-टाइम मेंटल हेल्थ सेंटर, फी या सस्ती ओपीडी, टेली-मेंटल हेल्थ, आयुष्मान भारत में मानसिक स्वास्थ्य बीमा अनिवार्य। कॉर्पोरेट कंपनियों को कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) अनिवार्य करने होंगेलेआउफ के समय न सिर्फ आउटप्लेसमेंट, बल्कि मानसिक सहायता भी देनी चाहिए, लेकिन इलाज सिर्फ दवाओं और काउंसलिंग तक सीमित नहीं रहना चाहिए। भारतीय संस्कृति में सदियों से ध्यान, योग और भगवद्गीता जैसे ग्रंथ चिंता पर विजय पाने का रास्ता बताते हैं। जब एआई छंटनी का दबाव बढ़े, तो आध्यात्मिक मार्गदर्शन मन को स्थिरता दे सकता है। भगवद्गीता में कर्मयोग की शिक्षा है कर्म करो, लेकिन फल की चिंता मत करो। कर्मण्एवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। यह सिखाता है कि नौकरी चली जाए तो भी आत्मसम्मान और जीवन का अर्थ खत्म नहीं होता। ध्यान और योग एंग्जायटी को कम करने में वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हैं। आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों में अब 'माइंडफुलनेस' प्रोग्राम चल रहे हैं। कई कंपनियां कर्मचारियों के लिए योग सेशन्स और आध्यात्मिक सत्र आयोजित कर रही हैं। आध्यात्मिक गुरुओं और काउंसलर्स का कहना है कि जब मन अशांत हो, तो प्रार्थना, सत्संग या गीता पाठ से आंतरिक शक्ति जागृत होती है। यह चिंता को 'स्वीकार' करने की क्षमता देता है, कि बदलाव जीवन का हिस्सा है, लेकिन हम उससे ऊपर उठ सकते हैं।ध्यान रखें, आध्यात्मिक मार्गदर्शन पेशेवर मनोचिकित्सा का विकल्प नहीं, बल्कि पूरक है। जब डॉक्टर की दवा के साथ ध्यान और गीता का ज्ञान जुड़ जाए, तो रिजल्ट बेहतर होता है। कई अध्ययनों में पाया गया है कि आध्यात्मिक प्रैक्टिस डिप्रेशन के मरीजों में रिकवरी रेट बढ़ाती है। सरकार, कॉर्पोरेट और समाज को मिलकर काम करना होगा। स्कूल-कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ आध्यात्मिक शिक्षा भी शामिल करें। मीडिया आत्महत्या की खबरों को संवेदनशील तरीके से कवर करे। परिवारों में खुली बातचीत का माहौल बने।बेंगलुरु की यह त्रासदी और ओरेकल जैसी कंपनियों की छंटनी हमें चेतावनी दे रही है। एआई भविष्य है, लेकिन बिना मानवता के नहीं। जब हम मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक बीमारी की तरह देखेंगे, जब अस्पतालों की तरह साइकोलॉजिकल सेंटर्स हर जगह होंगे और जब आध्यात्मिक मार्गदर्शन हमें अंदर से मजबूत करेगा, तब ही हम इस दबाव को पार कर पाएंगे। भानुचंद्र और शाजिया सिर्फ एक जोड़ी नहीं थे। वे हजारों उन युवा आईटी प्रोफेशनल्स का प्रतिनिधित्व करते हैं जो आज भी चुपचाप एआई छंटनी की चिंता में जूझ रहे हैं। समय आ गया है कि हम बदलें। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को एक साथ देखें। तभी एक स्वस्थ, सशक्त और संतुलित भारत बनेगा।



**रजनीश कपूर**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



श्रीनगर। सड़क केनारे एक अधिकृत डीलर से घरेलू उपयोग के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस के सिलेंडर लेने के लिए इंतजार करते लोग।

## अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों से जल्द इराक छोड़ने के कहा

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को इराक में मौजूद अपने नागरिकों से तुरंत देश छोड़ने की अपील की है। दूतावास के बयान के अनुसार, ईरान समर्थक समूहों द्वारा मध्य बगदाद में स्थित विदेशी राजनयिक मिशनों पर हमले की धमकियों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। दूतावास ने अपने बयान में कहा कि ईरान से जुड़े इराकी आतंकवादी समूह अगले 24-48 घंटों के भीतर मध्य बगदाद में हमले कर सकते हैं। ईरान और उससे जुड़े आतंकवादी गुटों ने पूरे इराक में अमेरिकी नागरिकों और अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर व्यापक हमले किए हैं, जिनमें इराकी कुर्दिस्तान क्षेत्र (आईकेआर) भी शामिल है। अमेरिकी नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी कारण से इराक की यात्रा न करें।

## हाइफ़ा में हवाई हमले के सायरन बजे

**हाइफ़ा।** इजरायल की होम फ्रंट कमांड ने ईरान से उसकी तरफ मिसाइलें दागे जाने की प्रारंभिक चेतावनी भेजी है। समाचार एजेंसी स्पुतनिक की एक रिपोर्ट के मुताबिक उत्तरी इजरायली शहर हाइफ़ा में हवाई हमले के सायरन बज रहे हैं। इजरायल पर बुधवार को भारी गोलाबारी के बावजूद, पिछले दिन हाइफ़ा में हवाई हमले के कोई सायरन नहीं बजे थे। लेबनान की ओर से हालांकि हुई गोलाबारी के कारण मंगलवार शाम को तीन बार सायरन बजाए गए थे। इससे पहले, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि इजरायल ने ईरान से मिसाइल प्रक्षेपण का पता लगाया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले, आईडीएफ ने ईरान से इजरायल की तरफ दागी गई मिसाइलों का पता लगाया है। मिसाइलों को रोकने के लिए रक्षा प्रणालियां काम कर रही हैं।

# ईरान में अमेरिका के लक्ष्य पूरे होने के करीब: ट्रम्प

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा: हम उन पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान के दौरान अमेरिकी सेना के 'मुख्य रणनीतिक लक्ष्य' लगभग पूरे होने के करीब हैं।

ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि जैसा कि मैंने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' की घोषणा करते समय कहा था, हमारे लक्ष्य बहुत सरल और स्पष्ट हैं। हम व्यवस्थित रूप से उस शासन की अमेरिका को धमकाने या अपनी सीमाओं के बाहर अपनी ताकत दिखाने की क्षमता को खत्म कर रहे हैं। इसका मतलब है ईरान की नौसेना को खत्म करना-जो अब पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है, उनकी वायु सेना और मिसाइल कार्यक्रम को ऐसे स्तर पर नुकसान पहुंचाना जो पहले कभी नहीं देखा गया और उनके रक्षा औद्योगिक आधार को पूरी तरह से तबाह कर देना। हमने यह सब कर लिया है-मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ये मुख्य रणनीतिक लक्ष्य अब पूरे होने के करीब हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अगले दो से तीन हफ्तों में ईरान पर अपने हमले और तेज करेगा, और उन्होंने उस देश को 'पाषाण युग' में वापस धकेलने की धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि मैं आज रात यह कह सकता हूं कि हम अमेरिका के सभी सैन्य लक्ष्यों को जल्द ही-बहुत जल्द-पूरा करने की राह पर हैं, हम उन पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहे हैं। अगले दो से तीन हफ्तों में, हम उन्हें वापस उसी पाषाण युग में धकेल देंगे, जहां उनकी असली जगह है। वहीं ट्रम्प ने बुधवार को ईरान पर अगले दो से तीन हफ्तों में हमले तेज करने और उसे 'पाषाण युग' में पहुंचाने की धमकी दी। ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि मैं आज रात कह सकता हूं कि हम अमेरिका के सभी सैन्य लक्ष्यों को जल्द ही, बहुत जल्द पूरा करने की राह पर हैं, हम उन पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहे हैं। अगले दो से तीन हफ्तों में, हम उन्हें वापस पाषाण युग में पहुंचा देंगे, जहां उनकी असली जगह है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को पश्चिम एशिया से तेल की जरूरत नहीं है, लेकिन वह अपने सहयोगियों का समर्थन करने के लिए इस क्षेत्र में बना हुआ है। उन्होंने कहा ‘अब हम पश्चिम एशिया से पूरी तरह स्वतंत्र हैं, और फिर भी हम वहां मदद के लिए मौजूद हैं। हमें वहां रहने की जरूरत नहीं है। हमें उनके तेल की जरूरत नहीं है। हमें उनके पास मौजूद किसी भी चीज की जरूरत नहीं है, लेकिन हम अपने सहयोगियों की मदद के लिए वहां हैं।

■ हम व्यवस्थित रूप से उस शासन की अमेरिका को धमकाने या अपनी सीमाओं के बाहर अपनी ताकत दिखाने की क्षमता को खत्म कर रहे हैं: ट्रम्प




# अमेरिका ने जमीनी हमला किया तो कोई जिंदा नहीं बचेगा: ईरान

### सैन्य मुख्यालय को अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश

**तेहरान/वॉशिंगटन।**
अमेरिका-इजरायल के हमलों के 34वें दिन ईरान ने संभावित जमीनी अभियान को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सेना ने जमीनी हमला करने की कोशिश की तो कोई भी जीवित नहीं बचेगा।

ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सशस्त्र बलों के प्रमुख आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश दिए हैं। सरकारी समाचार एजेंसी इरना द्वारा जारी वीडियो में हतामी ने कहा कि यदि दुश्मन जमीनी कार्रवाई करता है तो 'एक भी व्यक्ति को जीवित नहीं बचना चाहिए।

यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ तीन से चार सप्ताह तक चलने वाले तीव्र सैन्य अभियान की घोषणा की है और दावा किया है कि अमेरिका ईरान की सैन्य क्षमता को काफी हद तक नष्ट कर चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने युद्धविराम की मांग की है, जिसे तेहरान ने तुरंत खारिज कर दिया। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि ईरान की जनता का अमेरिका, यूरोप या पड़ोसी देशों से कोई बैर नहीं है और अमेरिकी नागरिकों से अपील की कि वे युद्ध जारी रखने के पीछे ट्रम्प के उद्देश्यों पर सवाल उठाएं। वहीं विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका से संदेश मिलने के बावजूद बातचीत को लेकर भरोसा 'शून्य' बना हुआ है। इस बीच, पूर्व विदेश मंत्री कमाल खर्राजी तेहरान स्थित अपने आवास पर हुए हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह अमेरिका के साथ पाकिस्तान बैक-चैनल वार्ता की कोशिशों में शामिल थे। खाड़ी क्षेत्र में भी तनाव बढ़ गया है। संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान द्वारा दागी जा रही मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराने की बात कही है, जबकि कतर के दोहा तट के पास एक टैंकर पर हमले में नुकसान हुआ, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। इजरायल में भी ईरान की ओर से दागी गई मिसाइलों को रोके जाने की खबर है, जबकि तेल अवीव के पास 11 वर्षीय बच्ची सहित 14 लोग घायल हुए हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू के आकलन के अनुरूप ट्रम्प द्वारा दिए गए समय संकेतों से यह संभावना जताई जा रही है कि संघर्ष आने वाले हफ्तों में निर्णायक मोड़ पर पहुंच सकता है। वहीं, क्षेत्रीय तनाव के बीच लेबनान और इराक में भी हमलों की खबरें हैं, जिनमें हिज्बुल्लाह के एक वरिष्ठ कमांडर सहित कई लोगों के मारे जाने की सूचना है। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में उछाल और युद्ध को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस संघर्ष को लेकर गंभीर चिंता जता रहा है।



■ ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं
■ आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश दिए

## ईरानी सुप्रीम लीडर के सलाहकार अमेरिकी हमले में घायल

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी के तेहरान स्थित घर पर गुरुवार को अमेरिका ने हमला किया। इसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई और खराजी को गंभीर हालात में हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। खराजी अभी ईरान की स्ट्रैटेजिक फारेन रिलेशंस काउंसिल के चेयरमैन हैं। यह संस्था सीधो देश के सर्वोच्च नेता को सलाह देती है और विदेश नीति से जुड़े बड़े फैसलों में अहम भूमिका निभाती है। खबरों में बताया गया है कि खराजी हाल के दिनों में पाकिस्तान के साथ सीजफायर वार्ता को लेकर बैकचैनल से संपर्क में थे। हालांकि, इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले खराजी ने संकेत दिया था कि ईरान इनडायरेक्ट बातचीत के लिए तैयार हो सकता है। हालांकि उन्होंने एक इंटरव्यू में यह भी कहा था कि अमेरिका के साथ कूटनीति के लिए फिलहाल कोई जगह नहीं है।

■ पत्नी की मौत, दावा: पाकिस्तान उनके जरिए ही ईरान से सीजफायर वार्ता कर रहा था

## अमेरिका ने वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति पर लगे प्रतिबंध हटाए

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज पर लगे प्रतिबंधा हटा दिए हैं। यह जानकारी अमेरिकी वित्त विभाग की वेबसाइट पर जारी एक अपडेट के अनुसार है। अमेरिकी वित्त मंत्रलय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने बुधावार (स्थानीय समय) को कहा कि रोड्रिगेज को प्रतिबंधा सूची से हटा दिया गया है। वहीं, शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, इस निर्णय के बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी गई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक्स एक पोस्ट में, रोड्रिगेज ने इस कदम का स्वागत किया। उन्होंने इसे द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि आर्थिक विकास और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वेनेजुएला पर लगे अतिरिक्त प्रतिबंधा हटाए जा सकते हैं। उन्होंने पोस्ट किया कि राष्ट्रपति ट्रंप का निर्णय हमारे देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें विश्वास है कि यह प्रगति और दृढ़ संकल्प हमारे देश पर लगे अतिरिक्त सक्रिय प्रतिबंधों को हटाने की ओर ले जाएगा।

# 1972 के बाद पहली बार चांद के करीब पहुंचेंगे इंसान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने आज 2 अप्रैल को 'आर्टेमिस-2' मिशन लॉन्च किया। सुबह 4:05 बजे 'स्पेस लॉन्च सिस्टम' (एसएलएस) ओरियन स्पेसक्राफ्ट में 4 अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर चांद की ओर रवाना हुआ। फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से ये लान्चिंग हुई। साल 1972 में 'अपोलो-17' के बाद यह पहला मौका है जब कोई इंसान पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) को पार कर चांद के करीब पहुंचेगा। चारों यात्री स्पेसक्राफ्ट से चांद के चारों ओर चक्कर लगाएंगे और फिर धरती पर लौटेंगे।

यह मिशन 10 दिन का है। जैसे ही यह ऐतिहासिक नजारा सामने आया, वहां मौजूद भीड़ खुशी से झूम उठी। लोगों के चेहरों पर जीत की मुस्कान और इस अद्भुत पल को देखने की हैरानी साफ झलक रही थी। टेक-ऑफ से ठीक एक घंटा पहले 'लॉन्च अबार्ट सिस्टम' में कुछ ऐसी दिक्कतें आईं, जिनसे लान्चिंग पर खतरा मंडराने लगा था। यह राकेट का वो 'इमरजेंसी एग्जिट' है, जो खराबी आने पर एस्ट्रोनाट्स वाले हिस्से को तुरंत राकेट से अलग कर देता है। हालांकि इंजीनियरों ने इस समस्या को तेजी से सुलझा लिया। फिर सेफ्टी चेक के लिए काउंटडाउन घड़ी को 10 मिनट पर रोक दिया गया। इसके बाद राकेट के अलग-अलग जरूरी सिस्टम्स की जिम्मेदारी संभाल रहे इंजीनियरों की 'ओके' रिपोर्ट आई। फिर क्रू को संदेश मिला-आर्टेमिस ।।, मैं लॉन्च डायरेक्टर बोल रहा हूं, आप उड़ान के लिए तैयार हैं। कमांडर रीड वाइजमैन ने जवाब दिया, हम पूरी मानवता की खातिर जा रहे हैं। इसके तुरंत बाद चार आरएस-25 इंजन और दो राकेट बूस्टर चालू हुए और एस्ट्रोनाट रवाना हो गए। काम्प्युकेशन इश्यू: उड़ान के करीब 51 मिनट बाद जब सैटेलाइट्स का हैंडओवर हो रहा था, तब ओरियन कैप्सूल का संपर्क कुछ देर के लिए टूट गया था। नासा के चीफ जेरेड इसाकमैन ने बताया कि मिशन कंट्रोल की आवाज तो क्रू को सुनाई दे रही थी, लेकिन क्रू का जवाब नीचे नहीं पहुंच पा रहा था। हालांकि, अब इस समस्या को सुलझा लिया गया है और सिस्टम सही काम कर रहा है। लॉन्च के कुछ ही देर बाद ओरियन कैप्सूल का इकलौता टायलेट खराब हो गया था। एस्ट्रोनाट क्रिस्टीना कोच ने मिशन कंट्रोल की मदद से इसे ठीक कर दिया। बिना टायलेट के यह 10 दिन का सफर काटना बहुत मुश्किल हो जाता।



■ 10 दिन में चंद्रमा का चक्कर काटकर लौटेंगे चार अंतरिक्ष यात्री नासा का आर्टेमिस-II मिशन लॉन्च

















